इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

# दैनिक विनय उजाला

अलीराजपुर
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष – 03
वर्ष : 06 अंक : 135
कुल पृष्ठ : 12



खराब गेंदबाजी के कारण धोनी ने काटा अश्विन का पत्ता ... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मस्थली (महू) डॉ. अम्बेडकर नगर में कार्यक्रम को किया संबोधित

# महू आने-जाने वालों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध सरकार की ओर से किया जाएगा : मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुई। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है।**

डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे।

### मुख्यमंत्री ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन पुस्तक का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3 .5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था।

### किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं, सर्वसमाज के नेता : कानिटकर

विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891में आज के दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब अम्बेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं। उन्होंने स्वयं शिक्षित होकर समाज को शिक्षित किया और समाज को रूढ़ीवाद से दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए बाबा साहेब के विचारों का अध्ययन आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंचासीन अतिथियों ने संवैधानिक सामाजिक न्याय : एक चिंतन पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण की भूमि से जुड़ी श्रीराम की नगरी, हिसार एयरपोर्ट ने लगाए लोगों की उम्मीदों को पंख

नई दिल्ली, (हि.स.)

हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट ने सोमवार को श्रीकृष्ण की धरती और श्रीराम की नगरी को जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए पहली व्यावसायिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने अपने संबोधन में हरियाणा के लोगों का अभिवादन धाकड़ लोगों के शब्दों के साथ किया और कहा कि अब हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर रहे हैं।

इस एयरपोर्ट से आसपास के गांवों के लोगों की उम्मीदें भी जागी हैं। बरसों से एयरपोर्ट की बाट जोह रहे लोगों के सपनों को मानो पंख लग गए हों। सोमवार को जब हिसार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली उड़ान कोंी हर झंडी दिखाई, तब लोग भी प्रधानमंत्री के संकल्पों के साथ जुड़ते दिखाई दिए। लोग इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने दूर-दूर से पहुंचे। खासकर महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए मीलों दूर से आईं। खासकर तलवंडी, रायपुर, मिर्जापुर सात रोड और डांसू गांव के लोगों की आंखों में कुछ ज्यादा ही चमक दिखाई दे रही थी। ऐसा इसलिए था, क्योंकि एयरपोर्ट नजदीक होने के कारण उनके गांव के युवाओं को रोजगार और नौकरी की संभावनाएं ज्यादा दिखाई दे रही हैं। एयरपोर्ट के पास के गांव की रहने वाली पूजा बताती हैं कि ग्रेजुएशन करने के बाद नौकरी करने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था लेकिन एयरपोर्ट के शुरू होने से यहां भी रोजगार की संभावनाएं बन रही हैं। वे बताती हैं कि एयरलाइंस वाले भी यहां भर्ती शुरू करेंगे तो फ्रंट ऑफिस में जगह मिलने की संभावनाएं हैं। अभी रोहतक में काम करने जान पड़ता है।

मिर्जापुर से आई नंदनी बताती हैं कि पहले हमें हवाई यात्रा करने के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था लेकिन यहां एयरपोर्ट बनने से हमारा सफर आसान हो जाएगा । हमारा समय और पैसा दोनों बच जायेंगे। शुरुआत होने के बाद चीज़ें रफ्तार से आगे बढ़ेंगी, हिसार से कई शहर जुड़ जाएंगे। रायपुर गांव की मुकेश देवी भी हिसार एयरपोर्ट बनने से काफी खुश हैं। वे बताती है कि यह एयरपोर्ट उनके बेटों के लिए नौकरी की संभावनाओं के साथ हरियाणा के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। खासकर व्यापारियों के लिए भी कई मौके लेकर आया है। पहले यहां गेहूं की फसल लोग काटने जाया करते थे अब यह काम मशीनों से हो रहा है।

### संक्षिप्त समाचार

#### राहुल गांधी 15 अप्रैल से दो दिनों के दौरे पर आएंगे गुजरात

**अहमदाबाद, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौर पर 15 अप्रेल को अहमदाबाद आ रहे हैं। राहुल गांधी यहां कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय राजीव गांधी भवन में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के 43 ऑब्जर्वर, सात सह ऑब्जर्वर और गुजरात कांग्रेस के ऑब्जर्वरों के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस नेता गांधी 16 अप्रैल को अरवल्ली जिले के मोडासा से संगठन सर्जन अभियान का शुभारंभ करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने सोमवार को बताया कि राहुल गांधी ने अगले लोकसभा चुनाव में गुजरात में भाजपा को हराने का चैलेंज दिया है। इसके लिए कांग्रेस चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है।

#### सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट

**मुंबई, (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई और उनके बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही सलमान और उनके परिवार की सुरक्षा का जायजा भी पुलिस ने लिया है। पुलिस के अनुसार फिल्म अभिनेता सलमान खान को मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप पर उनकी कार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी में दावा किया गया है कि वे अभिनेता के घर में घुसकर मारेंगे और उनकी कार को बम से उड़ा देंगे। इस धमकी की शिकायत मुंबई पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कर ली है।




## हर्षा रिछारिया की 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' वृंदावन से हुई शुरू, अलीशा हुई पदयात्रा में शामिल

मथुरा, (हि.स.)

वृंदावन से संभल तक 175 किमी की 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' सोमवार को महाकुंभ की वायरल साध्वी के नाम से मशहूर हर्षा रिछारिया के नेतृत्व में शुरू हुई। इस धार्मिक पदयात्रा ने पहले ही दिन चर्चाओं का केंद्र बनते हुए सामाजिक समरसता और धार्मिक जागरूकता दोनों के संदेश दिए। पदयात्रा की खास बात यह रही कि इसमें एक मुस्लिम युवती अलीशा खान ने भी भाग लिया, जिन्होंने सनातन धर्म में नारी को दिए गए सम्मान की सराहना की।

पदयात्रा की शुरुआत को वृंदावन से हुई। हर्षा रिछारिया ने सुबह भगवान शिव और श्रीराम के मंदिरों में पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद मंत्रोच्चार के साथ वैदिक विधि से पूजा संपन्न हुई। इसके बाद राम दरबार में साष्टांग प्रणाम कर यात्रा की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना की।

पूजा के दौरान ही मंदिर परिसर में हर्षा की चप्पल खो गई, लेकिन उन्होंने इसे ईश्वर की इच्छा मानते हुए नंगे पैर यात्रा शुरू कर दी। यात्रा की शुरुआत जय श्रीराम, हर-हर महादेव और बांके बिहारी की जयघोष के साथ हुई। साधु-संतों और सैकड़ों समर्थकों ने उनके ऊपर फूल बरसाए और भक्ति गीतों के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया। रास्ते में लोग जगह-जगह यात्रा में शामिल हो रहे हैं और यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। वृंदावन में यमुना पुल पर पदयात्रा पहुंची तो हर्षा ने यमुना मैया को प्रणाम किया। वहीं इस यात्रा में एक अनोखा दृश्य उस समय देखने को मिला जब मथुरा के कृष्ण जन्मस्थान के पास रहने वाली मुस्लिम युवती अलीशा खान ने नकाब पहनकर और माथे पर टीका लगाकर यात्रा में भाग लिया। अलीशा ने बताया कि उन्होंने 8 महीने पहले सचिन नाम के युवक से लव मैरिज की है और अब वह सनातन धर्म के प्रति आकर्षित हैं। अलीशा ने कहा कि सनातन में महिलाओं को लक्ष्मी स्वरूप माना जाता है, जबकि हमारे यहां लड़कियों को बंद करके रखा जाता है। वहां इज्जत नहीं है। अलीशा ने बताया कि सनातन में महिलाओं को जो सम्मान मिलता है, वही मुझे इस पदयात्रा में खींच लाया है।

हर्षा रिछारिया ने इस यात्रा को 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' का नाम दिया है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य उन युवक-युवतियों को सनातन धर्म से जोड़ना है, जो पाश्चात्य संस्कृति और आधुनिक विचारधारा के कारण अपने मूल धर्म से दूर हो गए हैं। उनका कहना है कि इस तरह की धार्मिक यात्राएं युवाओं में जागरूकता लाने और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकती हैं।

## प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. सूद ने क्वांटम तकनीक में रणनीतिक स्वायत्तता की वकालत की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने आज क्वांटम के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अनुबंध रणनीति का पहला संस्करण जारी किया। रिपोर्ट का आधिकारिक तौर पर अनावरण पीएसए प्रो. अजय कुमार सूद ने विश्व क्वांटम दिवस 2025 के अवसर पर पीएसए कार्यालय के पॉडकास्ट के दौरान किया, जो हर साल को मनाया जाता है। चूंकि साल 2025 संयुक्त राष्ट्र और सदस्य देशों द्वारा नामित क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी (आईवाईक्यूएसटी) का अंतरराष्ट्रीय वर्ष है, इसलिए यह रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है। प्रो. सूद ने 'क्वांटम प्रौद्योगिकी' के क्षेत्र में स्वदेशी कंपनियों की अनुपस्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आयात पर बहुत अधिक निर्भरता तेजी से उभरते क्षेत्र के नवजात घरेलू परिवेशी तंत्र में व्यवधान पैदा कर सकती है।

## यूपी में डॉ. आंबेडकर के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

लखनऊ, (हि.स.)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर होगा। इस कार्यक्रम को इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। उन्होंने यह बात भारत रत्न डॉ. आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने हजरतगंज स्थित डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने आंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी वर्ष 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में डॉ. आम्बेडकर को कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है।

उन्होंने डा. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू में उनका जन्म हुआ। विलक्षण बुद्धि और कुछ करने की तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड जाने की इच्छा व्यक्त की। महाराजा बडोदरा ने छात्रवृत्ति दी, जिस पर वे वहां गए और दुनिया की उच्चतम शिक्षा की डिग्री हासिल कर वापस भारत आए। उनका एक ही संकल्प था कि कोटि-कोटि वंचितों-दलितों को उनका अधिकार दिलाना है। न सिर्फ देश, बल्कि नागरिकों की आजादी के लिए भी कार्य करना है। वह देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। सपने को साकार करने का प्रयास अटल ने किया, गति मोदी ने दीमुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के सपने को साकार करने का प्रयास पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी ने शुरू किया, जबकि नई गति पीएम मोदी ने दी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा के चलते सैकड़ों परिवार विस्थापित, बंद किया इंटरनेट

कोलकाता, (हि.स.)

वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में जारी हिंसक प्रदर्शनों के चलते सैकड़ों परिवारों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। भयभीत लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं। जिले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी के मद्देनज़र प्रशासन ने मुर्शिदाबाद के साथ-साथ अब पड़ोसी जिलों मालदा और बीरभूम के कुछ इलाकों में भी इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का फैसला किया है।

प्रशासन के मुताबिक मुर्शिदाबाद के सूती, जंगीपुर, धूलियान और शमशेरगंज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पहले ही इंटरनेट सेवा बंद किया जा चुका था। अब कुछ और इलाकों को इस दायरे में शामिल कर लिया गया है। इंटरनेट सेवाएं फिलहाल 15 अप्रैल (मंगलवार) की रात 10 बजे तक बंद रहेंगी। इसके बाद स्थिति की समीक्षा कर आगे निर्णय लिया जाएगा। उधर सूत्रों का दावा है कि मुर्शिदाबाद जिले के धूलियान और शमशेरगंज इलाकों से लगभग 500 परिवारों को हिंसा के चलते विस्थापित होना पड़ा है। इन सभी परिवारों ने मालदा जिले के एक स्कूल में बनाए गए अस्थायी राहत शिविर में शरण ली है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात से राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संयुक्त गश्त के बाद मुर्शिदाबाद में स्थिति कुछ हद तक नियंत्रण में है। हालांकि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं के फैलाव को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखना अब भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुआ है।इसी बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

### हरियाणा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ हो रहा विश्वासघात

नई दिल्ली, (हि.स.)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के यमुनानगर से केंद्र की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले पूरे देश में ब्लैक आउट होते थे। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन नहीं होता तो देश को आज भी ब्लैक आउट का सामना करना पड़ता।**

प्रधानमंत्री मोदी यमुनानगर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में बिजली की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि हमारी सरकार बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए चौतरफा काम कर रही है। चाहे वन नेशन-वन ग्रिड हो, नए कोल पावर प्लांट हों, सोलर एनर्जी हो, न्यूक्लियर सेक्टर का विस्तार हो, हमारा प्रयास है कि देश



प्रधानमंत्री ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को 135वीं जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का विजन और प्रेरणा हमें निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है। यमुनानगर एक सिर्फ शहर नहीं, बल्कि ये भारत के औद्योगिक नक्शे का भी अहम हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि हमारी सरकार बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए चल रही है। बाबासाहेब ने उद्योगों के विकास को सामाजिक न्याय का मार्ग बताया था। बाबासाहेब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था। वो कहते थे कि दलितों के पास खेती के लिए पर्याप्त जगह नहीं है, इसलिए दलितों को उद्योगों से सबसे ज्यादा फायदा होगा।

में बिजली का उत्पादन बढ़े और राष्ट्र निर्माण में बिजली की कमी बाधा ना बने। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस शासन के दिनों को नहीं भूलना चाहिए। 2014 से पहले जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने वो दिन भी देखें है जब पूरे देश में ब्लैक आउट होते थे, बिजली गुल हो जाती थी। अगर आज कांग्रेस की सरकार होती तो देश को आज भी ब्लैक आउट का सामना करना पड़ता। न कारखाने चल पाते, न रेल चल पाती, न खेतों में पानी पहुंच पाता यानी कांग्रेस की सरकार रहती तो ऐसे ही संकट बने रहते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में वर्तमान में 16,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है और उम्मीद है कि यह बढ़कर 24,000 मेगावाट हो जाएगा। एक तरफ हम थर्मल पावर प्लांट में निवेश कर रहे हैं और दूसरी तरफ हम लोगों को खुद बिजली उत्पादक बनने के लिए सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए लोग सोलर पैनल लगाकर अपने बिजली बिल को शून्य कर सकते हैं। वे बची हुई बिजली को ग्रिड को वापस बेच भी सकते हैं। अब तक इस योजना के तहत 1.25 करोड़ से अधिक परिवार पंजीकृत हो चुके हैं।

### जालियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी को किया नमन

प्रधानमंत्री ने जालियांवाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी पर बलिदानी देशभक्तों को नमन करने के साथ ही उस समय विरोध स्वरूप वायसराय की परिषद से इस्तीफा देकर अंग्रेजों को कोर्ट में चुनौती देने वाले सी शंकरन नायर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि बलिदानी देशभक्तों और अंग्रेजों की क्रूरता के अलावा एक और पहलू है जिसे पूरी तरह अंधेरे में डाल दिया गया था। ये पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने के बुलंद जज्बे का है, इस बुलंद जज्बे का नाम शंकरन नायर था। शंकरन नायर एक प्रसिद्ध वकील थे और उस जमाने में अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे, लेकिन उन्होंने विदेशी शासन की क्रूरता के विरुद्ध जालियांवाला बाग हत्याकांड से व्यथित होकर मैदान में उतर गए।

### बाबासाहेब की जयंती पर रेलवे ने दिया उपहार, डॉ अंबेडकर नगर से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** देश में रेल संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार 13 अप्रैल 2025 को नई रेलगाड़ी डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन, जो मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों को भारत की राजधानी नई दिल्ली से सीधे जुड़ने की सौगात मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष, लोकसभा ओम बिरला द्वारा रविवार 13 अप्रैल 2025 को डॉ. अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नई ट्रेन डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार उपस्थित रहे। साथ ही इस दौरान सांसद इंदौर शंकर लालवानी वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़े। इनके अलावा कोटा एवं डॉ. अम्बेडकर नगर शहर के अन्य सांसदों/विधायकों और शहरों के गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूहों के रूप में मौजूद रहते हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक एवं डॉ.अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेल के रतलाम मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक सहित दोनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।







समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में रेलवे की दिशा और दशा दोनों बदली है। अब रेलवे केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि भारत के विकास का इंजन बन चुकी है। वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें भारत की गति, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की प्रतीक हैं। स्पीकर बिरला ने कहा कि यह केवल एक ट्रेन की शुरुआत नहीं, बल्कि विकास, संपर्क और सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाबा साहेब की जन्मस्थली तक यह सीधी रेल सेवा उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। यह ट्रेन कोटा को दिल्ली, इंदौर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ेगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, तीर्थाटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 2028 में उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ कुंभ के दौरान यह सेवा हाड़ौती के श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। समारोह में रेल मंत्री ने कहा कि आज रेलवे के लिए बड़ा ऐतिहासिक दिन है, हमारे भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी जन्मस्थली 'महू' से एक नई ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। इससे महाकाल की नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ के श्रद्धालुओं और इसके आस-पड़ोस के इलाकों में रहने वाले यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा विकल्प प्राप्त होने की आशा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों को अभूतपूर्व रेल बजट राशि आवंटित कि गई है जिससे रेलवे की परियोजनाओं को नई गति मिल रही है। इन परियोजनाओं के चलते रेलवे को नई रफ्तार मिली एवं विकास की ओर अग्रसर हुआ है। इस नई ट्रेन की शुरुआत से कोटा की शिक्षा और उद्योग नगरी के लिए बहुत बड़ी सौगात साबित होगी। राजस्थान और मध्य प्रदेश के पर्यटन/दर्शनीय स्थलों को बढ़ावा देने एवं यात्री सुविधाओं तथा सुगम आवागमन के उद्देश्य से रेलवे द्वारा नई ट्रेन की सौगात के रूप में डॉ. अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। इस ट्रेन का नियमित संचालन भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जन्मस्थली 'महू' शहर के डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के मध्य किया जा रहा है। यह ट्रेन राजस्थान क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सार्वजनिक मांग को पूरा करती हैं। यह ट्रेन राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजधानी नई दिल्ली प्रदेश क्षेत्र के रोजगार, व्यापार, वाणिज्य और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में योगदान देगी। नई दिल्ली-डॉ अम्बेडकर नगर के बीच नई ट्रेन के संचालन से राज्यों के जिलों में पड़ने वाले मध्यवर्ती स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन का लाभ मिलेगा।

#### नई ट्रेन का लाभ

- इस नई रेल सेवा के आरंभ होने से राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा को देश की राजधानी नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश में स्थित महाकाल की नगरी उज्जैन, मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी इन्दौर एवं डॉ. अम्बेडकर नगर से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।
- राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों के अंतर्गत आने वाले पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों जैसे मथुरा, उज्जैन, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, देवास एवं इंदौर के विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दोनों राज्यों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा।
- इस नई रेल सेवा की सौगात से विधार्थियों, व्यापारियों, किसानों एवं आमजन को सीधा लाभ पहुँचेगा।
- राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों के यात्रियों को देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए सीधी ट्रेन की उपलब्धता होगी।

#### नियमित सेवा प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी संख्या 20156/20155 नई दिल्ली-डॉ अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली के बीच नई ट्रेन

यह नई ट्रेन नई दिल्ली-डॉ अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली के मध्य नियमित रूप से दिनांक 14 अप्रैल को नई दिल्ली से एवं 15 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर नगर से चल रही है। इस गाड़ी में वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी कोच है।

गाड़ी संख्या 20156 नई दिल्ली-डॉ. अम्बेडकर नगर ट्रेन नई दिल्ली से रात 23.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन कोटा सुबह 05.20 बजे पहुंचक और दोपहर 12.50 बजे गंतव्य स्टेशन डॉ अम्बेडकर नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20155 डॉ. अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली ट्रेन डॉ. अम्बेडकर नगर से दोपहर 15.30 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन कोटा रात 21.25 बजे पहुंचकर और प्रात: 04.25 बजे गंतव्य स्टेशन नई दिल्ली पहुँचेगी।

गाड़ी के ठहरा : यह नई गाड़ी दोनों दिशाओं में नई दिल्ली-डॉ. अम्बेडकर नगर के बीच हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, भरतपुर, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, शामगढ़, नागदा, उज्जैन, देवास एवं इंदौर स्टेशनों पर रुकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिवेणी नृत्य महोत्सव का आयोजन



**भोपाल ( विनय उजाला )।** नटराज संगीत विद्यालय एवं राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में त्रिवेणी नृत्य महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सेवा भारती को समर्पित एक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रयास था, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विविध रंगों से सजी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्य अतिथि महापौर राय तथा प्रमुख अतिथि संदीप श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बनाया। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। संचालिका श्रीमती खरे ने बताया कि यह महोत्सव बच्चों के माध्यम से समाज सेवा की ओर एक सार्थक कदम है और उन्हें इस आयोजन की सफलता पर गर्व है।

### मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में हुआ तीन दिवसीय ध्यान सत्र संपन्न



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) ध्यान सत्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम द्वारा विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए गए। ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री प्रभाकर दास, श्रीमती संगीता दास, श्री अरविन्द एवं डॉ. नील सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने की मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से भेंट, ताशकंद उज्बेकिस्तान की बैठक के अनुभव किये साझा

**भोपाल, ( हि.स. )।** भाजपा सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर संसदीय संघ की बैठक के अनुभव डॉ. लता वानखेड़े ने मंत्री राजपूत से साझा किये। मंत्री राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरिराम सिंह ,रोशन कुर्मी ,उमेश केवलारी, रवि ठाकुर, संजय सिंह बीना, अर्जुन पटेल, अशोक सिंह सेवन उपस्थित रहे।

# जनता से निरंतर संपर्क ही कार्यकर्ता की पहचान हैं : भगवानदास सबनानी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को तात्या टोपे मंडल के वार्ड 33 के मराठी मोहल्ला भीम नगर में जन संवाद ,चौपाल के द्वारा उनसे संपर्क किया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी महेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्टी के स्थापना दिवस की श्रृंखला में गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है, श्री सबनानी ने सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के मंदिर में दर्शन किए और सभी प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की, साथ ही भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर उपस्थित जनों को डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के विषय में जानकारी दी, उन्होंने कहा कि किस तरह से कांग्रेस द्वारा बाबा साहब को परेशान किया गया और उन्हें संविधान में अनेकों बदलाव करने के लिए उन पर दबाव डाला गया पर हमारे भारत रत्न बाबा साहब किसी भी दबाव में नहीं आए और उन्होंने राष्ट्र एवं जनता के लिए हितकारी संविधान बनाया, अभियान के अंतर्गत ही चौपाल लगाकर उनसे जन संवाद कर उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत करने के साथ ही सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही लाभार्थी संपर्क कर उनसे सरकारी योजनाओं के द्वारा मिले लाभ की जानकारी भी ली गई।

कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य व स्थानीय पार्षद आरके सिंह बघेल जोन अध्यक्ष एवं पार्षद बृजुला सचान टीटी नगर मंडल के अध्यक्ष सोनू पालीवाल महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष कविता अनुरागी महामंत्री आशा पारोचे जितेंद्र मालवीय वे वीनस परिहार राहुल नेगी राजेंद्र मिश्रा शिवचरण साहू किरण तिवारी अर्चना उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

#### रेल भवन में याद किए गए बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर





विनय उजाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर श्री वैष्णव ने बौद्ध धर्म गुरुओं से सशक्त भारत के निर्माण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बौद्ध धर्म गुरुओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर देकर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ श्री सतीश कुमार तथा रेलवे बोर्ड के दूसरे सदस्यों ने भी संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।

### भोपाल एम्स में जूनियर डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने की मारपीट, एक पकड़ाया, दो आरोपी फरार

**भोपाल, ( हि.स. )।** भोपाल एम्स के आपातकालीन विभाग में सोमवार दोपहर मरीज के परिजनों द्वारा कथित रूप से एक जूनियर डॉक्टर के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। घटना के तुरंत बाद अस्पताल के सुरक्षा गार्ड और तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। एक हमलावर को पकड़कर बागसेवनिया पुलिस थाने के हवाले कर दिया गया, हालांकि दो हमलावर फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर को हुई। 39 वर्षीय मरीज संतोष कुमार को गंभीर हालत में येलो ट्रायेज क्रिटिकल एरिया में लाया गया था। ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टर मरीज की गंभीर स्थिति को परिजनों को समझा रहे थे। इसी दौरान तीन युवकों ने डॉक्टर से बहस करते हुए उन्हें गालियां दीं, गला पकड़ लिया, शर्ट फाड़ दी और चेहरे पर हमला किया। इस संबंध में मध्यप्रदेश चिकित्सा सेवा व्यक्ति और चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा और क्षति की रोकथाम) अधिनियम, 2008 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस अधिनियम के तहत दोषियों को 3 से 5 साल की सजा और 50 हजार से दो लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। एम्स के डॉ. संजय मंडलोई ने कहा कि हमारे जूनियर डॉक्टर के साथ न सिर्फ मारपीट हुई है, बल्कि गालियां दी गई हैं। मरीज की स्थिति बेहद नाजुक थी, जिसे लेकर डॉक्टर परिजनों को समझा रहे थे। इस तरह की हिंसा अत्यंत निंदनीय है और हम संस्थान की तरफ से सख्त कार्रवाई करेंगे। वहीं इस पूरे मामले को लेकर बागसेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने कहा हमें एम्स से घटना की सूचना प्राप्त हुई है। डॉक्टर का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और जैसे-जैसे तथ्य सामने आएंगे, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का अभियान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रमोत्सव भारत के उत्कर्ष और नव जागरण का ऐसा अभियान है, जो अब नहीं रुकेगा। विक्रमोत्सव ने भारत की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक गौरव और राष्ट्रीय पुनर्जागरण के अभियान ने एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जनमानस में स्थान बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश विरासत से विकास की थीम के अंतर्गत 14 जनवरी 2025 (संक्रांति) से गीता जयंती तक पूरे प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय और सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं को जन-जन से जोड़ा गया है। इस संकल्पना के केंद्र में हैं उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य, जिन्होंने 57 ईसा पूर्व शकों को पराजित कर विक्रम सम्वत् की स्थापना की थी। विक्रम सम्वत् मात्र एक पंचांग या नववर्ष नहीं, बल्कि यह भारतीय आत्मा, अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल को रामराज्य के बाद सुशासन, धर्म, न्याय और संस्कृति का स्वर्ण युग माना जाता है। उनके नौ रत्नों—कालिदास, वराहमिहिर, धन्वंतरि, अमरसिंह आदि ने साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद और सुरक्षा नीति में अद्वितीय योगदान दिया। उनके समय में भारत की सीमाएँ ईरान, तुर्किस्तान, सुमेर, मिस्त्र तक विस्तृत थीं। वर्ष 2025 का विक्रमोत्सव एशिया का सबसे बड़ा धार्मिक उत्सव और अब विश्व का सबसे दीर्घकालीन एवं बहुआयामी उत्सव बन गया है। इसके प्रथम चरण में 250 से अधिक सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, धार्मिक और साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, नाट्य समारोह, विज्ञान समागम, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, कवि सम्मेलन, ड्रोन शो और श्रेया घोषाल, हंसराज रघुवंशी और आनंदन शिवमणि जैसे कलाकारों की प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।

सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित भव्य महानाट्य की प्रस्तुतियाँ उज्जैन, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद,



प्रयागराज, अयोध्या सहित अनेक नगरों में हो चुकी हैं। इसकी 50वीं ऐतिहासिक प्रस्तुति 12-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले में हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने भी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल को सराहा और प्रशंसा की। इस मंचन में अयोध्या की खोज, मंदिर निर्माण, शासन की न्यायप्रियता, संस्कृतिपरक दृष्टि और सम्राट विक्रमादित्य की सार्वभौमिक विजयों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है।

विक्रमादित्य पर गहन शोध, अभिलेखीय प्रमाण, मुद्राएँ, स्थापत्य और शिलालेख उज्जैन की महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा पिछले 15 वर्षों से संकलित और प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य के कार्यों की ऐतिहासिकता को चीनी यात्री ह्वेनसांग, मध्य-एशिया के इतिहासकार अलबरूनी सहित कई अन्य विदेशी इतिहासकारों ने भी मान्यता दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारत की प्राचीन कालगणना पर आधारित आधुनिकतम नवाचार है। इसका डिजिटल ऐप भी तैयार है, जिसे शीघ्र ही सार्वजनिक किया जाएगा। विक्रमोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, यह भारत की आत्मा को जागृत करने का एक अनवरत अभियान बन चुका है। इसमें शिवरात्रि मेलों, सूर्योपासना, साहित्य, इतिहास, न्याय, खगोल, संगीत, नाट्य और भोजन संस्कृति तक का समावेश है। लाल किले पर आयोजित प्रदर्शनियों में मध्यप्रदेश की उपलब्धियाँ, वैदिक भारत, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा जैसे विषयों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने किया नर्मदा पंपिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण



**मेरे लिए पुरा शहर एक समान है टंकियों मे पानी के वितरण मे कोई भी अधिकारी पार्षद पक्षपात न करेः महापौर**

**इंदौर ( विनय उजाला )।** तड़के सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा नर्मदा पंप स्टेशन पर औचक निरीक्षण किया गया ,महापौर द्वारा बिजलपुर नर्मदा पम्प स्टेशन, पानी कि टंकियों मे वितरण के सिस्टम को मॉनिटरिंग व्यवस्था का अवलोकन किया साथ ही वाचू पॉइंट से आने वाले पानी कम क्यों आ रहा है इसको लेकर अधिकारी कर्मचारियों से जानकारी ली संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर इसके लिए जांच के निर्देश भी दिए, इंदौर तक आने वाले पानी की चोरी को चेक करने के लिए जाँच के निर्देश दिये। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मेरे लिए पुरा शहर एक समान है इसलिए टंकियों मे पानी के वितरण मे कोई भी अधिकारी पार्षद पक्षपात न करें।

### जैन मुनि पर हमला समंग्र जैन समाज में रोष



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** सिंगोली के पास ग्राम कछाला में जैन संतो के ऊपर अमानवीय तरीको से हुए जानलेवा हमले के विरोध में सकल जैन समाज के द्वारा इस घटना क्रम के विरोध में आज दिनांक 14/04/2025 सोमवार को नगर सिंगोली बंद का आह्वान किया गया है धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि विगत हो कि 13 अप्रैल को जैन संत रात्रि विश्राम के लिए कछाला में रुके हुए थे। तभी शाम 7 – 8 बजे कुछ शरारती लोगो ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया इस से संतो को गंभीर चोटें आयी हैं। विश्व जैन संगठन और राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं अध्यक्ष मंयक जैन मांग करते है कि सभी आरोपी शीघ्र पकड़े जाए और उन पर इरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा चलाया जाए। अगर शासन प्रशासन आरोपियों की मुकदमा चलाने में नाकाम रहता है तो पुरे प्रदेश को बंद किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महिला महासभा की श्रीमती सुनिता विनोद जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** सामाजिक निष्ठा व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति अनुपमा जायसवाल के परामर्श एवं उच्च प्रबंधकारिणी समिति सत्र 2028 तक अखिल भारतीय सर्ववर्गीय महिला महासभा की अनुशंसा पर श्रीमती सुनिता जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष इंदौर मध्यप्रदेश जायसवाल सर्ववगीय महिला महासभा के पद पर मनोनीत / नियुक्त किया।

### निष्काषित पार्षद जीतू यादव का वीडियो वायरल, निगम कर्मी से बोले क्षेत्र में मुस्लिमो को बसाओगे

**इंदौर ( मनोहर राजपूत )।** इंदौर के बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा कांड के बाद पार्टी से निष्कासित चल रहे पूर्व एमआईसी मेंबर जीतू यादव (जाटव) का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे इंदौर के कुलकर्णी नगर में बनी एक दरगाह के अतिक्रमण को लेकर उग्र होते दिख रहे हैं। अपने क्षेत्र कुलकर्णी का भट्टा में निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति से कहते नजर आ रहे हैं कि अभी मैं जिंदा हूं और यहीं हूं। यह दुकानदारी बंद करो, तुम्हें कई बार हिंदी में समझा चुका हूं। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक वीडियो रविवार का है। इसमें जीतू यादव नगर निगम कर्मचारियों और एक स्थानीय व्यक्ति को फटकारते हुए नजर आ रहे हैं। वे कहते हैं– अभी मैं जिंदा हूं। कहीं गया नहीं हूं। अभी यहीं हूं।

# संविधान का महाकुंभ : आम नागरिक शपथ विधि समारोह संपन्न

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र। भारतीय संविधान के 75वॉ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी के में KYC (Know Your Constitution) विज़न को साकार करने हेतु मध्य प्रदेश शासन के संसदीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से डॉक्टर अक्षय कांति बम द्वारा संविधान के महाकुंभ का गरिमापूर्ण आयोजन रवींद्र नाट्य गृह में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मानांनीय डॉ. मोहन यादव जी ने भारत के आम नागरिकों को संविधान शपथ दिलाई और इसी के साथ इंदौर इंस्टीट्यूट आफ लॉ ने तीन रिकॉर्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार रिकॉर्ड्स बनाकर अपना नाम इतिहास के पन्नों पर दर्ज कराया। कैबिनेट मंत्री संसदीय कार्यपालन मंत्री माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने समस्त नागरिकों के त्याग, संयम और समर्पण की प्रशंसा की और राष्ट्रगीतों के लिए नमन एण्ड साउन्ड ग्रुप के सदस्यों की सराहना की। नगर महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी, भाजपा से श्री सुमित मिश्रा जी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों द्वारा भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर किया गया साथ ही आइकॉन एजुकेशन सोसायटी द्वारा माननीय अतिथियों के स्वागत किया गया। अन्य गणमान्य अतिथियों ने इस अदभुत एवं अनूठे संविधान के महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा की यह विश्व में पहली बार है जब आम नागरिक अपने संविधान के प्रति प्रतिबद्धता हेतु शपथ ले रहा है साथ ही आपने संविधान के कॉमिक नाट्य मंचन द्वारा संविधान की महत्वपूर्ण बातों को जन-जन तक जनहित में प्रसारित करने हेतु श्री कांतिलाल जी बम एवं श्री अक्षय कान्ति बम को साधुवाद दिया।

आयोजन मे प्रदेश भर से अतिथि के रूप मे श्री तुलसी सिलावट जी, श्रीशंकर ललावानी जी, श्री रमेश मंदोला जी, श्री गोलू शुक्ला जी, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड, श्री महेंद्र हार्डिया जी, श्री मधु वर्मा जी, सुश्री उषा ठाकुर दीदी, श्री मनोज पटेल जी, श्री श्रवण चावडा जी, श्री जीतू जिराती एवं श्री चिंटू वर्मा जी आदि पधारे।

डॉ. महेंद्र सिंह जो की दिल्ली से विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे थे आपने अपनी औजस्वी वाणी से भारत की एतिहासिक ओर पृष्ठभूमि पर अपने विचार प्रकट किए और रामायण से लेकर महाभारत काल तक के भारत का उल्लेखनीय वर्णन किया। साथ ही कार्यक्रम में संविधान पर आधारित कॉमिक पुस्तिका जिसके लेखक मानव चौहान है का नाट्य मंचन रंगरूपिया नाट्य मंडली के कलाकारों द्वारा किया गया, जिसमें संविधान की मुख्य विशेषताओं को रोचक तरीके से आम नागरिकों के मध्य रख संविधान की महती भूमिका को समझाया गया। संस्था द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस महाकुंभ में आइकान एजुकेशन सोसायटी के 1500 छात्र-छात्राओं एवं संस्था के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही और इंदौर शहर के कई विद्यालयों एवं महाविद्यालयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी बनें एवं बड़ी संख्या मे आम नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का सशक्त संचालन प्रो. (डॉ.) मानप्रीत कौर राजपाल एवं प्रो. (डॉ.) बबीता कड़किया द्वारा किया गया।

### शाकाहार ,अहिंसा एवं पर्यावरण संरक्षण मैराथन 20 अप्रैल को

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेराथन के पोस्टर का अनावरण किया

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन रजि के द्वारा अहिंसा,शाकाहार एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागृति मैराथन का विराट आयोजन रविवार 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 6 बजे नेहरू स्टेडियम रेसीडेंसी के सामने,इंदौर से होगा।

यह जानकारी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जिनेश्वर जैन ने देते हुए बताया कि आज हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने इन्दोर प्रवास पर अहिंसा और शाकाहार मेराथन 2025 के पोस्टर का अनावरण किया इस अवसर पर प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र संचेती, दीपक जैन टीनू, नरेन्द्र भंडारी, माइक्रो मिट्टी के मनोज धनोतिया, गीतांजलि आदि उपस्थित थे।

मैराथन के मार्गदर्शक श्री नरेंद्र संचेती ने बताया कि फेडरेशन सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अलावा शहर,प्रदेश ओर राष्ट्र हित के अनेकों कार्य करती है इस वर्ष माइक्रो मिट्टी के सहयोग से इसको बहुत विराट स्वरूप दिया जा रहा है। माइक्रो मिट्टी के फाउंडर श्री मनोज धनोतिया ने कहा कि हम रियल एस्टेट क्षेत्र में काम करते हैं परन्तु इंदौर से हमने एक नई शुरुआत की हैं हम शहर के विकास में हमेशा जनता के साथ है। स्वच्छता और स्वास्थ्य का बड़ा महत्व है अत: हमने फेडरेशन के साथ जुड़कर शहर के स्वास्थ्य की दृष्टि से मैराथन का हिस्सा बने है हमारी सोच है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम स्वस्थ भारत की दिशा में योगदान प्रदान किया।

मैराथन के संयोजक सी ए नरेंद्र भंडारी,रितेश कटकानी, भरत शाह,अखिल चौधरी,रुचिल डोसी, ने बताया कि यह मैराथन 2 किमी, 3.5 किमी, और 5 किमी की होगी जिसमें बचपन से लेकर सीनियर सिटीजन तक भाग लेगे।

फेडरेशन स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन श्री पंकज जैन ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करवाए जिसका शुल्क मात्र 100 रुपए है।

फेडरेशन के महासचिव वीरेंद्र नाहर किरण सिरोलिया अरिहंत जैन एवं माइक्रो मिट्टी की गीतांजलि ने जानकारी देते हुए बताया कि मैराथन प्रतिभागियों को मैडल, टी शर्ट, और स्वल्पाहार प्रदान किया जाएगा।

फेडरेशन के संरक्षक डा नरेंद्र धाकड़,जय सिंह जैन, दिलीप सी जैन,दिलीप सिसोदिया,राजेंद्र सुराणा तथा संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्रकुमार जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा, पियूष जैन, राजेंद्र जैन, संजय नाहर ने सभी से मेराथन में भाग लेने की अपील की है।



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** संविधान निर्माता सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी जी ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि श्री मनीष पारीक, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, मुख्य वक्ता डॉ सीमा सोनी, डॉ विजय कुमार सोनी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ सीमा सोनी ने अपना उद्बोधन में कहा कि डॉ अंबेडकर ने हमें समानता का अधिकार दिया है। उन्होंने उनके शिक्षा फेलोशिप व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा संविधान सभा की प्रवर ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। श्री मनीष पारीक ने कहा कि संविधान हमें जीने की समझ देता है अत: हमें संविधान को प्रतिदिन पढ़ना चाहिए। प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा ने बताया कि महात्मा गांधी तथा अंबेडकर जी ने समानता के अधिकार तथा अस्पृश्यता उन्मूलन पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताएं। साथ ही उन्होंने बताया कि संविधान में यह बताया गया कि सभी मानव बनकर जीवन यापन करें परंतु मानवता लाने का कार्य हमारी स्वयं की नैतिक जिम्मेदारी है।


## कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं, इंदौर संभाग, इन्दौर (म.प्र.)

**क्रमांक/स्टोर/2025/3089** — **इन्दौर, दिनांक 08.04.25**

**-:: विज्ञप्ति प्रकाशन ::-**

वित्तीय वर्ष 2025-26 संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र./राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार समय-समय पर संभाग पर विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रशिक्षण/समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित किये जाने हेतु इन्दौर शहर स्थित होटल के सभा कक्ष, हाल, कमरे प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान नाश्ता, चाय एवं भोजन की व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें इन्दौर संभाग इन्दौर के नाम से निविदाकार निविदा फार्म विज्ञापन प्रकाशित के दिनांक से 21 दिवस तक www.mptenders.gov.in से रुपये 100/- का भुगतान कर ऑनलाईन प्राप्त कर सकते हैं। समस्त दस्तावेजों की हार्ड कापी अंतिम तिथि के पहले इस कार्यालय के भंडार शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करायें।

**G-11521/25**

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**क्षेत्रीय संचालक,**
**स्वास्थ्य सेवाऐं, इन्दौर संभाग,**
**इन्दौर ( म.प्र. )**



## कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर, जिला-इन्दौर ( म0प्र0 )

क्रमांक/622/निर्वाह/25 — सांवेर/दिनांक 09/04/2025

**:- तृतीय निविदा सूचना -:**
**( वार्षिक ई-ठेका वर्ष 2025-26 )**

म0प्र0 जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन सब जेल सांवेर जिला-इन्दौर (म0प्र0) में परिरूद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2025-26 के लिए खाद्यान्न, सब्जियाँ, स्वच्छता, भवन निर्माण, विद्युत, दवाईयाँ तथा अन्य सामग्रीयाँ क्रय करने हेतु वार्षिक ई-निविदायें अधीक्षक केन्द्रीय जेल इन्दौर के पत्र क्रमांक 35/प्रवाह/2025 इन्दौर, दिनांक 06/01/25 के द्वारा कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अत: इच्छुक समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारी को सूचित किया जाता है कि निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्री-बिड मिटिंग | 25.04.2025 प्रात: 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर |
| 02 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 05.05.2025 सायं 5.00 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं। |
| 03 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.05.2025 सायं 5.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 04 | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 13.05.2025 प्रात: 11.00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर |
| 05 | नमूनों का गणुवत्ता परीक्षण की तिथि | 13.05.2025 दोपहर 01.00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर |
| 06 | तकनीकि निविदा खोलने की तिथि | 23.05.2025 सायं 5.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर |
| 07 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 26.05.25 दोपहर 01.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सांवेर |

नोट :- ई-निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन सिस्टम पर क्रेडित कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक सब जेल सांवेर द्वारा की जायेगी।

**G-11529/25**

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

**जेल अधीक्षक**
**सब जेल सांवेर ( म0प्र0 )**


### नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने गीता भवन स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**इंदौर, नप्र।** बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने गीता भवन स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की खुशी में पर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री तुलसी सिलावट, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव,नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा,महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला,श्री सूरज केरो,श्री आलोक दुबे,डॉक्टर निशांत खरे, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता,श्री गोपीकृष्ण नेमा,श्री दीपक जैन टीनू,श्री हरिनारायण यादव,श्री घनश्याम शेर,श्री मुकेश राजावत,अशोक अधिकारी,श्री हरप्रीत बक्शी, श्री राजेश शिरोडकर,श्री भारत पारीख,श्री अमर पेंढारकर,दिनेश वर्मा, श्री अजय सिंह नरूका,सुश्री रूपाली पेंढारकर,रितेश तिवारी,श्री नितिन द्विवेदी भी उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 01/2025-26 — शाजापुर, दिनांक 08.04.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 11 |
| 1 | 415802 | शाजापुर | सड़क निर्माण | लसुडिल्या मलक से कोठड़ी मार्ग लम्बाई 6.70 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 485.39 | दस्तावेज ऑनलाईन ही मान्य किये जावेगें |
| 2 | 415803 | शाजापुर | सड़क निर्माण | लड़ावद पहुंच मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 412.39 | |
| 3 | 415804 | शाजापुर | सड़क निर्माण | केथलाय, लाहोरी, देवलाबिहार पहुंच मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. एवं दुपाड़ा पहुंच मार्ग गिरवर-करेड़ी मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 346.70 | |
| 4 | 415805 | शाजापुर | सड़क निर्माण | आगर-सारंगपुर मार्ग से मण्डोदा-करजू मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 229.12 | |
| 5 | 415806 | शाजापुर | सड़क निर्माण | भनाबावड़ी से लोरास पहाड़ी (बावड़ीखेड़ा) मार्ग लम्बाई 3.29 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 258.17 | |
| 6 | 415807 | शाजापुर | सड़क निर्माण | सेमला जोड़ से निपानिया हिसामुद्दीन मार्ग लम्बाई 3.04 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 272.91 | |
| 7 | 415809 | शाजापुर | सड़क निर्माण | सादनखेड़ी से चारखेड़ी मार्ग लम्बाई 3.08 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 246.32 | |
| 8 | 415810 | शाजापुर | सड़क निर्माण | फरड़ से हायर सेकेण्डरी स्कूल फरड़ मार्ग लम्बाई 3.08 कि.मी. का निर्माण कार्य एवं सुकल्या से देहरीघाटा मार्ग लम्बाई 2.59 कि.मी. मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 407.29 | |
| 9 | 415811 | शाजापुर | सड़क निर्माण | लसुडिल्या गौरी से धौलपुर मार्ग मार्ग लम्बाई 3.67 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 303.67 | |
| 10 | 415812 | शाजापुर | सड़क निर्माण | जोगखेड़ी से गोंदी जोड़ मार्ग लम्बाई 3.25 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 287.35 | दस्तावेज ऑनलाईन ही मान्य किये जावेगें |
| 11 | 415813 | शाजापुर | सड़क निर्माण | अरनियाखुर्द से बेगमखेड़ी मार्ग लम्बाई 4.07 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 409.74 | |
| 12 | 415814 | शाजापुर | सड़क निर्माण | देवली से खाटसुर मार्ग लम्बाई 4.86 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 405.40 | |
| 13 | 415815 | शाजापुर | सड़क निर्माण | नेवलखेड़ी से खामखेड़ा मार्ग लम्बाई 2.835 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 298.74 | |
| 14 | 415816 | शाजापुर | सड़क निर्माण | धुबोटी से ढाबला हुसेनपुर मार्ग लम्बाई 1.69 कि.मी. मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 248.62 | |
| 15 | 415817 | शाजापुर | सड़क निर्माण | अरनियाकलां से शिवपुरी मार्ग लम्बाई 3.15 कि.मी. मय पोल शिफ्टींग कार्य | प्रथम | 288.86 | |
| | | | | कुल योग | | 4900.67 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 25.04.2025, 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**G-11510/25**

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग, ( भ./स. )**
**संभाग शाजापुर ( म.प्र. )**



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म0प्र0)

फोन :- 07292-234702, Email-modgmdha@mp.gov.in

पत्र क्रमांक/1093/खनिज/2024-25 — धार दिनांक 08/04/25

(म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है, कि, आवेदिका अंजू कवछे पिता श्री रतनसिंह कवछे निवासी 92 हिम्मत नगर पालदा इंदौर म0प्र0 के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10/03/2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 12/05/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.govin पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | पैकी रकबा हैक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धार | पीथमपुर | कल्याणसी-खेड़ी | 414 | 1.160 | शासकीय भूमि | गिट्टी/पथर, मुरम एम-सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 1.160 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियमावली 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाश के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियासत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं किया जाएगा।

**G-11501/25**

"स्वच्छता ही सेवा"

**जिला खनि अधिकारी**
**खनिज शाखा**
**कार्यालय कलेक्टर जिला धार**

# सम्पादकीय

## मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में शनिवार को रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा। जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवतः यही कारण रहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी पड़ोसी पहले' नीति और महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

## सुविचार

अहं को तुष्ट कर मैं को खुश रखना सरल है, किंतु अहं को त्याग कर मैं को खुश रखना सरलता देने वाला है।

**- कल्पना जैन इंदौर**

इस प्रकृति का एक नियम यह भी है, कि यहाँ सदैव एक दूसरे द्वारा अपने से दुर्बल को ही सताया जाता है। दु:खों के साथ भी ठीक ऐसा ही होता है। जितना आप दु:खों से भागने का प्रयास करोगे उतना दु:ख तुम्हारे ऊपर हावी होते जायेंगे।

**- अशोक परमार, आष्टा, मप्र**

आवाज ऊँची होगी तो कुछ लोग सुनेगें... किन्तु बात ऊँची होगी तो बहुत लोग सुनेगें!!!

**- राजेन्द्र मकवानी, इंदौर**

सफलता का मुख्य आधार सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास है।

**- ताहिर अली, भोपाल**

परमात्मा कहते हैं मेरे लाडले बच्चों, परिपक्वता तब नहीं कहेंगे, जब आप बड़ी-बड़ी बातें करने लग जाते हो, परिपक्वता तब कहेंगे, जब आप छोटी-छोटी बातों को भी समझने लग जाते हो।

**- लता मसलविया, इंदौर**



**इंदौर ( विनय उजाला )।** श्री वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज संघ इंदौर सामूहिक विवाह समिति के पदाधिकारीगण शाजापुर नीरज जी वैष्णव, ईश्वर जी वैष्णव, सुरेश माड़साब, वरुण जी बैरागी को शाजापुर वैष्णव बैरागी समाज को सामूहिक विवाह पत्रिका निमंत्रण दिया पश्चात नलखेड़ा जगदीश बैरागी को भी आमंत्रित किया। बाद बगलामुखी माता के दर्शन कर प्रदान पुजारी मुख्य के साथ चर्चा कर फोटू सेशन हुआ।

### जन्मदिवस पर विशेष : श्री आई.आर.कुमार

## मैनेजमेंट के व्यक्ति ने पुस्तकालय विज्ञान को अपनाया, अद्भुत

विनय उजाला



एक अदभुत, अनजान, आकर्षक, लम्बा पूरा, गौर वर्ण, गोल्डन फ्रेम का चश्मा, सूटेड, बूटेड, टाई पहनने के शौकीन जेंटलमैन, मात्र 15 वर्ष का इंदौर प्रवास होकर इंदौरी हो गए। मैनेजमेंट के व्यक्ति ने पुस्तकालय विज्ञान को अपनाया। पुस्तकालय विज्ञान के मर्म को जाना। देश दुनिया के पुस्तकालय विज्ञानियों से सम्मानित रिश्ते रख पुस्तकालय विज्ञान विषय पर अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठिया इंदौर में आयोजित कराई गई। श्री कुमार सर ने लाइब्रेरियन एक नाटक पुस्तक भी लिखी है। इस नाटक का इंदौर में दो बार मंचन भी हुआ।

आपके एक आदर्श पुत्र श्री विजय कुमार एवं पुत्रवधू श्रीमती पूजा कुमार हैं जो अपने पापा को सर आंखों पर रख उनकी कराह को कानों में बसाकर रखते हैं। श्री विजय कुमार पिता सेवा के आदर्श हैं। जन्मदिवस पर विनय उजाला बेलफेअर सोसायटी की ओर से हार्दिक बधाइयाँ, शुभकामनाएं. आज के दिन परमात्मा का सानिध्य शरीरस्थ आत्मा से होता है.आप सचेतक मन से प्रयास करें तो परमात्मा की उपस्थिति का अनुभव कर सकते हैं.आज परमात्मा का दिव्य आशीष भी प्राप्त होता है वही उसका अनुपम उपहार होता है.वह अपने मूल एकाकार से जीव को ज्योतिर्मय कर देते हैं. इस अवसर पर मनुष्य जितना ग्रहणशील होगा तदनुसार ही परमेश्वर उसे शक्ति, कृपा और प्रसाद देता है जो अपनेआप में समाहित हो जाता है.आज के दिन वह हमारी अभीप्सा की ज्वाला को अधिक शक्तिशाली और प्रकाशवान करते हैं. यह एक गुप्त क्रिया है यदि इस पर विचार न करें तो हम उक्त दिव्य आशीष से वंचित रह जाते हैं।

आज हमारी अंतरात्मा शरीर से ऊपर की चेतना की ओर यात्रा करती है जिससे हमें शक्ति, प्रकाश, प्रेम, आनंद प्राप्त होता है अर्थात जीवन उत्तरोत्तर दिव्य, दिव्यतर एवं दिव्यतम बनकर पूर्ण भागवत जीवन में बदल जाता है।

---

**दरअसल, अल्प, मध्यम व दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है और यह सब कार्य उसी के अनुसार चल रहा है। डीआरडीओ के एक अन्य अधिकारी का कहना है, डीईडब्लू अपनाकर दुनियाभर की सेनाएं सस्ते रक्षा समाधान की तलाश कर रही हैं ताकि कम-खर्च में किये जाने वाले ड्रोन हमलों का मुकाबला किया जा सके।**

# भारत अब हवा में ही खत्म कर देगा दुश्मन के नापाक इरादे...!

विजय कपूर









भारत अब उन गिनती के देशों- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, इंग्लैंड व इजराइल की कतार में शामिल हो गया है, जिनके पास स्टार-वार्स जैसे डायरेक्टिड एनर्जी वेपन्स (डीईडब्लू) हैं, जबकि ईरान व तुर्की का दावा है कि डीईडब्लू उसकी सक्रिय सेवा में हैं और पाकिस्तान सैन्य-ग्रेड 'के' यह हथियार विकसित करने में लगा हुआ है। इस बैसाखी (13 अप्रैल 2025) को भारत ने पहली बार प्रदर्शित किया कि उसके पास शक्तिशाली 30-किलोवाट लेज़र आधारित सिस्टम को प्रयोग करने की क्षमता है, जिससे वह छोटे रिमोट-नियंत्रित एयरक्राफ्ट, स्वार्म ड्रोन्स, मिसाइल व सेंसर्स को अक्षम, बेकार या नष्ट कर सकता है। भारत में रक्षा हेतु इस हथियार की ज़रुरत काफी समय से शिद्दत से महसूस की जा रही थी। गौरतलब है कि 2019 के मध्य में ड्रोन के ज़रिये पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स व हथियार गिराये गये थे और तब पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र से इन घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की थी। संदेह यह था कि सुरक्षित फासले से ड्रोन का प्रयोग आतंकी हमला करने के लिए भी किया जा सकता है। हुआ भी यही कि 27 जून 2019 की सुबह जम्मू एयरपोर्ट में आईएएफ स्टेशन पर संदिग्ध क्वैडकॉप्टर से आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस) गिराये गये, जिनसे पांच मिनट के भीतर दो कम-तीव्रता वाले विस्फोट हुए, जिनमें बिल्डिंग की छत में छेद हो गया और टेक्निकल क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे दो जवान घायल हो गये। आईएएफ स्टेशन पाकिस्तान की सीमा से मात्र 14 किमी के फासले पर है।

भारत में पहली बार ड्रोन से हुए हमले के लिए लश्कर पर शक था। इसलिए इस ड्रोन-रूपी नये आतंक के परों को काटने के लिए जल्द टेक्नोलॉजिकल समाधान तलाश करना आवश्यक हो गया था, खासकर इसलिए कि ड्रोन को इतनी कम ऊंचाई पर उड़ाया जा सकता है कि उसे राडार के ज़रिये पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। अब इस ज़रूरत को पूरा कर लिया गया है। आंध्र प्रदेश के कुरनूल नेशनल ओपन एयर रेंज में 3.5 किमी की दूरी तक छोटे फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट, सात ड्रोनों के झुण्ड और साथ ही 'ब्लाइंड' सर्विलांस कैमरा व ड्रोनों पर चढ़े सेंसर्स को नष्ट करने के लिए ज़मीन पर तैनात लेज़र-डीईडब्लू मार्क-11(ए) से अनेक परीक्षण किये गये जोकि सफल रहे। डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन सिस्टम्स) डा. बीके दास के अनुसार, महंगे मिसाइल व गोला बारूद वाले 'काइनेटिक किल्स' की तुलना में 'बीम किल्स' अत्यधिक शक्तिशाली व पुन:प्रयोग किया जाने वाला हथियार है। प्रति किल (हमला) इसमें कम खर्च आता है। जिस प्रकार के आजकल हम लम्बे युद्ध देख रहे हैं, उनमें यह विशेषरूप से सस्ता पड़ता है। यह भविष्य की टेक्नोलॉजी है।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि 30-किलोवाट का वाहन-आधारित इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडी-आईएस) का विकसित किया जाना भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो इस प्रकार की सस्ती ड्रोन-रोधी व्यवस्था को बनाने के मामले में अन्य देशों से पिछड़ गया था। अब चुनौती यह है कि इस सिस्टम का छोटा संस्करण तैयार किया जाये ताकि उसे हवाई प्लेटफार्म व वॉरशिप्स पर भी तैनात किया जा सके। सशस्त्र बलों ने अभी तक 2-किलोवाट लेज़र क्षमता के 23 आईडीडी-आईएस ही तैनात किये हैं, जिनमें लगभग 400 करोड़ रूपये का खर्च आया है। वैसे डीआरडीओ ने 10-किलोवाट लेज़र भी विकसित कर लिया है। लेकिन इनकी मारक क्षमता मात्र 1 से 2 किमी ही है। लेकिन इन दोनों सिस्टम्स का अभी बड़ी संख्या में उत्पादन नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त सीमित संख्या में कुछ अन्य सिस्टम्स का भी आयात किया गया है, जैसे इजराइल से 'स्मैश-200 प्लस', जिसे राइफल पर चढ़ाकर दोनों दिन व रात में दुश्मन ड्रोनों को नष्ट किया जा सकता है। डा. दास के अनुसार, लेज़र-डीईडब्लू मार्क-11(ए) का परीक्षण गर्म मौसम या अत्यधिक तीव्र स्थितियों में 3.5 किमी रेंज (मारक क्षमता) के लिए किया गया। यूजर ट्रायल्स 1 से 1.5 वर्ष के भीतर किये जा सकते हैं। उत्पादन के लिए डीआरडीओ कम्पनियों को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर कर रहा है।

दुनियाभर में अब मानवरहित हवाई सिस्टम्स की भरमार होती जा रही है। फलस्वरूप बहुत तेज़ी से घातक ड्रोन झुंडों (स्वार्म) का असमतल खतरा बढ़ता जा रहा है। इसलिए डीआरडीओ 50 से 100 किलोवाट पॉवर लेवल के डीईडब्लू पर भी कार्य कर रहा है और साथ ही हाई-एनर्जी माइक्रोवेव्स पर भी काम चल रहा है। दरअसल, अल्प, मध्यम व दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है और यह सब कार्य उसी के अनुसार चल रहा है। डीआरडीओ के एक अन्य अधिकारी का कहना है, डीईडब्लू अपनाकर दुनियाभर की सेनाएं सस्ते रक्षा समाधान की तलाश कर रही हैं ताकि कम-खर्च में किये जाने वाले ड्रोन हमलों का मुकाबला किया जा सके। कुछ सेकंड के लिए डीईडब्लू फायर करने पर चंद लीटर पेटोल्ल जितना ही खर्च आता है। इसलिए विभिन्न प्रकार के निशानों को पराजित करने के लिए इसमें दीर्घकालीन व कम खर्च की क्षमता है।

इस क्षेत्र में कुछ देश बहुत आगे निकल गये हैं। मसलन, अमेरिका पहले ही हेलीओस (हाई एनर्जी लेज़र विद इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल डेज़लर एंड सर्विलांस) को फ्रंटलाइन वॉरशिप्स पर तैनात कर चुका है ताकि सशस्त्र ड्रोनों, मिसाइल व फ़ास्ट-अटैक क्राफ्ट को नष्ट किया जा सके। यह 60 किलोवाट लेज़र है और इसकी क्षमता को 120 किलोवाट तक बढ़ाया जा सकता है। इजराइल 100 किलोवाट 'आयरन बीम' लेज़र वेपन सिस्टम तैनात करने की तैयारी में है, जिसकी रेंज 10 किमी होगी। इंग्लैंड अपनी वॉरशिप्स के लिए 'ड्रैगन फायर' विकसित कर रहा है। यह सही है कि काइनेटिक हथियारों की तुलना में निशानों पर लेज़र बीम से हमला रोशनी की रफ्तार से किया जा सकता है और यह सस्ता भी पड़ता है, लेकिन डीईडब्लू का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाना अब भी शेष है।

बहरहाल, डीईडब्लू का उपयोग आतंकी हमलों को बेअसर करने में बहुत कारगर हो सकता है। आतंकी गुट बहुत तेज़ी से आधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाते जा रहे हैं। सितम्बर 2019 में ईरान-समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की अरामको आयल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया था, जिससे पूरा संसार सकते में आ गया था। उसी वर्ष जम्मू कश्मीर व पंजाब में भी आतंकियों द्वारा ड्रोन इस्तेमाल किये जाने की खबरें प्रकाश में आयीं। पिछले साल मणिपुर में भी आतंकी संगठनों ने ड्रोन से हमले किये थे। खतरा यह भी है कि आतंकी ड्रोन का प्रयोग जैव या रासायनिक एजेंट्स को डिलीवर करने के लिए भी कर सकते हैं। इसलिए भारत के सैन्य व पुलिस बलों को बहुत तेज़ी के साथ इस 'गैर-परम्परागत हवाई युद्ध' का मुकाबला करने के लिए डीईडब्लू से लैस करना पड़ेगा। उन्हें प्रभावी ड्रोन-रोधी टेक्नोलॉजी से लैस करना होगा ताकि वह दोनों 'सॉफ्ट-किल' व 'हार्ड-किल' में सक्षम हो जायें। 'सॉफ्ट-किल' का अर्थ है जैमिंग व स्पूफिंग सिस्टम्स के ज़रिये इस प्रकार के ड्रोनों के सैटेलाइट या वीडियो कमांड-एंड-कंट्रोल लिंक को तोड़ दिया जाये और 'हार्ड-किल' से मुराद है कि लेज़र-आधारित डायरेक्टिड एनर्जी वेपन्स (डीईडब्लू) से ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया जाये।

**( लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं )**

---

# जॉब मार्केट 2025 : अब की जैसी प्रतिस्पर्धा,पहले कभी न थी

नरेंद्र कुमार





जॉब मार्केट पर लिंक्डइन की ताजा रिपोर्ट 'स्किल्स ऑन द राइज 2025' को देखें तो पता चलता है कि जॉब मार्केट में अब के जैसी प्रतिस्पर्धा पहले कभी न थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक़ नियोक्ता आज के तेजी से बदलते व्यावसायिक परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए अपने एम्पलायी में तकनीकी विशेषज्ञता और सॉफ्ट स्किल के मिश्रण की तलाश करते हैं। वास्तव में डिजिटल परिवर्तन, एआई उन्नति और मानव-केंद्रित कौशल की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण पूरी दुनिया के जॉब मार्केट की हालत बहुत टाईट हो गयी है। इस कारण जॉब मार्केट बहुत तेजी से नए रूप रंग में ढल रहा है। वैसे भी जैसे-जैसे उद्योग नई चुनौतियों के अनुकूल ढलते हैं, पेशेवरों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए उभरते कौशल रुझानों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी हो जाता है।

**जब आया था कंप्यूटर :** कई दशकों पहले भारत में जब कम्प्यूटर आया था,तो वर्षों तक करीब करीब हर क्षेत्र में तमाम पुराने कर्मचारियों ने अपनी जिद के चलते कंप्यूटर से छत्तीस का आंकड़ा बनाकर रखा था। बैकों,अखबार के दफ्तरों आदि में कंप्यूटर न सीखने की जिद में अड़े अनेक कर्मचारियों ने सालों मनमानी की थी। लेकिन कंप्यूटर ने पारंपरिक कर्मचारियों को जो एडजस्ट होने या अपनी जिद में करियर पूरा कर लेने की जो छूट दी थी,वह छूट आज की डिजिटल टेक्नोलोजी और एआई कुशलता नहीं देती। अगर आप इन तकनीकों से तालमेल नहीं बिठा पाते यानी इन्हें नहीं सीख पाये तो आपको एक दिन की भी जॉब मार्केट में मोहलत नहीं मिलती,आपको यहां से बोरिया बिस्तर बांधकर दफा होना ही पडेगा। अगर प्रतिस्पर्धा और परेशानी को इन कसौटियों में कसकर देखें तो साल 2025 में जैसी जॉब प्रतिस्पर्धा है,वैसी अब के पहले कभी नहीं थी। इसके पीछे कई वजहें हैं जैसे टेक्नोलॉजी, जनसंख्या वृद्धि, और बदलते वर्क ट्रेंड्स ।

**एआई और रोबोटिक्स :** आज जॉब मार्केट में एआई और रोबोटिक्स ने कई जॉब्स को रिप्लेस कर दिया है, खासकर डेटा एंट्री, मैन्यूफैक्चरिंग, कस्टमर सर्विस जैसे फील्ड में। कंपनियां कम से कम लोगों से ज्यादा से ज्यादा काम करवाने के लिए ऑटोमेशन को अपना रही हैं। जबकि भारत में हर साल लाखों स्टूडेंट्स ग्रेजुएट हो रहे हैं, लेकिन जॉब ग्रोथ उसी गति से नहीं बढ़ रही। चूंकि सरकारी नौकरियों की संख्या सीमित हो गयी है और दिनोदिन और घट रही हैं,इसलिए प्राइवेट सेक्टर में ज्यादा प्रतिस्पर्धा हो रही है।

**वर्क-फ्रॉम-एनीवेयर कल्चर :** एक ज़माना था,जब जहां आप काम करते हैं,वहीं रहना होता था,लेकिन आज हाई इंड कम्यूनिकेशन तकनीक के कारण दर्जनों क्षेत्रों के काम दुनिया में कहीं बैठे हुए कर सकते हैं। वर्क-फ्रॉम-होम और रिमोट वर्क कल्चर की वजह से यूरोप और अमेरिका की हजारों कंपनियां आज भारत में रह रहे कर्मचारियों से काम करा रही हैं। यह एनीवेयर कल्चर ही है, जिसकी वजह से आज भारत के सस्ते श्रमिक दुनियाभर के कामगारों के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा पेश कर रहे हैं। लेकिन यह एकतरफ़ा नहीं है आज अगर भारतीय दुनियाभर से जॉब उठा रहे हैं तो भारतीय जॉब मार्केट में भी हजारों विदेशी विदेशी फ्रीलांस एक्सपर्ट्स के तौरपर काम करके भारतीय टैलेंट को चुनौती दे रहे हैं।

**मजबूत होता गिग कल्चर :** आज कंपनियां फुल-टाइम जॉब की बजाय कॉन्ट्रैक्ट और फ्रीलांसर्स को प्राथमिकता दे रही हैं। इसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम और अस्थायी नौकरियां ज्यादा हो रही हैं। दरअसल सभी इंडस्ट्रीज में जिस स्तर की न्यू टेक्नोलोजी की डिमांड है,उसके कारण टेक्नो एक्सपर्ट लोगों की डिमांड बहुत ज्यादा है जिससे कहीं स्थायी नौकरी करने की बजाय वो फ्रीलांस वर्क को वरीयता देते हैं। यह भी स्थिति बनी है कि हाल के सालों में बड़ी तेजी से पुरानी स्किल्स अप्रासंगिक हो गयी हैं और नई टेक्नोलॉजी पर पकड़ न रखने वालों के लिए नौकरियां दिन पर दिन बहुत कम हो रही हैं। आज करीब करीब सभी कंपनियों को डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स जैसी नई स्किल्स वाले लोग चाहिए।

### इस स्थिति से कैसे निपटें ?

#### हाई-डिमांड स्किल्स सीखें

टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली बनें। डेटा साइंस, आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी स्किल्स सीखना आज बहुत जरूरी है। इसके साथ ही डिजिटल मार्केटिंग, एसईओ, ग्राफिक डिजाइनिंग, यूआई/वीएक्स जैसी स्किल्स फ्रीलांसिंग में भी मदद कर रही है। हेल्थकेयर, बायोटेक और ग्रीन एनर्जी में करियर बनाएं, जहां नौकरियों की मांग बनी हुई है।

#### मल्टी-स्किल्ड बनें

आज दुनिया में जो शख्स सिर्फ एक ही स्किल जानता है उसके सामने असुरक्षा की तलवार लटकती रहती है। इसलिए करियर के नजरिये से सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं तो मल्टी-स्किल्ड बनें। लगातार अपने को अपग्रेड बनाने के लिए कोर्स और सर्टिफिकेशन करें ताकि आपकी वैल्यू मार्केट में बनी रहे। अगर संभव हो तो इंटरनेशनल लेवल की कोई स्किल्स डेवलप करें, जिससे आप ग्लोबल जॉब मार्केट में भी अप्लाई कर सकें।

#### पर्सनल ब्रांडिंग करें

लिंक्डइन प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स पर एक्टिव रहें। ब्लॉग, यूट्यूब, ऑनलाइन कोर्सेस के जरिए अपनी पर्सनल ब्रांडिंग करें। साथ ही इंडस्ट्री लीडर्स और एक्सपर्ट्स से कनेक्ट होकर नए अवसर खोजें। साथ ही भारत के बाहर भी नौकरी के अवसरों पर नजर रखें। अगर एकाध विदेशी भाषा जैसे जर्मन, जापानी, फ्रेंच या चीनी आदि सीख लेते हैं तो सोने में सुहागा है। इस तरह देखें तो साल 2025 में जॉब मार्केट पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है, लेकिन अगर सही स्किल्स और अप्रोच अपनाई जाए, तो नौकरी पाना मुश्किल नहीं है। टेक्नोलॉजी, नेटवर्किंग और अपस्किलिंग पर ध्यान देकर आप इस प्रतिस्पर्धा से निपट सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

---

# बारिश की दो बूंदों की कहानी



हालांकि शिमला में रिज दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण वाटरशेड में से एक है, शिमला के ऐतिहासिक मॉल रोड पर आराम से टहलना, विंडो शॉपिंग करते हुए और पुराने बुटीक कैफे में कॉफी का आनंद लेते हुए शायद इस क्षेत्र के गहन भौगोलिक महत्त्व को हम पूरी तरह से सराह नहीं पाते हैं। रिज के उत्तर में पडने वाली वर्षा, धाराओं के जरिए बहती हुई, आखिरकार सतलुज नदी में मिल जाती है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए सतलुज नदी रास्ते में कई सहायक नदियों को समेटती है। प्रसिद्ध भाखड़ा और नांगल बांध को पार करने के बाद, सतलुज नदी पंजाब से होकर पाकिस्तान में फिरोजपुर के पास प्रवेश करती है, जहां स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का ऐतिहासिक स्मारक स्थित है। वहां से सतलुज चिनाब नदी और फिर सिंधु नदी में मिलती है और नदी की यात्रा तब समाप्त होती है, जब यह अरब सागर के रेतीले पानी में मिल जाती है। यानी रिज के उत्तर में गिरने वाली बरसाती बूंदें एक अद्भुत यात्रा की शुरुआत करती हैं, जो अरब सागर में जाकर समाप्त होती है। तो रिज के दक्षिण में गिरने वाली बरसाती बूंदों का क्या होता है? ये शिवालिक पहाडियों से होकर गिरती हैं, गिरी नदी में समाहित होती हैं, जो फिर यमुना नदी में मिलकर हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से गुजरते हुए प्रयागराज के संगम पर गंगा से मिलती हैं, जहां हर 12 वर्ष में महाकुंभ मेला आयोजित होता है। रिज के दक्षिण में गिरने वाली बरसाती बूंदें एक अलग रास्ता अपनाती हैं, सुंदरबन के रास्ते होते हुए, जो शाही बंगाल टाइगर का घर है, अंत में बंगाल की खाड़ी में मिल जाती हैं। दो बरसाती बूंदें, जो कुछ फीट की दूरी पर गिरती हैं अलग-अलग रास्तों पर जाती हैं, एक अरब सागर की ओर और दूसरी बंगाल की खाड़ी की ओर। हिमाचल प्रदेश में एक और महत्त्वपूर्ण वाटरशेड कुंजम दर्रा है, जो 4,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और चीन की सीमा पर लाहुल-स्पीति घाटियों को विभाजित करता है। कुंजम दर्रे के पश्चिम में गिरने वाली वर्षा की बूंदें पश्चिम की ओर बहती हैं, जिसमें आश्चर्यजनक चंद्रताल झील और अन्य ग्लेशियरों की धाराएं शामिल होती हैं। संगम के नाम से जाने, जाने वाले स्थान पर चंद्रा नदी भागा नदी से मिलती है, जो बारालाचा दर्रे से धाराएं लाती है। दोनों नदियां मिलकर चंद्र भागा नदी या चिनाब बनती हैं। सतलुज की तरह ही चिनाब सिंधु से मिलती है और अरब सागर में बहती है। अब कुंजम पास के पूर्व में गिरने वाली बरसाती बूंदों का क्या होता है? वे अद्भुत स्पीति घाटी, जो पृथ्वी के सबसे सुंदर परिदृश्यों में से एक है, से होकर यात्रा करती हैं। जैसे-जैसे स्पीति नदी पूर्व की ओर बढ़ती है, रास्ते में मुख्य सतलुज नदी और चीन से आने वाली इसकी अन्य सहायक नदियां इसमें मिल जाती हैं। इन विलयों के बाद नदी सतलुज के रूप में आगे बढ़ती है और अंत में अरब सागर में मिल जाती है।

इस प्रकार कुंजम पास के पश्चिम और पूर्व में गिरने वाली दो बरसाती बूंदें एक ही अंतिम गंतव्य अरब सागर की ओर जाती हैं, लेकिन उनकी यात्रा का मार्ग पूरी तरह अलग होता है। एक चिनाब नदी का हिस्सा बन जाती है, जबकि दूसरी बहुत लंबी यात्रा के बाद सतलुज का हिस्सा बनती है। यह हमें वाटरशेड, वर्षा की बूंदों, यात्राओं और गंतव्यों के महत्त्व की ओर ले जाता है। भौगोलिक दृष्टि से, वाटरशेड एक उच्चभूमि है जहां वर्षा एकत्र होती है और नीचे नदियों, झीलों और घाटियों में बहती है। ऐतिहासिक दृष्टि से, यह एक निर्णायक क्षण का प्रतिनिधित्व करता है जो हमारी समझ या दिशा को बदल देता है। दो बारिश की बूंदों की तरह, जो सिर्फ एक-दूसरे से कुछ ही फीट की दूरी पर गिरती हैं, लेकिन अलग-अलग रास्तों की ओर मुड़ जाती हैं, हम अपने जीवन में वाटरशेड द्वारा आकार लेते हैं। ये अदृश्य सीमाएं, हमारा वातावरण, विकल्प और परिस्थितियां हमारी यात्रा का मार्गदर्शन करती हैं। प्रत्येक वाटरशेड एक मोड़ को चिह्नित करता है, शिमला रिज या कुंजम दर्रे की तरह, जो पानी के प्रवाह को निर्धारित करता है। अंत में, बारिश की बूंदों की तरह हम अपनी जीवन की धाराओं द्वारा मार्गदर्शित होते हैं, वाटरशेड्स द्वारा आकारित और अपनी अनूठी गंतव्य पर अपनी यात्रा समाप्त करते हैं।

# राजधानी का सियासी तापमान बढ़ा... भाजपा में भारी हलचल

नई दिल्ली, एजेंसी

**एमसीडी में मेयर चुनाव को लेकर राजधानी का सियासी तापमान तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा में तो एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पार्टी के भीतर से 50 से अधिक पार्षद मेयर बनने की दौड़ में उतर चुके हैं। हर कोई इस मौके को अपने राजनीतिक करियर के लिए एक बड़ा अवसर मान रहा है।**

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) भी रणनीति के तहत फिर से दलित चेहरा सामने लाने की तैयारी में है और इसके तहत वर्तमान मेयर महेश कुमार को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर मंथन चल रहा है।

## आप फिर दलित कार्ड खेलने की तैयारी में

### विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरण

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को मिली हार और उसके बाद पार्टी के 20 से अधिक पार्षदों के इधर-उधर होने से एमसीडी में समीकरण बदल गए हैं। अब भाजपा पार्षदों की संख्या में आप से आगे निकल गई है। एमसीडी के सदन में पार्षदों, मनोनीत विधायकों और दिल्ली से लोकसभा व राज्यसभा सांसदों समेत 274 सदस्य होते हैं, लेकिन 12 वार्ड रिक्त होने के कारण अब एमसीडी सदन में 262 सदस्य हैं और मेयर चुनाव में जीत के लिए बहुमत का आंकड़ा 133 का है और अब तक के घटनाक्रम को देखें तो भाजपा के पास 135 सदस्य हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के पास 119 सदस्य और कांग्रेस के आठ पार्षद है। इस कारण भाजपा की जीत तय सी मानी जा रही है।



### भाजपा पूरी तरह से सक्रिय

उधर, पिछले कुछ महीनों में आम आदमी पार्टी को लगातार झटके लगे हैं। कई पार्षद पार्टी छोड़कर भाजपा का समर्थन कर चुके हैं या निष्क्रिय हो गए हैं। वहीं विधानसभा चुनावों में हार के कारण आम आदमी पार्टी कमजोर स्थिति में पहुंच चुकी है। वह एमसीडी में 13 के बजाए तीन विधायक ही मनोनीत हैं। इसी का फायदा उठाते हुए भाजपा अब एमसीडी में मेयर पद पाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गई है। पार्टी के भीतर ही इतने अधिक दावेदार सामने आ चुके हैं कि शीर्ष नेतृत्व को नाम तय करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में पुराने पार्षदों के साथ-साथ नए पार्षद भी दावा पेश कर रहे हैं। लिहाजा कोई पार्षद अपने सामाजिक प्रभाव को गिनवा रहा है, कोई अपने क्षेत्र में विकास कार्यों का हवाला दे रहा है तो कोई आरएसएस और पार्टी के पुराने जुड़ाव को अपनी योग्यता के रूप में पेश कर रहा है।

### आप दलित कार्ड खेलने की तैयारी में

वहीं, आम आदमी पार्टी भले ही पार्षदों की संख्या में कमजोर दिख रही हो, लेकिन वह अपनी सियासी पकड़ बनाए रखने के लिए फिर से सामाजिक समीकरणों का सहारा लेने की कोशिश कर रही है। इसी रणनीति के तहत पार्टी एक बार फिर महेश कुमार को मेयर पद का उम्मीदवार बना सकती है। महेश कुमार दलित समुदाय से आते हैं और पार्टी को उम्मीद है कि इससे सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ सहानुभूति लहर भी तैयार की जा सकेगी। कुल मिलाकर, एमसीडी का यह मेयर चुनाव न सिर्फ उसकी राजनीति को दिशा देगा, बल्कि यह भी तय करेगा कि क्या भाजपा अपने बढ़ते प्रभाव को सत्ता में तब्दील कर पाएगी या आम आदमी पार्टी कोई बड़ा दांव चलने में सफल होगी। दोनों ही दलों के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है और इसके नतीजे आने वाले महीनों की दिल्ली की सियासत पर गहरा असर डाल सकते हैं।मेयर चुनाव 25 अप्रैल को होगा और 21 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते है। माना जा रहा है कि दोनों दल 21 अप्रैल को ही दोनों पार्टी मेयर पद के अपने उम्मीदवार के नाम के मामले में पत्ते खोलेंगे।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान

# 15 दिन में आएगी नई टोल नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

**केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है जब हम अंतरराष्ट्रीय स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार करेंगे।**

अमर हिंद मंडल द्वारा आयोजित 78वें वसंत व्याख्यान माला में गडकरी ने कहा, अगर हम अपने देश का विकास करना चाहते हैं, अगर हम अपने देश को विश्वगुरु बनाना चाहते हैं, अपने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, अपने देश को पांच अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, तो पहली आवश्यकता देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार करना है।



### 10 वर्षों में तेजी से हुआ विकास

नितिन गडकरी ने हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ धार जिले के बदनावर में 5,800 करोड़ रुपये से अधिक की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और यहां विकास तेजी से हो रहा है। सभी को खुशहाल, समृद्ध और सशक्त बनाने की सोच के साथ सीएम यादव तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। हाईवे सिर्फ सड़कें नहीं हैं, ये प्रगति के रास्ते हैं जो लोगों की जिंदगी बदल देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने पिछले 10 सालों में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक बदलाव किए हैं। देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है और इसमें मध्य प्रदेश भी भागीदारी करेगा।

### आयात को कम करके निर्यात बढ़ाना होगा

नितिन गडकरी ने कहा कि अगर भारत को विश्वगुरु बनना है, तो हमें आयात कम करना होगा और निर्यात बढ़ाना होगा, लॉजिस्टिक्स लागत को एक अंक पर लाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, आने वाले समय में मुंबई में वायु और जल प्रदूषण दोनों पर काम करने की जरूरत है। गडकरी ने आगे कहा कि हमने कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया, मैंने ठेकेदारों को कहा है कि गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए, वरना आपको जेल या ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। टोल को लेकर उन्होंने कहा कि 15 दिन के अंदर ऐसी नीति आ जाएगी, जिससे टोल के बारे में कोई शिकायत नहीं रहेगी।

## परिवार के आशीर्वाद से राजनीति में रखूंगा कदम : रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने राजनीति में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को लगता है कि उन्हें यह कदम उठाना चाहिए, तो वह अपने परिवार के आशीर्वाद से यह कदम उठाएंगे।



सोमवार को एएनआई से खास बातचीत में वाड्रा ने कहा कि राजनीति से उनका जुड़ाव काफी हद तक गांधी परिवार से उनके जुड़ाव के कारण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीतिक चर्चाओं में खींचने की कोशिश की है और अक्सर चुनाव या अन्य मुद्दों के दौरान उनके नाम का इस्तेमाल ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है।

वाड्रा ने कहा, मेरा राजनीति से जुड़ाव सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं। लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि पिछले कई सालों में कई पार्टियों ने मेरे नाम का इस्तेमाल किया है और हमेशा मुझे राजनीति में खींच लिया है क्योंकि हर बार चुनाव आते हैं, उन्हें मेरा नाम याद आता है। हर बार जब उनके पास कोई मुद्दा होता है जिससे वे ध्यान भटकाना चाहते हैं, तो उन्हें मेरा नाम याद आता है। वाड्रा ने कहा कि यह अक्सर राजनीतिक प्रतिशोध की तरह लगता है।

# वक्फ कानून लूटने वाली सेना पर सर्जिकल स्ट्राइक है, किसी धर्म का नुकसान नहीं : नकवी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम लूटने वाली सेना पर सर्जिकल स्ट्राइक है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जो लोग व्यवस्थित लूट में लगे थे, वे असहाय हो गए हैं, वहीं दूसरी तरफ, तुष्टीकरण में माहिर लोग रो रहे हैं। नकवी ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम आस्था की रक्षा और वक्फ प्रणाली में सुधार के लिए है।

उन्होंने कहा, यह अधिनियम किसी धर्म के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। यह किसी धर्म या धार्मिक स्थल को नुकसान नहीं पहुंचाता है। नकवी ने कहा कि यह अधिनियम मौजूदा वक्फ व्यवस्था के भ्रम, विरोधाभास और संघर्ष को दूर करेगा तथा सुधार और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। भाजपा नेता ने कहा, जो लोग संसद में वक्फ संशोधनों पर चर्चा के दौरान तर्क की कमी और तथ्यों के अभाव से जूझ रहे थे, वे अब सड़कों पर



हंगामा कर रहे हैं। इन लोगों ने संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक हमला किया है।

वहीं वक्फ कानून का समर्थन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वक्फ की जायजाद जिस मकसद के लिए वक्फ की गई थी। उस हजारों एकड़ जमीन को सिर्फ लूटने का काम किया गया। जिस तरह वक्फ के नाम पर लूट की छूट मिली। वक्फ के अंदर के लोगों ने वक्फ को जमकर लूटा है। अब जो वक्फ संशोधन अधिनियम लाया गया है, उससे गरीब मुसलमान, पसमांदा मुसलमान, महिलाएं और विधवाओं को फायदा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक लाभ के लिए आंबेडकर का नाम इस्तेमाल कर रहा विपक्ष, केंद्रीय मंत्री कुमार का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सिर्फ बाबासाहेब के नाम का इस्तेमाल किया है, लेकिन उनके विचारों और संघर्षों को कभी नहीं अपनाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष आंबेडकर के योगदान का सम्मान नहीं करता है और ना ही उनके जीवन से जुड़े स्थानों पर विकास कर रहा है। बता दें कि आज देशभर में डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जंयती मनाई जा रही है। इसी दौरान एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए वीरेंद्र कुमार ने ये बातें कही। केंद्रीय मंत्री ने आगे कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब वे सत्ता में थे, तब उन्होंने कई बार संविधान का उल्लंघन किया और अपने स्वार्थ के लिए आपातकाल भी लगाया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान को ऐसा बनाया कि उसमें जरूरत के अनुसार संशोधन हो सके, लेकिन उसका मूल उद्देश्य न्याय, समानता और एकता को हमेशा बनाए रखना है।

**पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र सरकार के काम पर जोर :** साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र सरकार के काम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, जो विपक्ष लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए भी नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक 56 साल तक शासन करने वालों ने आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया, लेकिन मोदी जी ने यह करके दिखाया। कुमार ने कहा कि भाजपा ने संविधान को सर्वोच्च सम्मान दिया है और हमारे लिए संविधान देश की आत्मा है।

**डॉ. आबंडकर को दी श्रद्धांजलि :** अपने बयान के अंत में केंद्रीय मंत्री डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबासाहेब ने एक छोटे परिवार से आकर, भेदभाव और अपमान सहते हुए भी अपनी शिक्षा पूरी की और समाज के सामने सवाल उठाया कि देश में भेदभाव क्यों है। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

**डॉ. आंबेडकर जयंती :** गौरतलब है कि हर वर्ष 14 अप्रैल को देश में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा हर किसी को मिलनी चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या समाज से आता हो। आज के इस खास मौके पर जानते है डॉ. आंबेडकर के पास कितनी डिग्रियां थीं।

### अपना वादा पूरा करेगी तेलंगाना सरकार, गिग कामगारों को जीवन और दुर्घटना बीमा देने की तैयारी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की सरकार गिग कामगारों के कल्याण के लिए नया कानून लाने जा रही है। इस कानून के तहत राज्य सरकार गिग कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देगी। सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों से ड्राफ्ट बिल पर लोगों के सुझाव लेने का निर्देश दिया है। सीएम ने गिग कामगारों, सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को ड्राफ्ट बिल को ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया ताकि लोगों के इस पर सुझाव लिए जा सकें।



**ये सुविधाएं दी जाएंगी गिग कामगारों को :** सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुझाव लेकर और ड्राफ्ट बिल में जरूरी बदलाव कर इसे 1 मई को अंतरराष्ट्रीय कामगार दिवस पर लागू करने की कोशिश करें। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में गिग कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देने का वादा किया था और उसी वादे को पूरा करने के लिए सरकार काम कर रही है। राज्य के श्रम विभाग ने विधेयक का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इस ड्राफ्ट विधेयक में गिग कामगारों के कल्याण पर फोकस किया गया है और उन्हें नौकरी सुरक्षा, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा जैसे अधिकार दिए जाएंगे। कंपनी और एग्रीगेटर्स के बीच बेहतर समन्वय के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

**25 अप्रैल तक मांगे सुझाव :** मुख्यमंत्री ने भी विधेयक को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं और अधिकारियों को 25 अप्रैल तक सुझावों को बिल में शामिल करने की समयसीमा तय की है। तेलंगाना में फूड डिलीवरी एप के लिए काम करने, कैब ड्राइवर्स और पैकेज डिलीवरी कर्मचारी जैसे करीब चार लाख गिग कामगार काम करते हैं। नए विधेयक ने इन लोगों को बड़ा फायदा होगा। सीएम रेड्डी ने कहा कि गिग कामगारों को दुर्घटना बीमा देने वाला तेलंगाना देश का पहला राज्य होगा।

# वक्फ कानून पर ममता बनर्जी का बयान ठीक नहीं : कानून मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर सीएम ममता बनर्जी का बयान ठीक नहीं है। दरअसल ममता बनर्जी ने कहा था कि वे बंगाल में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगी। मेघवाल ने कहा कि ममता बनर्जी ने नागरिकता कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, लेकिन बंगाल में नागरिकता कानून लागू हुआ है। गौरतलब है कि वक्फ कानून



को लेकर बंगाल में हिंसा का दौर चल रहा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है और सैंकड़ों घायल हैं।

केंद्रीय कानून मंत्री ने बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सवाल किया गया, जिसमें उनसे ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें ममता बनर्जी ने बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं करने की बात कही थी। इस पर मेघवाल ने कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, जबकि बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। ये संसद द्वारा बनाए गए कानून हैं, जो पूरे देश में लागू होते हैं। ऐसे में सीएम ममता बनर्जी का बयान कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा, वह सही नहीं है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ये बातें कही। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। मुस्लिम बहुल सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई है और सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं।

# राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी।



भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है। मुक्त और पारदर्शी चुनाव के लिए अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए।

बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रहे प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं, जिसके चलते तीन लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हुए हैं। मुर्शिदाबाद से सैंकड़ों लोग पलायन कर माल्दा पहुंच गए हैं। जहां वे कैंपों में रह रहे हैं।

शुभेंदु अधिकारी के आरोपों पर टीएमसी नेता फिरहाद हकीम ने कहा कि लोग बंगाल में ही रह रहे हैं, राज्य छोड़कर नहीं भाग रहे। प्रशासन सभी का ख्याल रख रहा है और हालात को सामान्य करने की कोशिश हो रही है। हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन पुलिस दोषियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# एनडीए से निकल फिर महागठबंधन में भी नहीं घुस सके पारस, 243 पर उतारेंगे प्रत्याशी

पटना, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर महागठबंधन का दरवाजा खटखटाना वाले पशुपति कुमार पारस एक बार फिर एनडीए छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में भी किसी से समझौता नहीं हो पाया है इसीलिए अब वह सभी 243 सीटों पर लोक जनशक्ति पार्टी का उम्मीदवार उतरेंगे।**

पशुपति कुमार पारस ने एनडीए पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अब तक मैं एनडीए के साथ एक वफादार सहयोगी बनकर रहा, लेकिन दलित पार्टी होने की वजह से मेरे साथ अनुचित व्यवहार किया गया। इसलिए अब मैंने एनडीए का साथ छोड़ने का निर्णय ले लिया हूं। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन उचित सम्मान और उपयुक्त पद देगा, तो आरएलजेपी आने वाले समय में उनके साथ शामिल होने पर विचार कर सकती है। पशुपति कुमार पारस ने यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं बिहार विधान



सभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर लोक जनशक्ति पार्टी का उम्मीदवार उतारूंगा।

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस 14 जनवरी को अंधेरा होने के बाद पिछली गेट से राबड़ी आवास पहुंचे थे। छिप-छिपकर जाने के बाद भी पत्रकारों की नजर से वह बच नहीं पाए। राबड़ी आवास में करीब आधे घंटे तक वह गुट के नेताओं के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से बातचीत की। इस मुलाक़ात में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के साथ-साथ समस्तीपुर के पूर्व सांसद प्रिंस राज समेत पार्टी के कई नेता भी शामिल हुए।

## अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन में बोले अमित शाह

# बलात्कार के अपराधी को 23 दिन में सजा, 1.5 करोड़ आरोपियों के फिंगर प्रिन्ट तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन 2025 को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया।**

शाह ने कहा, देश में अभी दोषसिद्धि दर 54 प्रतिशत है। नए कानूनों में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। वॉयस लॉग और डिजिटल वॉइस मेल को



भी स्थान दिया गया है। बीएनएसएस में ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग, फॉरेंसिक साक्ष्य की वीडियोग्राफी और पूछताछ में डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी आधार देने की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस, अभियोजन और न्यायिक तंत्र के लिए समय-सीमा तय कर निर्धारित अवधि में न्याय सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम भी मिलने लगे हैं। कुछ मामलों में बलात्कार के अपराधी को 23 दिन में सजा हो गई और 100 दिन के अंदर ट्रिपल मर्डर केस को सुलझा कर दोषी को सजा दे दी गई है।

गृह मंत्री ने कहा कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि ट्रायल में टेक्निकल एविडेंस को मान्यता दी गई। साथ ही, पूरे देश के डिजिटल सिस्टम को डिजिटाइज करने का प्रयास किया गया है। आज देश में अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से 100 प्रतिशत पुलिस स्टेशन कम्प्युटराइज हो चुके हैं। लगभग 14 करोड़ 19 लाख एफआईआर और उनसे जुड़े दस्तावेज लेगेसी डेटा के साथ ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। 22 हजार अदालतों को ई-कोर्ट सुविधा से लैस किया गया। 2 करोड़ 19 लाख का डेटा ई-प्रिज़न के माध्यम से उपलब्ध है। 1 करोड़ 93 लाख केसों का अभियोजन डेटा, ई-प्रॉसिक्यूशन के माध्यम से उपलब्ध है।

### दोषसिद्धि की दर बढ़ाना संभव नहीं

शाह ने कहा, फॉरेंसिक साइंस के बगैर समय पर न्याय दिलवाना और दोषसिद्धि की दर बढ़ाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपराध का पूरा परिदृश्य बदल चुका है। अब अपराधी तकनीक, सूचना एवं संचार के अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करते हैं, जिससे अपराध अब सीमा रहित हो गया है। पहले क्राइम किसी जिले, राज्य या देश के किसी छोटे से हिस्से में होता था, लेकिन अब क्राइम बॉर्डरलेस हो चुका है। क्राइम अब शहर, राज्य और देश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को भी लांघने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में फॉरेंसिक साइंस का महत्व बहुत बढ़ गया है। शाह ने कहा कि मोदी जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे और वे गृह मंत्री थे, तब मोदी जी ने 2009 में गुजरात फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का जो पौधा लगाया था आज वह नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी वटवृक्ष के रूप में दुनिया में अपनी तरह की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए हर्ष का विषय है कि 1 अक्टूबर 2020 को जब नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई, उस वक्त मोदी जी प्रधानमंत्री और वह देश के गृह मंत्री थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवागत कलेक्टर श्री सिंह ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



**उज्जैन, निप्र।** नवागत कलेक्टर रोशन कुमार सिंह श्री महाकालेश्वर मंदिर पधारे एवम भगवान श्री महाकालेश्वर जी का दर्शन, पूजन किया। पूजन पुजारी आकाश शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया। मंदिर प्रबन्ध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक द्वारा श्री सिंह का दुपट्टे, प्रसाद व भगवान श्री महाकाल की फ़ोटो प्रदान कर सम्मान किया गया।

### नवागत सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये



**उज्जैन, निप्र।** नवागत सिंहस्थ मेला, मेला अधिकारी आशीष सिंह सोमवार सायं उज्जैन पहुंचे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर श्री महाकालेश्वर भगवान का दर्शन व पूजन किया। पूजन आकाश पुजारी द्वारा सम्पन्न करवाया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबन्ध समिति की ओर प्रशासक प्रथम कौशिक द्वारा श्री सिह का स्वागत किया गया।

### डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित

**उज्जैन, निप्र।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर घोंसला में बूथ क्रमांक 256 में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी हमें समानता, न्याय और संविधान की गरिमा की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोर मेहता, जिला उपाध्यक्ष पदम आंजना, घोंसला उपसरपंच दीपक वर्मा, ग्राम पंचायत पलवा सरपंच बलराम मेहता, पृथ्वीराज चौधरी, प्रकाश बड़ाना, निरंजन मेहता उपस्थित थे।

### माल्यार्पण कर अंबेडकर जयंती मनाई

**नागदा जं. निप्र।** किसान संघर्ष समिति व समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश परमार के नेतृत्व में 14 अप्रैल को पुराना बस स्टैंड पर स्थित बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई । इस मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता वहां उपस्थित रहे । सर्वप्रथम किसान संघर्ष समिति समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश परमार द्वारा डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात् अपने उद्बोधन में बाबा साहब के द्वारा किये गये कार्यो को बताया। परमार ने बताया कि देश के अंदर अधिकार संविधान किसी ने लागू किया तो वह डॉक्टर बाबा अंबेडकर जी थे पहले सांसद देश की पहली संसद में डॉक्टर बाबा अंबेडकर जी ने संविधान आज के दिन ही रखा था। साथ ही बाबा साहब डॉ. अंबेडकर अमर रहे जैसे नारे लगाये गये। इस अवसर पर दिनेश वाघेला, कैलाश, चंदन, लखन, कालू, बद्रीलाल, बद्रीलाल, राधाकृष्ण परमार, अशोक लश्करी, जीतू यादव, बबलू यादव, शंभू सिंह यादव, संजय सिंह, बाबूलाल परमार, आकाश यादव, पियूष परमार, मदनलाल परमार, कालू कीर, यशवंत दुबे, राजू यादव, मुकेश गहलोत, घनश्याम गहलोत, जीवन परमार, गोवर्धन सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवागत सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने मेला अधिकारी का प्रभार ग्रहण किया

**उज्जैन, निप्र।** नवागत सिंहस्थ मेला, मेला अधिकारी आशीष सिंह सोमवार शाम उज्जैन पहुंचे। उज्जैन पहुंचकर श्री सिंह ने सर्वप्रथम श्री चिंतामण गणेश मंदिर में दर्शन किए।इंदौर कलेक्टर श्री सिंह ने श्री कालभैरव मंदिर, श्री हरसिद्धि मंदिर के भी दर्शन किए। इसके बाद श्री महाकाल मंदिर पहुंचकर पूजन किया और संध्या आरती में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात इंदौर कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ मेला कार्यालय पहुंचकर मेला अधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को शासन के नवीन आदेशानुसार सिंहस्थ मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रभार ग्रहण कर श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विकास कार्यों को समयावधि और गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता है। इसके पश्चात मेला अधिकारी श्री सिंह ने संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।इसके पश्चात मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

### भाजपा द्वारा अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई गई जयंती

# कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर स्थानीय टॉवर चौक पर स्थित अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया।

संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेड्कर जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी उज्जैन इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल की अगुवाई में फ्रीगंज टॉवर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यनारायण जटिया, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल व निगम सभापति ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉ सत्यनारायण जटिया ने कहा कि बाबा साहब का योगदान इस देश की आने वाली पीढियां भी याद रखेंगी। आज उन्हीं के सिद्धांतों पर चलते हुए इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश समृद्धता और खुशहाली के पथ पर अग्रसर है! जयंती के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा की भारत के इतिहास में बाबा साहब का योगदान अनुपम एवं अविस्मरणिय है। बाबा साहब के इस देश की एकता अखंडता एवं सबको समान अधिकार दिलवाने के लिए किये गए संघर्ष को देश का प्रत्येक नागरिक हमेशा याद रखेगा।

भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर की राष्ट्रीयता से प्रेरणा लेकर हम समाज सेवा के कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है!

इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि बाबा साहब ने गरीब, शोषित, वंचित वर्ग के लिए उनके उत्थान के लिए जो प्रयास किये थे उसको पूरा करने के लिए देश में मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार व प्रदेश में मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार दृढ़ संकल्पित हैं। जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जगदीश अग्रवाल, सत्यनारायण खोईवाल, श्रीमती मीना जोनवाल, रूप पमनानी, डॉ प्रभुलाल जाटवा, ओम जैन, प्रदीप पांडेय, मोर्चा नगर अध्यक्ष मनोज मालवीय, कार्यक्रम प्रभारी कमलेश बैरवा, राजकुमार मालवीय, जगदीश पांचाल, आनंदसिंह खींची, दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, सुरेश गिरी, भगवानदास गिरी, अनिल शिंदे, राजकुमार बंसीवाल, सुरेंद्र मेहर, विनीता शर्मा, प्रियंका सेंगर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## इंडियन डेंटल एसोसिएशन का मुख कैंसर पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** उज्जैन। इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन और केयर सीएचएल हॉस्पिटल, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख कैंसर और मसूड़े की सर्जरी पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। प्रथम व्याख्यान डॉ. अपूर्व गर्ग द्वारा लिया गया, जिसमें उन्होंने मुख कैंसर सर्जरी की नवीनतम तकनीकों और उनके प्रभावी परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय पर निदान और उन्नत सर्जिकल विधियों से मरीजों को बेहतर जीवन प्रदान किया जा सकता है। दूसरा व्याख्यान डॉ. तृष्णा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें मसूड़े की सर्जरी, उससे जुड़ी सावधानियाँ और उपचार के आधुनिक तरीके बताए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अमित सलूजा ने की। साथ ही आईडीए उज्जैन के सचिव नितिन जैन, कोषाध्यक्ष डॉ. अंकित बाबर, डॉ. अनिमेष पंडित, डॉ. अपूर्व धारीवाल, डॉ. निशिता सिलवाडिया, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. अंकित पांचाल सहित कई दंत चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. अमित सलूजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि 2050 तक कैंसर एक सामान्य रोग बन सकता है — अनुमानतः हर 5 में से 2 व्यक्ति को कैंसर हो सकता है।

## बाबा महाकाल के भक्तों को मिली नई एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

### अंबेडकर जंयति कि पूर्व संध्या पर उज्जैन-आलोट सांसद फिरोजिया ने अंबेडकर नगर से दिखाई हरी झण्डी

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बाबा महाकाल के भक्तों के साथ भारत रतन बाबा साहब अंबेडकर के अनुयायों को मिली अंबेडकर नगर- नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात। भारत रतन बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जंयति की पूर्व संध्या पर अंबेडकर नगर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।




दिल्ली, राजस्थान और मध्यप्रदेष के पर्यटन/दर्शनीय स्थलों को बढ़ावा देने एवं यात्री सुविधाओं तथा सुगम आवगमन के उद्देश्य को लेकर सांसद अनिल फिरोजिया के प्रयास से रेलवे द्वारा नियमित रेल सेवा के रूप में ट्रेन नंबर 20155/20156 डॉ. अम्बेडकर नगर- नई दिल्ली- डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का नियमित संचालन भारतीय संविधान निर्मात बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंति के अवसर पर नई दिल्ली से उनकी जन्मस्थली 'महू' शहर के डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन के मध्य किया जायेगा। इस तारतम्य में रविवार को कोटा से ट्रेन नं. 02055 तथा डॉ. अम्बेडकर नगर से 09355 डॉ. अम्बेडकर नगर कोटा स्पेषल ट्रेन का भी शुभारम्भ कोटा से लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, वीडियों कॉन्फेंस के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, माननीय केन्द्रीय रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अष्विनी वैष्णव तथा महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर आन लाईन माध्यम से जुडे तथा उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया एवं राज्य सभा सांसद कविता पाटीदार, क्षेत्रिय विधायक सुश्री उषा ठाकुर द्वारा अम्बेडकर नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों सहित स्थानीय जनसमूहों बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नई एक्सप्रेस ट्रेन के विषय में उज्जैन सांसद श्री फिरोजिया ने बताया कि विगत वर्षो से महाकाल लोक बनने के बाद से ही उज्जैन बाबा महाकाल के भक्तों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इसको देखते हुए हमने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री से मांग की थी। जिससे आज बाबा साहेब की जयंति पर प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री ने पूरा किया हैं। मैं क्षेत्रीय जनता एवं बाबा महाकाल के भक्तों एवं बाबा साहेब के अनुयायियों की ओर से मैं सभी का आभार मानता हूँ। इस ट्रेन के द्वारा डॉ. अंबेडकर नगर (महू), इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, भरतपुर और मथुरा के साथ दिल्ली के यात्रियों को इस ट्रेन का लाभ होगा।

# लेंसेस उधोग के श्रमिकों को वेतन बढ़ोतरी का वेतन मिला, यूनियन के महामंत्री का किया जोरदार स्वागत

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** लैंक्सेस इंडिया प्रा. लि में कार्य करने वाले श्रमिको ने 73 रूपए प्रतिदिन के वेतन वृद्धि होने और अप्रैल माह के वेतन में प्राप्त होने पर ग्रेसिम क्रांतिकारी कर्मचारी यूनियन के सदस्यो ने यूनियन के महामंत्री भवानीसिंह शेखावत का साफा बांध और पुष्प मालाओ से लेक्सेस उधोग के गेट पर स्वागत किया। अप्रैल 2024 से न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी के 86 रूपए प्रतिदिन बढ़ोतरी के मामले में अप्रेल 2025 के वेतन में 73 रूपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी लेंक्सेस उधोग द्वारा दे दी गई है ।86 रूपए प्रतिदिन में से 13 रूपए प्रतिदिन की बढोतरी को पूर्व से देते आ रहे थे ।



यूनियन के मंत्री पवन गुर्जर ने कर्मचारियों को संबोधन करते हुवे बताया की बताया कि ग्रेसिम क्रांतिकारी कर्मचारी यूनियन द्वारा इंदौर हाईकोर्ट में उधोग द्वारा लिए गए स्टे के विरोध में यूनियन के एडवोकेट श्रीमती रेखा श्रीवास्तव और अमित दुबे द्वारा अंतिम बहस करी। जिसमे श्रमिको का पक्ष मजबूती से रखा और एरियर समेत 86 रूपए प्रतिदिन का ऑर्डर कराने में महत्पूर्ण भूमिका निभाई। हाईकोर्ट से ऑर्डर होने के बावजूद भी उधोग श्रमिको को बढोतरी के रूपए दे नही रहे थे, उस परिस्थिति में भवानी सिंह शेखावत ने कानूनी कार्रवाई कर पहले श्रमायुक्त को यूनियन के माध्यम से ऑर्डर लागू करने का आवेदन दिया, उसके बाद सहायक श्रमायुक्त उज्जैन को भी आवेदन दिया गया। यूनियन के आवेदन पर सहायक श्रमायुक्त उज्जैन द्वारा ग्रेसिम, केमिकल, लेंक्सेस उधोग और नगर पालिका को 11 माह का एरियर समेत बढ़ौतरी के रूपए देने का आदेश दिया गया। यूनियन के उपाध्यक्ष ध्रुव रघुवंशी ने सम्बोधित करते हुए कहा की सिर्फ लेंसेस उधोग और नगर पालिका में ही वेतन बढ़ोतरी की गई है और अप्रेल माह में दे भी दिया गया है और संभवत इसी माह मे एरियर भी श्रमिको को मिल जायेगा क्योकि इन दोनो जगह हमारी यूनियन के सदस्य है तथा बाकी जगह जहां हमारी यूनियन नही है वहां के श्रमिक परेशान हो रहे है और उनको ना तो वेतन वृद्धि का लाभ मिल रहा है ना उनको कोई सही जवाब मिलता है।

## उज्जैन में बना गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

### 50 हजार श्रद्धालुओं ने लिया भोजन प्रसादी का लाभ



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** आंबापुरा स्थित प्राचीन जयवीर हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष भंडारे में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ प्रसादी ग्रहण की। इस भंडारे को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। आयोजन का नेतृत्व समाजसेवी सुनील चावंड ने किया, जो पिछले 20 वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं।

13 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दिन भगवान का विशेष पूजन और महाआरती के बाद भंडारे की शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं को टेबल कुर्सी पर बैठाकर दाल, बाफले, लड्डू और कड़ी की प्रसादी परोसी गई। इस बार आयोजकों ने रिकॉर्ड बनाने के लिए गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम को भी आमंत्रित किया, जिसने 50 हजार लोगों को भोजन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया था। डॉ. मनीष विश्नोई, एशिया हेड, गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड ने बताया कि आयोजकों ने इस लक्ष्य को पार करते हुए व्यवस्थित तरीके से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन कराया। भंडारे के इस आयोजन में समाजसेवी नारायण यादव सहित अन्य समिति सदस्य भी मौजूद थे।

# सिंगोली में जैन संतों के साथ हुई घटना की समाजजनों ने की तीव्र निंदा

विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** स्थानकवासी जैन संत शैलेशमुनि जी म0 सा0 बलभद्रमुनीजी म0 सा0 आदि ठाणा तीन के साथ सिंगोली से नीमच की ओर विहार करने के दौरान रात्री मे श्री हनुमानजी के मंदिर मे विश्राम करने हेतु रुके जैन संतो पर असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट कर जख्मी किया। उक्त घटना सिंगोली के पास कछाला गांव की रात्री मे जैन संतो के साथ घटना घटित हुई। जिसे मात्र सामान्य घटना नहीं माना जा सकता है। अगर देखा जाय तो बार-बार जैन संतों को ही निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना के बाद कुछ आंकड़ों के साथ गंभीर सवाल भी उठ रहे है।

**घटना के पीछे क्या है कोई गहरी साजिश :** जैन संतो के साथ मारपीट सामान्य घटना नहीं है। क्या इसके पीछे कोई बड़ी गहरी साजिश है, पिछले 10 महीने मे हुई जैन समुदाय के संतो के साथ यह तीसरी घटना घटित हुई है। यह सभी जानते है कि जैन संतो के पास न तो कुछ खाने पीने की वस्तु होती है और ना ही कोई नगद रुपया पैसा होता है तो फिर आसामजिक तत्वो द्वारा इतनी मारपीट क्यों की गई। करीब 10 माह पूर्व चितोड़गढ़ के ही शंभूपुरा मे जैन समुदाय के ही



मदन मुनि जी मसा का एक्सीडेंट मे काल धर्म हो गया था। उसके आरोपी आज तक पकड़े नहीं गए और 3 महीने पूर्व भी सिंगोली के ही सरवानीया मे एक एक्सीडेंट हुआ था। जिनमे जैन समुदाय वाले साधु मसा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनो घटनाओ मे साधु संत ही टारगेट पर क्यों थे यह भी विचारणीय है। इन सब बातो की गहराई से जाँच होना चाहिए इसके आगे ऐसी घटना की पुनावरर्ती न हो इस हेतु प्रशासन को बुलडोजर सहित आवश्यक कठोर कार्यवाही करना भी चाहिए।

**समाज एव प्रशासन ध्यान दे :** जीनशासन के रक्षक साधु संतों की सुरक्षा के उपाय किया जाए और शीघ्र ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यावाही की जाए और समाजजन भी शांति पूर्वक अपनी बात शासन एवं प्रशासन तक पहुंचाएं तथा विहार सेवा में वह पूरी तरह से साधु संतो की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**इन्होंने की घटना की तीव्र निंदा :** राजेश धाकड़, राजेश सकलेचा शरद जैन, सुनील सकलेचा, अक्षय नाहर, गगन जैन, मनीष भण्डारी, अमित बम, मंयक चपलोत, महेन्द्र जेन, जितेश भण्डारी, प्रमोद सकलेचा, सुरेन्द्र कांकरिया,पंकज मुणत,चन्द्रप्रकाश काठेड, सतीश जैन सावेर वाले, सिद्धार्थ काठेड, गोतम राठोड, अरविंद नहार, मनीष चपलोत, राजा कर्नावट, नीतिन बुड़ावनवाला।

# ग्रेसिम स्कूल के 60 के दशक के छात्रों का हुआ स्नेह मिलन

विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** ग्रेसिम विद्यालय के 60 के दशकों मे अध्यनरत पूर्व छात्रों का मिलन समारोह फॉर्चुन मॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी ने अपने बचपन के दोनों को याद करते हुए पुराने यादों को ताज किया। सभी ने अपने-अपने अंदाज में कुछ पुरानी बातें बताई, किसी ने हास्य व्यंग के चुटकुले सुनाए, किसी ने अपनी कविता सुनाई, तो किसी ने अपने आवाज में गीतों को गाकर आनंद भरे पलों का आनंद लिया। सभी ने समारोह के माध्यम से नागदा की पुरानी बातों को याद करते हुए आने वाले समय मे नागदा का भविष्य किस प्रकार होना चाहिए उसे पर भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। यहां सभी ने नागदा के पुराने इतिहास को लेकर भी चर्चा की, जिस समय नागदा एक छोटे स्वरूप मे था, व औद्योगिक क्षेत्र के माध्यम से शिक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को नागदा में चलाया जाता था । मिलन समारोह में भाग लेने के लिए कई लोग जो बाहर निवास करते थे वह सभी नागदा पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ छात्र जयसिंह शेखावत, सी.जी.तिरुमेनी, जगदीश विश्वकर्मा, रामनारायण पांचाल, डॉ चांदमल मालानी, एवं पूर्व प्राचार्य डीके शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दयाशंकर दुबे, विपिन गार्सिया, अनिल जैन, प्रवीण सुरंगे ,जवाहर चौरसिया,दयाराम चौरसिया, अशोक मंडलोई, बलविंदर सलूजा, अशोक शर्मा, जगदीश गुर्जर, भगवती कदम, पीसी श्रीवास्तव, वीरेंद्र जाजोरिया, कुबेर यादव, सुरेंद्र शर्मा, सीजी.आनंद, राधाकृष्ण कदम, सुरेश शाह,मोहनदास बैरागी, रमेश केरवार, तनुजा पाठक, दिलीप शर्मा, प्रकाश बांका, रुक्मणी जोशी, अजीज भाई, सलीम खान, पवन जकोडिया, ब्रह्मानंद तिवारी, मसूद खान, सुभाष गुप्ता, भूपेंद्र बुंदेला, नरेंद्र सोलंकी, रामगोपाल जोशी, राधेश्याम सोनी, साबरमल जारवल, अविनाश गुप्ता, दिलीप शर्मा, कृष्णदास बैरागी, कवि कुंदन वर्मा, बद्रीलाल पोरवाल, आदि, सभी अपने परिवार जनों के साथ कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया पाम संडे



**हरसूद, निप्र।** मेथोडिस्ट चर्च छनेरा के सदस्यों द्वारा पाम संडे की आराधना को बड़े धूमधाम के साथ चर्च भवन में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मसीही समाज द्वारा पाम संडे की रैली चर्च भवन गेट से आराधना भवन तक पाम संडे पर आधारित गीतों को गाकर निकाली गई। इस अवसर पर मेथोडिस्ट चर्च छनेरा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। चर्च आराधना का संचालन प्रचार कमेटी अध्यक्षा श्रीमती एंजेलिनासिंह द्वारा किया गया। खजूर के रविवार का महत्व बताते हुए विकास जॉर्ज द्वारा वचन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर चर्च खजांची नितेशसिंह, चर्च सचिव श्रीमती रीता रावजी, विजयासिंह, प्रचार कमेटी एवं महिला सभा अध्यक्षा श्रीमती एंजेलिना सिंह, नवनीत पॉल, श्रीमती शालिनी पाल, प्रतीक रावजी, कुमारी ग्लोरीसिंह, श्रीमती सृष्टि जॉर्ज, श्रीमती स्टेला मसीह एवं समस्त मेथोडिस्ट चर्च छनेरा के सदस्य उपस्थित रहे।

### हिन्दू महासभा का 110वां स्थापना दिवस मनाया



**हरसूद, निप्र।** अखिल भारत हिन्दू महासभा का 110वां स्थापना दिवस श्रद्धा और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हिन्दू महासभा के संस्थापक पंडित मदनमोहन मालवीय एवं हिन्दू राष्ट्रवाद के अग्रदूत वीर सावरकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। हिन्दू युवक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वीरसिंह राजपूत ने बताया कि हरसूद में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दू महासभा के जिला संगठन मंत्री पंडित जीतू दुबे, युवक महासभा के जिला अध्यक्ष संदीप मंडलोई, जिला मंत्री सुभाषचंद्र सिटोले, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र राजपूत एवं चिन्मय बापूजी की उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिन्दू महासभा की ऐतिहासिक भूमिका और विचारधारा को रेखांकित करते हुए युवाओं से संगठन से जुड़कर राष्ट्रसेवा में भागीदारी की अपील की।

### भाजपा ने बूथ से जिला स्तर तक मनाई भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134वी जन्मजयंती



**रतलाम, निप्र।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134वी जन्मजयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर से जिला स्तर तक इनका स्मरण किया। जिले के सभी बूथ केंद्रों एवं 25 मंडलों पर अम्बेडकर जयंती मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने छत्रीपुल स्थित अम्बेडकर सर्कल मे बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने छाछ वितरण का शुभारंभ भी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि बाबा साहेब जिस सम्मान के हकदार थे, वह सम्मान उन्हे भारतीय जनता पार्टी ने दिया है। कांग्रेस 70 सालों मे संदेव उपेक्षा करती रही। भाजपा ने बाबा साहेब से जुड़े सभी स्थलों के तीर्थ के रूप मे विकसित किया है। आधुनिक भारत के निर्माण मे उनका अंतिम योगदान रहा है। कार्यक्रम महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, नीलेश गांधी, विनोद यादव, कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित सहित ओमप्रकाश बोरिया, सुदीप पटेल, सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण तथा एम.आई.सी सदस्य पार्षदगण एवं उनके प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जा रहीं विभिन्न गतिविधियाँ

# विकासखंड पंधाना में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। ज़िले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।**

जन अभियान परिषद के समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि विकासखंड पुनासा की ग्राम पंचायत सक्तापुर में जल संरक्षण के लिए तालाब किनारे श्रमदान एवं चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें जल बचाने की शपथ दिलाई गई। सम्यक सेवा संस्थान, केलवा खुर्द के अध्यक्ष श्री तिलोकचंद घाटे, मेंटर ग्राम पंचायत सक्तापुर के सरपंच श्री सुनील राठौर, सचिव संजय सिंह तोमर, ग्राम रोजगार सहायक सुखदेव भास्कर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसी क्रम में विकासखंड पंधाना में रविवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की कक्षाओं का संचालन किया गया।

इसमें सर्वप्रथम मेंटर्स द्वारा विद्यार्थियों को विषय से संबंधित अध्ययन कार्य कराया गया एवं इसके उपरांत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को भी अपने-अपने प्रयोगशाला ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने हेतु प्रेरित व मार्गदर्शित किया गया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाकर जल गंगा संवर्धन अभियान का दिया संदेश

## निर्देशक डॉ. लाड़ ने ग्रामीणों को बताया जल संरक्षण का महत्व



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** शासन के महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड खकनार अंतर्गत ग्राम अमुल्लाखुर्द में जन अभियान परिषद के कार्यपालक निर्देशक डॉ. बकुल लाड़ की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर डॉ.अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके आदर्शों से अवगत कराकर ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशक डॉ. बकुल लाड़ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने ग्रामीणजनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। जल ही जीवन है हमें इसे बचाने के लिए प्रयास करना है। कार्यक्रम के समापन पर पौधारोपण व ग्राम की नदी में श्रमदान कर गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रामलाल पल्लवी, नवांकुर संस्था बसंत गावस्कर, रंजीत राठौर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक खकनार अमजद खान द्वारा किया गया।

## नया हरसूद-छनेरा में हर्षोल्लास से मनाई भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती



विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** सोमवार को नया हरसूद-छनेरा में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर सोमवार दोपहर साढे 12 बजे के लगभग संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यदित्य शाह भी शामिल हुए। शोभा यात्रा महाराणा प्रताप चौक, फीलगुड चौराहा, भगवान परशुराम चौराहा, घोषी मोहल्ला चौराहा से होते हुए नया हरसूद स्थित सिटी पार्क पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा का नया हरसूद-छनेरा में अनेक स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया।

# सात दिवसीय मां नर्मदा कथा का सोमवार शाम को हुआ समापन

### नर्मदा परिक्रमावासियों का किया स्वागत





विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद छनेरा में सडियापानी मार्ग पर चल रही सात दिवसीय मां नर्मदा कथा का समापन सोमवार शाम 6 बजे हुआ। मां नर्मदा कथा के दौरान पधारे नर्मदा परिक्रमावासियों का बलरामसिंह वासले द्वारा स्वागत किया गया।

8 अप्रैल से चल रही सात दिवसीय मां नर्मदा कथा के अंतिम दिन सोमवार को कथा वाचक पंडित भरत भूषण शास्त्री ने मां नर्मदा की महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जितना भी समय मिले हमें सदगुरू का ध्यान करना चाहिए तथा हमें कभी अपने गुरू के बराबर से नहीं बैठना चाहिए। उन्होंने नर और नारायण में अंतर बताते हुए कहा कि नारायण कभी क्रोध करता नहीं है और नर कभी क्रोध करने से पीछे नहीं हटता है। मां नर्मदा कथा के अंतिम दिन सोमवार को बडी संख्या में श्रद्धलु कथा का श्रवण लाभ लेने पहुंचे थे।

### हाटकेश्वर जयंती पर पुस्तक समग्र मंथन का विमोचन

## ईश्वर को उपहार देने की क्षमता साहित्यकार ही कर सकता है : दवे



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। नागर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर की जयंती पर विश्व प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर परिसर में पुस्तिका समग्र मंथन का विमोचन मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे नें कया। इस अवसर पर संबोधन करते हुए डॉ. दवे ने कहा कि ईश्वर को उपहार देने की क्षमता साहित्यकार में ही होती है।**

वे लेंखिा सीमा-मनीष शर्मा की पुस्तिका समग्र मंथन का विमोचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर के कंधे पर दो झॉलियां होती हैं जसमें एक में सुख और दूसरी में दु:ख होते हैं। वे मानव को उपहार स्वरूप सुख और दु:ख देते हैं। जिन्हें स्वीकार करना मानव का भी कर्तव्य होता है।

दु:ख वे ही लोग सहते हैं जिनमें क्षमता होती है और इस श्रेणी में कलाकार और साहित्यकार आते हैं। एक साहित्यकार ही ईश्वर को उनके द्वारा दी गई भेंट को उपहार स्वरूप वापस करने का जज्बा साहित्यकार को ही होता है। समग्र मंथन में देश, समाज, संस्कृति और आध्यात्म के अलावा पारिवारिक पृष्ठभूमि का भी समावेशा किया गया है। यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर नागर परिषद शाखा इंदौर के अध्यक्ष अभिनव दवे, नागर महिला परिषद की अध्यक्ष दिव्या मंडलोई एवं प्रोफ़ेसर राजेंद्र नागर खजराना गणेश मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट, नागर ब्राह्मण विद्योजक ट्रस्ट अध्यक्ष असीम त्रिवेदी, शिवांजलि ट्रस्ट अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा, प्रवीण त्रिवेदी, हिमांशु पौराणिक, जयेश झा, हर्ष मेहता, श्रेया शर्मा, मिष्ठी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्टेट प्रेस क्लब के तत्वावधान में भारतीय पत्रकारिता महोत्सव सम्पन्न

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** मध्यप्रदेश पत्रकार संगठनों का समवेत स्वर स्टेट प्रेस क्लब के तत्वावधान में सोमवार को तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव सत्र क्र.17 के आयोजक, अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल के निर्देशन में इंदौर साऊथ तुकोगंज स्थित जाल आडिटेरियम में विशेष अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य श्री दिग्विजय सिंह, मुख्य अतिथि इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं वरिष्ठ पत्रकार अमृता सिहं, सुदेश तिवारी, आकाश चौकसे, संजीव श्रीवास्तव की विशेष मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के समापन सत्र में मुख्य अतिथि इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं खंडवा सदभावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने भारत के संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रृध्दांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्टेट प्रेस क्लब उपाध्यक्ष एवं सदभावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन, समीर खान, निर्मल मंगवानी, सुभाष मीणा आदि सहित बडी संख्या में गणमान्यजन, देश एवं प्रदेश भर के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मी, प्रेस फोटोग्राफर एवं स्टेट प्रेस क्लब मप्र.के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन आलोक वाजपेयी ने किया।

# ग्रीन फील्ड स्कूल में संपन्न हुआ रिजल्ट सेरेमनी कार्यक्रम




विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** नगर की ग्रीनफील्ड पब्लिक हाईस्कूल में रिजल्ट सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल द्वारा कक्षा पांचवी बोर्ड में तहसील में प्रथम आई छात्रा शालू पिता मनोज प्रजापत 92.5 प्रतिशत को मेडल पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उसके पश्चात छात्र केशवराज पिता अखिलेश आठवीं बोर्ड में प्रथम स्थान 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह वह मेडल पहनाकर हौसला बढ़ाया गया। पांचवीं बोर्ड में नंदिनी संतोष, वर्षा मनीष ग्राम उंडेल, नव्या रितेश, दिव्यांशी कुलदीप, सोहन सतीश, माही किशोर, किरण सुनील तथा आठवीं बोर्ड में शैलेंद्र चंपालाल, सपनील नारायण, रानी जहीर, अनुराधा विजय अग्रवाल, शीतल राजेश ग्राम चारखेड़ा, कपिल सतराम, खुशबू संतोष, तुषार जगदीश ग्राम चारखेड़ा, हर्ष मुकेश चारखेड़ा एवं पायल संतोष को भी मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर अध्यक्ष द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान पधारे अभिभावक मनीष मालवीय स्वयं को बच्चों के बीच रोक नहीं पाए एवं मिमिक्री की पेशकश की। उन्होंने तरह-तरह की आवाज जैसे एरोप्लेन, ट्रेन पुलिसवेन एवं पक्षियों की आवाजें निकाल कर बच्चों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य श्रीमती मीना शामनाणी द्वारा समस्त पधारे अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। स्कूल संचालक कैलाश शामनाणी द्वारा समस्त मात्र शक्तियों को पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सफलता का श्रेय प्राचार्य श्रीमती मीना शामनाणी एवं शिक्षिका प्रजापति दिया।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# सोयाबीन तेल तेज



**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### बाग के राजकुमार मालवी बने सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली चौरासी पंच संघ के अध्यक्ष



**बाग, निप्र।** इंदौर सिमरोल में सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज के चौरासी पंच समाज संघ की बैठक आयोजित कि गई जिसमे सैकड़ो समाजजनो ने भाग लिया बैठक में नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हुए। जिसमे चार समाज के लोगो ने उम्मीदवार बने समाज के लोगो ने सर्व सहमती से बनाने कि कोशिशे कि जिसमे एक उम्मीदवार ने पक्ष मे सहमत हुवे लेकिन तीन उम्मीदवार वोटिंग कराने के पक्ष मे डटे रहे व तीन लोगो मे ही वोटिंग हुवा जिसमे एक को तीन वोट और दो लोगो को पांच पांच वोट मिले इस दौरान परिणाम किसी के भी पक्ष मे ना होने के कारण सभी समाजजनो मे निराशा का माहोल बना जिसके चलते आयोजक कर्ता ने बताया कि आज ही अध्यक्ष प्रक्रिया सम्पन होना चाहिए पुन: निर्वाचन कि प्रक्रिया चालू की गई जिसमे सभी समाजजनो व 13 गाँवो के समाज के अध्यक्ष ने सर्व सहमति से श्री राजकुमार मालवी को अध्यक्ष निर्वाचित किया साथ ही सभी समाजजनो ने श्री राजकुमार मालवी जी को समाज के हित मे किये गये कार्य की सरहाना करते हुए बधाई दी और आगे भी समाज के लिये हमेशा खड़े रहने व हर काम को साथ मिल कर करने मे अपना योगदान दिया है व जरुरत के वक्त हमेशा अपना मार्गदर्शक देते रहे है।

### सुल्तानपुरा मे 15 अप्रेल को आयोजित हो रहा संत निरंकारी मण्डल का 35 वा वार्षिक सत्संग और लंगर प्रसादी

**पेटलावद, निप्र।** आद्यात्म ओर सेवा के पर्याय के रूप में संत निरंकारी मण्डल अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। ज्ञान प्रचारक बहन आशा चौहान करेंगी सत्संग और अध्यक्षता। इसी क्रम में सद्गुरु माता सुदिशाजी महाराज एवम निरंकारी राजपिताजी की असीम कृपा से संत निरंकारी मिशन का सन्देश लेकर आदरणीय बहन आशा जी चौहान ज्ञान प्रचारक एवं मुखी ब्रांच फूप के अद्यक्षता में सुलतानपुरा का 35 वार्षिक सत्संग 15/04/25 को रात्रि 07 से 09 बजे तक ग्राम सुल्तानपुरा पेटलावद में आयोजित किया जा रहा है । जिसमे सत्संग उपरांत लंगर प्रसादी का आयोजन भी होगा। संत निरंकारी मण्डल सुल्तानपुरा पेटलावद ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सत्संग ओर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### जयंती पूर्व शाम को किया दीपोत्सव

# आम्बेडकर जयंती पर भाजपा ने किया माल्यार्पण

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। भाजपा ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे आयोजनों की श्रृंखला में डॉ अम्बेडकर जी के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व अम्बेडकर नगर सेवा बस्ती स्थित उनकी प्रतिमा के समीप पहुंच कर दीपोत्सव का आयोजन कर दीप लगाए। वहीं सोमवार को भी सेवा बस्ती में पहुंच कर कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष मकू परवाल सहित कई जनप्रतिनिधि ने सभी ने बाबा साहब अमर रहे के नारे के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर बाबा साहेब को नमन किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री चौहान, सांसद श्रीमती चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री परवाल सहित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोर शाह, मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी, विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता एवं रिंकेश तवर, पूर्व नपा अध्यक्ष रितेश डावर, पार्षद आनंद सोलंकी, राजू शाह, वरिष्ठ नेता अशोक ओझा, प्रताप सिंह सिसोदिया, राजेश गुप्ता, राजू चौहान, संदीप राही, सन्नी गोस्वामी, अभिषेक गेहलोद, सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर किया गया व्याख्यान माला का आयोजन किया

विनय उजाला



**डही, निप्र।** संविधान निर्माता और सामाजिक क्रांति के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जन अभियान परिषद, कुक्षी एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित %सक्षम% कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान माला का आयोजन जनपद सभागार में किया गया। यह आयोजन समाज को समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों की ओर प्रेरित करने वाला रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष श्री अशोक बघेल ने की, वहीं मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में नर्मदा समग्र अभियान के मार्गदर्शक श्री राजेंद्र ससत्या एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज पुरोहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया । श्री फल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता श्री राजेंद्र ससत्या ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा, डॉ. अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार हैं, जो समाज को अंधकार से उजाले की ओर ले जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, समता और न्याय को समाज के लिए आधार स्तंभ बनाया। आज हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम उनके विचारों को धरातल पर उतारें और एक समरस समाज का निर्माण करें

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री मनीष शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन कर बाबा साहब के जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान निर्माण कर समाज को नई दिशा दी और समता, स्वतंत्रता व बंधुत्व के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने समाज को संविधान के माध्यम से न्याय, स्वतंत्रता और समान अवसर प्रदान किए। इस दौरान जन जातिय करी विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम की विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक संध्या राजपुरोहित ने 'सक्षम' कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि यह पहल समाज को भेदभाव रहित बनाने और सामाजिक चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी जाति मानव जाति है और सबसे बड़ा धर्म मानवता। जब हर व्यक्ति यह समझेगा, तभी हम एक न्यायसंगत और जागरूक समाज की कल्पना साकार कर सकेंगे। अंत में सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज पुरोहित ने सभी उपस्थितजनों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, तालाब-कुएं-बावड़ी की स्वच्छता एवं वर्षा जल संचयन की शपथ दिलाई। उन्होंने जल को जीवन का मूल बताते हुए जल बचाने की शपथ दिलाई ।

इस सफल आयोजन में सक्षम कार्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त युवा नेतृत्वकर्ताओं ङ्क योगेश चौयल, नरेन्द्र सिरवी, प्रेरणा एवं मास्टर ट्रेनर मांगीलाल शिंदे का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई



विनय उजाला

**निसरपुर, निप्र।** आज निसरपुर ब्लॉक के ग्राम खंडवा में विश्वरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े ही धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में विचार संगोष्टी का आयोजन किया गया जिसमे बाबा साहब के जीवन व किये गए कार्यों पर प्रकाश डालने के लिया झाबुआ से पधारे डॉ श्री पूरनसिंह बौद्ध व मनावर से शिक्षक श्री दिलीप सोलंकी तथा श्री चेतन गोयल को आमंत्रित किया गया।सभी वक्ताओ ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए महिला शक्ति को अपने हक़ व अधिकार के लिए जागरूक होने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही समिति के सदस्य श्री संतोष सोलंकी ने भी महिलाओ को जागरूक करने आत्मनिर्भर बनने तथा पुरुष के सामान ही कंधे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ने हेतु मनोबल बढ़ाया तथा श्री कृष्णा भंडोले ने बाबा साहब के द्वारा किये गए समर्पण व त्याग को बहुत ही अच्छे तरीके से बताया। इस भव्य कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुदामा पाटीदार व संजय पांडे और समिति के सभी सक्रिय सदस्य सावन जामुने, जगदीश निर्मल जितेंद्र जामुने,श्रवण जामुने,भरत खेड़े, शिवा जामुने कृष्णा भंडोले संजय जामुने रोहित अचाले आदि ने कार्यक्रम को अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। आभार कृष्णा सूर्यवंशी ने माना।

### श्री वीर हनुमान मंदिर समीति सुभाष मार्ग ने किया भव्य स्वागत, शानदार अयोजन

# भजनों और सत्संग से सनातनी समाज में धर्म की अलख जगाना व पहचान दिलाना ही मेरा उद्देश्य : भजन गायिका सोनल शर्मा

### सुमधुर भजनों से किया मंत्रमुग्ध झूम उठे श्रोता





विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** अपने भजनों व सत्संग के माध्यम से धर्म का अलख जगाना और सनातनी लोगो को धर्म से जोड़ना ही मेरा उद्देश्य है, वही वनवासी अंचल राणापुर झाबुआ के नाम को राष्टीय स्तर पर पहचान दिलाना ही मेरा लक्ष्य है। युवा पीढ़ी को पाश्चातय संगीत की बजाय भारतिय संगीत ओर सभ्यता संस्क्रति को आत्मसात करना चाहिये। उक्त बात सुप्रसिद्ध भजन गायिका सोनल शर्मा राणापुर ने चर्चा के दौरान कही।

**भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन :** उलेखनीय है कि 12 अप्रेल हनुमान जयंती कि पूर्व संध्या भजन गायिका सोनल शर्मा राणापुर 11 अप्रेल को श्री वीर हनुमान मंदिर समिति सुभाष मार्ग पेटलावद द्वारा राजेश म्यूजिकल ग्ररुप के सहयोग से आयोजित भजन संध्या में पधारी थीं।

**भजनों की शानदार प्रस्तुति पर झूम उठे श्रोता, महिलाओं ने किया नृत्य व गरबा :** देर रात तक चली भजन संध्या में अपने सुमधुर भजनों की एक से एक प्रस्तुति देकर भारी संख्या में उपस्थित धर्म प्रेमी जनता को मंत्रमुग्ध करते खूब सराहना बटोरी, वही सुमधुर भजनों पर महिलाओं और युवतियों ने नृत्य व गरबा किया। उक्त भव्य और सुंदर आयोजन का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया।

**समिति ने किया सम्मान समारोह आयोजित :** इस शानदार व सराहनीय आयोजन में श्री वीर हनुमान मन्दिर सुभाष मार्ग समिति के सभी सदस्यों ने भजन गायिका सोनल शर्मा और राजेश म्यूजिकल ग्ररुप का साल, श्रीफल, भेंटकर, पुष्पहार व अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया।

**56 भोग लगाकर उतारी महाआरती :** आयोजन के दौरान बाबा बजरंगबली और भगवान श्री गणेश को 56 भोग की प्रसादी का भोग लगाकर देर रात महाआरती उतारी गयी और भोजन महाप्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर मन्दिर समिति के समस्त सदस्य, जनप्रतिनिधि, वार्डवासी व बडी संख्या में धर्म प्रेमी जनता उपस्थित रही।

# ग्राम रिसावला के जंगल में लगी आग 45 मिनट तक जलता रहा क्षेत्र

### स्थानीय ओर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू किया



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** ग्राम पंचायत जामन्यापुरा के गांव रिसावला के बमकुआ स्तिथ बयड़े पर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई समय पर कोई बुझाने का साधन नहीं होने से आग बढ़ती ही चली गई गनीमत रहा की पास ही मकान था उसको आग ने नहीं पकड़ा वर्ना बड़ी घटना घट जाती है । क्योंकी उस मकान में मवेशी भी बंधे थे ओर घर में परिवार भी था । इस आग में किसान का साल भर का चारा भी जल गया । स्थानीयों ने बताया की आग पहले धीरे धीरे जल रही थी लेकीन कोई नहीं होने के कारण आग तेजी बढ गई जंगल में आग में ही आग हो गई ।

स्थानीय विक्रम सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आग सुबह से जल रही थीं । जिसे वो बुझा कर आ गया था । लेकिन झाड़ियो में कहीं चिंगारी बच गई होगी। जो दोपहर के समय तापमान बढ़ने के साथ आग की लपटों में परिवर्तित हो गया और इस आगजनी ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया और बेक़ाबू हो गई। तब उसने ट्यूबबेल चालू कर उसे अपने स्तर पर बुझाने की कोशिश ही कर रहा था कि तभी बिजली चली गई अगर बिजली बंद न होती तो इस आग को नियंत्रित किया जा सकता था । इस दौरान कोई चिंगारी गेहूं के भूसे में चलीं गई ।जिसने आग और फैला दिया आलम यह हुआ की घरों के आसपास झाड़ियों को अपने लपटों में ले लिया। जो बढ़ती हुई जोबट कुक्षी मुख्य मार्ग से लगे हुए घरों की ओर बढ़ गई। जिससे सभी ग्रामीणों ने पानी छिट कर काबू किया। वहीं नरभु अनारे के घर के सदस्यों ने मुस्तेदी के साथ अपने घर को आग से बचाया। सरपंच प्रतिनिधि अर्जून चौहान भी घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली ।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती मनाई



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** अंबेडकर भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वी जयंती बडी धूमधाम से मनाई। सर्व प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने कहा कि सामाजिक न्याय समानता और संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब के अमर योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है वे महान समाज सुधारक , विधिवेता और संविधान निर्माता थे । उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव , छुआछूत और असमानता के विरुध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी ।

भाजपा नेता श्याम अगाल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान के निर्माता थे । देश के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा । उनकी जयंती के अवसर पर हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते है । इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश झाबा, बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया,वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पवार, अजजा मोर्चा अध्यक्ष सुरेश रावत , भाजपा नगर अध्यक्ष अंकित झवर, अजा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, धर्मेंद्र सोलंकी, सोमला बघेल, रमेश सिसोदिया, केसर सिंह मंडलोई, प्रताप गुरूजी मेरती , भुरू मेरती,लाल सिंह मेहडा नाहवेल, जन अभियान परिषद के बी सी मोहन सिंह सोलंकी, प्रताप सिंह मौर्य ,प्रताप सिंह चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मालवा तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास में सारंगी, झकनावदा, झाबुआ के बाद अब करवड़ श्रावक समाज ने बनाया एक रिकॉर्ड...

# तेरापंथी श्रावक समाज करवड़ ने बनाया एक अविस्मरणीय कार्यक्रम

## करवड़ का 18 वर्ष से ऊपर का पूरा तेरापंथी श्रावक समाज बना मालवा सभा का आजीवन सदस्य

विनय उजाला





**पेटलावद, निप्र।** श्री मालवा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी मालवा सभा द्वारा मालवा सभा आपके द्वार के तहत मालवा तेरापंथी श्रावक जनगणना व सदस्यता अभियान के अंतर्गत गत दिवस करवड़ का दौरा किया गया। करवड़ तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से की गई। इस अवसर पर मालवा सभा के ऊर्जावान अध्यक्ष संजय गांधी ने कहा कि 90 वर्ष पुरानी मालवा सभा मे पहली बार श्रावक के साथ साथ श्राविकाओं ने भी उत्साह के साथ जुड़कर जो मालवा सभा पर विश्वास जताया है वह अनुकरणीय है ।आपने इस अवसर पर मालवा सभा द्वारा चलाये जा रहे जनगणना एवं सदस्यता अभियान व आगामी अक्षय कुंभ, चौका सेवा,संपोषण आदि कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

उक्त कार्यक्रम में मालवा सभा के मंत्री अरुण एस बी श्रीमाल ने इस अवसर पर मालवा के समस्त तेरापंथी परिवार के हर सदस्य को मालवा सभा से जुड़कर इस अभियान में अपना पूरा सहयोग देने हेतु सभी से निवेदन किया।

मालवा सभा आपके द्वार के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष फूलचंद जी कांसवा आदि ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। स्वागत भाषण करवड़ सभा अध्यक्ष प्रकाश जी मांडोत ने दिया ।इस अवसर पर करवड़ सभा ने मालवा सभा के पदाधिकारियों का बेच लगाकर सम्मान किया ,वही स्थानीय सभा,महिला मंडल,युवक परिषद का मालवा सभा ने भी अपनी ओर से स्वागत,अभिनन्दन किया ।इस अवसर पर मालवा सभा के संगठनमंत्री राकेश बम्बोरी व प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज जे.पटवा ने बताया कि मालवा सभा आपके द्वार के तहत आयोजित उक्त गरिमामय कार्यक्रम में करवड़ तेरापंथ श्रावक समाज ने मालवा तेरापंथ इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कराते हुए यहां के 18 वर्ष से ऊपर श्रावक समाज के समस्त श्रावक श्राविकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ एक साथ सामूहिक रूप से आजीवन सदस्यता ग्रहण कर धर्मसंघ व मालवा सभा के प्रति अपनी आस्था जताई है ।इस अवसर पर आगामी भावी कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा भी की गई व उक्त योजनाओं के मूर्त रूप देने हेतु आपसी विचार विमर्श भी किया।

कार्यक्रम में मालवा सभा के कोषाध्यक्ष प्रदीप पालरेचा ने आय व्यय का ब्यौरा देते हुए कहा कि मालवा का पूरा तेरापंथी श्रावक समाज जिस तरह से मालवा सभा को जो सहयोग दे कर जिस उत्साह के साथ जुड़ता जा रहा है वह सराहनीय है ।इस अवसर पर कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए उमेश श्रीमाल ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम के अंत मे आभार ऋतुराज मांडोत ने माना। उक्त कार्यक्रम में अशोक जी श्रीमाल,अमृतलालजी मांडोत, अनोखीलालजी श्रीमाल, प्रकाशजी बंबोरी, राजेश जी श्रीमाल पीयूषजी मांडोत,संतोष जी मारू (पेटलावद),आशीष बम्बोरी,शुभम मांडोत,अंकित श्रीमाल आदि वरिष्ठजन सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला भाजपा अध्यक्ष अजय यादव ने जुलवानिया मण्डल के ग्राम सांगवी ठान में ग्रामीणजनों के साथ मनाई बाबा साहब की जयंती



**बड़वानी, निप्र।** भारत रत्न, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय यादव ने जुलवानिया मण्डल के ग्राम सांगवी ठान में ग्रामीणजनों के साथ मनाई। जिला अध्यक्ष अजय यादव व जुलवानिया मण्डल अध्यक्ष गोलू यादव ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बाबा साहब के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, समानता व कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के संविधान रचयिता व भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने भारत को एक भव्य संविधान दिया जो सभी के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है उन्होंने अपनी कुशाग्र बुद्धि से भारत देश को एक नई दिशा देने का काम किया व सामाजिक समरसता का ताना बाना गूंथा। उनके द्वारा देश हित मे अनेका अनेक कार्य किये गए इस अवसर पर राजू जमरे, संतोष भालसे, जॉनी भा, सुखलाल आमले सहित ग्रामीणजन व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा से मनाई

**खरगोन, निप्र।** शहर में संविधान निर्माता और भारत रत्न प्राप्त डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई । भव्य शोभायात्रा किले निकलकर सराफा बाजार से शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली , जहां सजे स्वागत द्वारो पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया तो वहीं जगह जगह लगे सत्कार स्टालों पर सेवादारों ने अनुयायियों को जलपान कराया ।

युवाओं का अनूठा प्रयास

# ग्राम सभा में युवाओं ने रखी अपनी समस्याएं

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिले कि 30 ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा इस बार कुछ अलग ही रंग में नजर आई।जहां आमतौर पर बुजुर्गों और पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में ही सभा संपन्न होती थी,वहीं इस बार गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और पहली बार संगठित होकर अपने मुद्दे सामने रखे।




गांव के दर्जनों युवा एकजुट होकर सभा में पहुंचे और उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, रोज़गार, भेदभाव, हिंसा, नशा मुक्त सुरक्षित गाव तथा डिजिटल साक्षरता जैसे कई अहम मुद्दों को पंचायत के सामने रखा।युवाओं ने बताया कि गांव में उच्च माध्यमिक विद्यालय की सुविधा नहीं है,जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है।साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की कमी, खेल मैदान की बदहाल स्थिति और युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं की अनुपलब्धता पर भी ध्यान दिलाया।

ग्राम के सरपंच,नोडल अधिकारी व ग्रामसभा में उपस्थित अन्य विभागों ने युवाओं की इस जागरूकता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'यह बहुत ही सकारात्मक संकेत है कि हमारे गांव के युवा अब विकास के मुद्दों को लेकर सजग हो रहे हैं।पंचायत उनकी बातों पर गंभीरता से विचार करेगी और संभव उपाय करेगी।'

युवाओं ने भी बताया कि इस प्रकार कि गतिविधि से हमारे आत्मविश्वास में बढोतरी हो रही ग्रामसभा में हमें बोलने का अवसर मिला ये हमारे लिए गर्व कि बात इस आयोजन में स्थानीय समाजसेवी संस्था पहल जनसहयोग विकास संस्थानने युवाओं को मुद्दों की पहचान, प्रस्तुति की तैयारी और पंचायत के साथ संवाद के लिए मार्गदर्शन दिया।संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर हर्षा परमार ने बताया संस्थान द्वारा सजग कार्यक्रम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से बड़वानी जिले के 30 गावो में युवओं को संवैधानिक मूल्यों कि समझ को बेहतर बनाने के लिए संचालित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के संचालन में संस्थान के साथी अमित, रोशनी, वरलिया, समरा और सुरेश द्वारा महत्पूर्ण भूमिका निभाई जा रही है ।

# जिला भाजपा बड़वानी द्वारा 17 मंडलों की कार्यसमितियों की घोषणा

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने हेतु जिला अध्यक्ष अजय यादव द्वारा जिले के लगभग 17 मण्डलों की कार्यसमिति की घोषणा करि है।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के निर्देशानुसार तथा संभागीय प्रभारी राघवेंद्र गौतम, जिला संगठन प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार एवं जिला अध्यक्ष अजय यादव की सहमति से जिले के लगभग 17 मण्डलों की



नवीन कार्यसमिति की घोषणा की गई।जिला अध्यक्ष अजय यादव ने बताया की प्रदेश संगठन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिले की चार विधानसभा बड़वानी, राजपुर, सैंधवा व पानसेमल के लगभग 17 मण्डलो की नवीन कार्यसमिति की घोषणा की गई।

**विधानसभावार मण्डल कार्यसमिति की घोषणा :** उन्होंने बताया कि बड़वानी विधानसभा में पाटी, बोकराटा व मेणीमाता, राजपुर विधानसभा में तलवाड़ा, ठीकरी, ओझर व जुलवानिया, सैंधवा विधानसभा में सैंधवा, सैंधवा ग्रामीण, शाहपुरा, बलवाड़ी व धनोरा तथा इसी तरह से पानसेमल विधानसभा क्षेत्र में जलगोन, खेतिया, पलसूद, निवाली व चाटली मण्डलों की कार्यसमिति की घोषणा की गई।

उक्त घोषणा से मण्डल कार्यकर्ताओ में हर्ष छा गया व सभी मण्डलों की नवगठित कार्यसमिति के पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारीगणो, कार्यकर्ताओ, वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनधिगणो ने शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी गई।

## पेसा नियम अंतर्गत बड़वानी विकासखंड में नवीन ग्रामसभा का प्रस्ताव पारित किया गया



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिले के विकासखण्ड बड़वानी के ग्राम पंचायत बोरलाय के बयडीपुरा में नवीन पेसा ग्राम सभा गठन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के तहत पारित किया गया।इस प्रस्ताव पारित होने के बाद, ग्राम बोरलाय के बयडीपुरा में नवीन ग्राम सभा का गठन किया जाएगा।इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भाग लिया और ग्राम सभा के गठन के लिए सहमति व्यक्त की।पेसा कानून(पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम - 1996) अंतर्गत नवीन ग्राम सभा का गठन किया गया।साथ ही, ग्रामवासियों द्वारा बयडीपुरा का नजरी नक्शा भी बनाया गया। तत्पश्चात उपस्थित मतदाताओं की सर्वसहमति से श्री प्रकाश नरगावे को ग्राम सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।विकासखंड समन्वयक श्री सतीश भूरिया द्वारा ग्रामीणों को पेसा कानून अंतर्गत जल,जंगल,जमीन के अधिकार - वन संसाधन समिति, भूमि प्रबंधन समिति, खान खनिज समिति, शांति एवं विवाद निवारण समिति, मातृ सहयोगिनी समिति,तदर्थ समिति आदि के कार्य तथा उद्देश्यों को लेकर ग्रामीण जनों को जानकारी दी गई।

बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच,गांव के पटेल,पुजारा, गांव डाहला, युवाजन,मातृ शक्ति, ग्राम सभा मोबिलाइजर आदि उपस्थित रहे।

## नव कोपलों ने किया श्रृंगार जल की हर एक बूंद ने रचा चैतन्य संसार

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जल आज है जल कल है जल के बिना जीवन मुश्किल है। जल गंगा संवर्धन अभियान जो कि हमें जल संचय, जल संरक्षण एवं जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए हर वक्त याद दिला रहा है। शिवकुंज पर विगत दिनों 22 मार्च को आगजनी के कारण तलहटी में बड़ी संख्या में पौधों को नुकसान हुआ था। सारी ड्रिप जल जाने से सिंचाई व्यवस्था चरमरा गई थी किंतु शिव कुंज के स्वयंसेवकों ने भी हार नहीं मानते हुए। अटल जी की उस कविता को चरितार्थ किया जिसमें उन्होंने हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा काल के कपाल पर लिखता हूं मिटाता हूं गीत नया गाता हूं को चरितार्थ करते हुए।

कलेक्टर एवं आशाग्राम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुश्री गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन में तथा एसडीएम बड़वानी श्री भूपेंद्र रावत के संयोजन में तथा कृषि विभाग के उपसंचालक श्री आरएल जमरा के साथ मिलकर जनसहयोग से हर एक झुलसे हुए पौधे तक पुन: ड्रिप व्यवस्था से सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया ।

स्वयं सेवकों की मेहनत रंग लाई और मात्र 24 दिन में झुलसे हुए पौधों पर नव कोपलों के आगमन से मानो हर मन हर्षाया है जिसने आपदा को हराया है। आज सुबह नवकोपलो की अनेक पौधों पर बहार देखकर मानो जल गंगा संवर्धन अभियान से साक्षात्कार ही हो गया जल की हर एक बूंद जीव जगत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हमारे प्राण वायु दाता पौधों के लिए भी कितनी आवश्यक है यह शिवकुंज की क्षतिग्रस्त तलहटी में आ रही नव चेतना के माध्यम से देखा जा सकता है।

## श्रीराम वन गमन और श्रीराम संस्कृति संरक्षण की अखिल भारतीय बैठक में दिलीप कर्पे भी शामिल होंगे



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा अयोध्या में 19 व 20 अप्रैल को श्रीराम वन गमन और श्रीराम संस्कृति संरक्षण की अखिल भारतीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी नृत्य गोपाल दास , प्रबंध न्यासी डॉक्टर रामावतार और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गर्ग है। श्री पूर्णानंद बाबा संस्थान के अध्यक्ष अजय भट्ट ने बताया कि बाबा पूर्णानन्द के भक्त और मां नर्मदा नदी के उपासक दिलीप कर्पे को भी इस महती बैठक में शामिल होने का निमंत्रण मिला। श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास नई दिल्ली का उद्देश्य है , जहां जहां प्रभु श्रीराम ने यात्राएं की , उन स्थानों की खोज कर , विलुप्त और जीर्ण शीर्ण हो रहे उन स्थानों का संरक्षण और संवर्धन करने के साथ साथ प्रमाणित स्थानों की जानकारी जुटाकर उन्हें सूचिबद्ध करना। दिलीपसिंग चौहान ने बताया कि दिलीप कर्पे द्वारा हाल ही में 41 दिवसीय 8700 किलोमीटर की श्रीराम गमन पथ यात्रा पूरी करने के साथ ही उन्होंने शोध कार्य भी किया है।श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा अयोध्या में 19 व 20 अप्रैल को श्रीराम वन गमन और श्रीराम संस्कृति संरक्षण की अखिल भारतीय बैठक में दिलीप कर्पे के साथ राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव भी जायेंगे , जहां शिक्षा में रामत्व* को लेकर संचालित किये जा रहे अभियान को लेकर कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी।

निमाड़ के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में दिलीप कर्पे और राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के हिस्सा लेने पर सकल हिन्दू ,ब्राह्मण और महाराष्ट्र , समाज के साथ साथ जिला पत्र लेखक संघ जिपलेप , विश्व हिंदू परिषद , काव्य संगम , राज्य शिक्षक संघ और हितैषियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई ।

### गायत्री पद्धति से विवाह की रस्म संपन्न कराई

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत 201 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ

विनय उजाला

**कसरावद , निप्र।** सोमवार को डॉ.भीमराव अम्बेडकर साहेब जंयती पर जनपद पंचायत अंतर्गत कृषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 201 जोडों का विवाह सम्पन्न हुआ ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह अन्तर्गत वधु के खाते मे शासन द्वारा 49000 की राशि भुगतान की जायेगी वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए सांसद गजेन्द्र पटेल , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तवर, विधायक सचिन यादव, पुर्व विधायक



आत्माराम पटेल, जनपद अध्यक्ष सारिका राजेश बागदरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तवर राजेंद् यादव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव, अन्त्योदय समिति अध्यक्ष दशरथ पटेल, राजेश बागदरे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, लक्ष्मण पटेल जनपद उपाध्यक्ष यादव, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष मांगीलाल गाडगें , पुर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर सिंह राठौर , राजीव पटेल , पार्षद प्रतिनिधि हेमन्त सोनी, नगर परिषद एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा जनपद पंचायत कसरावद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए इनके द्वारा वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया एवं कन्या को 49000 खाते मे भुगतान के स्वीकृति पत्र एवं प्रतिक स्वरूप चेक प्रदाय किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी ।

### संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर की जयंती पर हुए कई आयोजन

## न प ने बांटे मरीजों को फल व बिस्किट

### सामाजिक संगठनों ने किया माल्यार्पण और बाबा के आदर्शों को याद

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती पर नगर परिषद पेटलावद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के विभिन्न संगठनों ने भाग लेकर बाबा साहेब को याद किया ।नगर के वार्ड क्रमांक 08 में स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें नमन करते हुए याद किया गया ।नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती ललिता योगेश गामड़,पेटलावद की अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तुनश्री मीणा,जनपद पंचायत पेटलावद के अध्यक्ष रमेश चन्द्र सोलंकी,हेमंत



भट्ट,वार्ड क्रमांक एक के पार्षद मुकेश परमार,वार्ड क्रमांक आठ की पार्षद ममता गुजराती,श्री ओंकार सिंह मेड़ा ने संबोधित किया ।संचालन मनोज परमार ने किया ।नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी ने कहा की बाबा साहेब के बताये हुए रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने का प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है ।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति :** इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजयकहार, मुकेश पडियार,संजय चानोदिया, चंदा राजू मेड़ा, वीरेंद्र भट्ट,मनोज जानी, शिवा राठौड़,रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय मेहता, योगेश गामड़, भेरूलाल दीपक निमजा, दुर्गावाहिनी की बहने,निरंकारी ग्रुप के बसंतीलाल लुहार,गायत्री ग्रुप, वेष्णवी भट्ट,आशीष बाविष्कर, अंशुल व्यास व कमलेश भानपुरिया,मुकेश सिसोदिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को याद किया ।

### 23 अप्रैल से प्रारंभ, 75 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करेगी

# श्री शालीवाहन कुशाव्रत पैदल पंचकोशी यात्रा की तैयारियां प्रारंभ

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** आध्यात्मिकता के साथ ही जनजागृति माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए स्वच्छता संबंधित जन संदेश दिया जाएगा।

श्री शालीवाहन कुशाव्रत पैदल पंचकोशी यात्रा आयोजन की तैयारियां प्रारंभ। पाँच दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत 23 से होगी, 27 अप्रैल को सत्तू अमावस्या के उपलक्ष में यात्रा का समापन होगा। 75 किलोमीटर की पैदल यात्रा मां नर्मदा के प्रति आस्था और समर्पण के प्रति समर्पित होगी। यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को 22





अप्रैल की शाम श्री शालीवाहन नर्मदा तट पहुंचना होगा।

मां नर्मदा से प्रदूषण से बचने के लिए सामाजिक जन संदेश सभी यात्रा के दौरान दिए जाएंगे।

28 वे वर्ष में अगामी आयोजित होने वाली माँ नर्मदा पैदल यात्रा समिति सदस्य जुटे हुए हैं। यात्रा संयोजक नर्मदा भक्त राजेंद्र सिंह यादव ने बताया यात्रा मे शामिल होने वाले श्रद्धालु पंजीयन करा रहे हैं। करीब 500 से अधिक कि संख्या में माँ नर्मदा भक्तो के शामिल होने की संभावना है।

23 अप्रैल को नर्मदा तट के श्री शालीवाहन शिव मंदिर परिसर से मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात मां नर्मदा का दुग्ध अभिषेक कर धर्म ध्वजा लिए यात्रियों का कारवां यहां से बोथू, ढालखडा, बलगांव, आश्रम पहुंचेगी। दोपहर बाद यात्रा खलबुजुर्ग पहुंचेगी। यहां महंत श्री बालक दास जी महाराज सेवा आश्रम में रात्रि विश्राम होगा। 24 अप्रैल को यात्रा का अगला पड़ाव खलघाट से मोरघड़ी के लिए प्रस्थान करेगी। नर्मदा किनारे स्थित बलवाड़ा से जलकोठी इस दिन दोपहर को पहुंचेगी।

शाम को महेश्वर के मुख्य घाट पर पूजन होगा। उसके बाद यात्री विश्राम करेंगे। 25 अप्रैल को यात्रा अपने अगले पड़ाव के लिए रामदेव बाबा आश्रम दोपहर मंडलेश्वर पहुंचेगी। रात्रि विश्राम मंडलेश्वर में होगा। 26 की सुबह यात्रा 56 देव भगवान की पूजा अर्चना कर नर्मदा के दक्षिण तट माकड़खेड़ा के लिए रवाना होगी। यहां से यात्रियों का जत्था सुबह संत श्री कुर कुर बाबा के मंगलदीप आश्रम में स्वल्पाहार के पश्चात नर्मदा तट के कठोरा गांव पहुंचेगी। यहां परम पूज्य संत श्री नानक दास जी महाराज सेवा आश्रम में सभी नर्मदा परिक्रमावासियो के लिए भंडारे की व्यवस्था गांव के माध्यम से जुटाई जाएगी। दोपहर बाद बड़गांव स्थित माडव्य ऋषि गुफा आश्रम पहुंचेगी। देव दर्शन कर यात्रा इसी दिन कसरावद मंडलेश्वर मार्ग बड़ी माता मंदिर मे पहुंचेगी। यहां भंडारे का आयोजन होगा। रात्री विश्राम कर अगले दिन 27 अप्रैल को यात्रा पुन: नर्मदा तट श्री शालीवाहन मंदिर पहुंचेगी। यहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद यात्रा का समापन होगा।

500 से अधिक यात्रियों का कारवां नर्मदा तट के मुख्य किनारे गांवों तक पहुंचेगी ।यात्रा का जन संदेश श्रद्धालुओं को चर्चा के माध्यम से बताएंगे। प्रदूषण की समस्या को कैसे दूर किया जा सकता है। नर्मदा तट के अधिकाशं गांवों की गलियों से निकलने वाला गंदा एवं मटमैला पानी नर्मदा में प्रवाहित ना करते हुए वैकल्पिक गढ़ों में पानी निकासी की व्यवस्था सबंधित जन संदेश लिए प्रेरित करेंगे। अधिकांश स्थानों पर गांव का गंदा पानी नर्मदा जी में विलय हो रहा है। जिससे मां नर्मदा जी का पवित्र जल प्रदूषित हो रहा है। गांव के आमजनों को इसे लेकर इस यात्रा के माध्यम से जागृति लाने का प्रयास किया जाएगा। नर्मदा तट पर कूड़ा करकट सहित पूजन सामग्री व नहाते समय साबुन एवं केमिकल का उपयोग नही करने की समझाईश दी जाएगी। यह यात्रा आध्यात्मिकता के साथ ही जनजागृति माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए स्वच्छता संबंधित जन संदेश दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रोशन रायकवार राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त



**देवास, निप्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन के 10 दिनों के भीतर ही कांग्रेस कमेटी द्वारा मिशन गुजरात के तहत देश के चुनिंदा कांग्रेस नेताओं को राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों में युवक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रोशन रायकवार को राष्ट्रीय पर्यवेक्षक का दायित्व सोपा गया है। श्री रायकवार गुजरात में रहकर पार्टी के नए जिला अध्यक्ष एवं संगठन प्रक्रिया की मजबूती के लिए काम करेंगे। इनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरु चरण सिंह सलूजा प्रदीप चौधरी पूर्व महापौर रेखा वर्मा प्रयास गौतम पंडित रितेश त्रिपाठी मनोज हेतावल रमेश व्यास डॉ मुकेश सोलंकी अजय सिंह राजोदा, वीरेंद्र परदेसी राजेश राठौर रोहित अंधेरिया संजय रैकवाल, सुभाष वर्मा आदि इष्ट मित्रों ने बधाई दी है उक्त जानकारी डॉ. मुकेश सोलंकी ने दी।

### किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री ने बूथों का किया दौरा



**सोनकच्छ, निप्र।** भाजपा के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत प्रदेश में भाजपा किसान मोर्चा मंत्री महेश में पाटीदार ने रविवार को गांव सांवेर और गंजपुरा के बूथों का दौरा किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान पाटीदार ने सरकार की ने जनकल्याणकारी योजनाओं और। नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं के लाभार्थियों ने से भी संपर्क किया। ग्रामीणों ने योजनाओं से जुड़े अनुभव साझा किए। पाटीदार ने कहा कि सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

### 15 अप्रैल को सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में विशेष ध्यान शिविर का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** विकासखण्ड के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के लिये 15 अप्रैल 2025 को प्रात: 08 बजे से 10 बजे तक सरस्वती विद्या मंदिर खरगोन में विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्र शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता में वृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस ध्यान सत्र में खरगोन विकासखण्ड के प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक की सहभागिता अनिवार्य है, जिससे वे अपने विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी ध्यान एवं मानसिक सशक्तिकरण के लिये मार्गदर्शन दे सकेंगे।

# शहर व अंचल में उत्साह से मनी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती शहर व अंचल में उत्साह के साथ मनाई। राजनीतिक, सामाजिक और कर्मचारी संगठनों के साथ ही अन्य समूह व लोगों ने डा. आंबेडकर के कामों को याद किया। इस दौरान बाइक रैली का भी आयोजन किया गया। शासन पहले ही इस दिन छुट्टी घोषित कर चुका था।

**अजाक्स ने किया माल्यर्पण :** मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला देवास द्वारा बाबा साहब की 133 वी जयंती पर जिलाध्यक्ष आर आर हरियाले एव कार्यकारी अध्यक्ष सीमा चौहान के नेतृत्व में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एव बाबा साहब द्वारा बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर सम्भागीय महासचिव हेमराज गोखले, देवकरण सोलंकी, हीरालाल चक्रवर्ती, जगदीश मालवीय, दिनेश जिनवाल, महेंद्र सिंह परमार, एपी पारस , रश्मि पांडेकर, राजेश चौहान, दिलीप सिंह बारिया आदि उपस्थित रहे।

**राजोदा- बालोदा में जन्म जयंती मनाई :** समीपस्थ ग्रामद्वय राजोदा-बालोदा में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जन्म जयंती मनाई गई। ग्राम पंचायत भवन राजोदा में पंच एवं समाजसेवी रवि चौधरी (कालू भैय्या) के मुख्य आतिथ्य में एवं विशिष्ट अतिथि समरसता साहित्य अकादमी प्रदेश सचिव एवं प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया, समाजसेवी कैलाश चौधरी द्वारा बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला एवं बाबा साहब के विचारों को अंगीकार कर उन्हें अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेहम्मूद पटेल, रमेश चंद्र परमार,भगवान परमार,राधा त्रिवेदी, माया पाटीदार, रेखा भाटी, गुड्डी बाई चौधरी, किरण पाटीदार आदि उपस्थित रहें। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बालोदा में सरपंच प्रतिनिधि पवन चौधरी के मुख्य अतिथ्य में एवं विशेष अतिथि प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर दिनेश चौधरी,दीपक गांगुली,सचिन गांगुली, दरबार सिंह आदि उपस्थित रहें ।

**बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई :** स्थानीय फ्रीगंज चौराहा टोंकखुर्द में शहर कांग्रेस कमेटी टोंकखुर्द के अध्यक्ष नितेश धाकड़ के नेतृत्व में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पुष्प माला पहनाकर मनाई गई। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश पांदा, मांगीलाल रैकवार, चंदर सिंह अमलावतीया सेकली, विक्रम बामनिया रनायरकला, अतीक शेख, मनीष जैन, चेतन परमार आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**शा.कन्या महाविद्यालय में मनाई जयंती :** महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 14 अप्रैल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भारत सिंह गोयल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण मे बाबा साहेब डॉ.बी.आर अंबेडकर की 135 वी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ.बी.आर अंबेडकर के छायाचित्र पर प्राचार्य डॉ.भारतसिंह गोयल द्वारा माल्यार्पण किया गया ।इसके उपरांत डॉ.गोयल ने अपने उदबोधन में बताया कि द अनटचेबल्स जैसी रचनाओं द्वारा सामाजिक कुप्रथाओं के अवैज्ञानिक आधारों को अनावृत करने का महान कार्य भी उन्होने किया। साथ ही 25 दिसम्बर 1927 को महाड सत्याग्रह के दौरान यह कहते हुए कि मनुस्मृति विषमता का समर्थन करती है। मनुस्मृति को जला दिया। मार्च 1930 में उन्होंने कालाराम मंदिर प्रवेश सत्याग्रह का सफल संचालन किया। वे शासकीय विधि महाविद्यालय, मुंबई में प्राध्यापक एवं प्राचार्य भी रहे। उन्होने स्वयं कई स्कूलों (बम्बई) एवं दो कॉलेजों की स्थापना की। 1953 में उस्मानिया वि.वि. ने उन्हे डी. लिट की उपाधि प्रदान की।

उन्होने थॉट्स ऑन पाकिस्तान, रानाडे, गांधी और जिन्ना, स्टेट एण्ड मायनॉरिटीज सहित कई पुस्तकें लिखी परन्तु उनकी महान् रचना बुद्ध और उनका धम्म है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो.दिपंविता गांगुली, प्रो.रॉबिन शेख, प्रो.शाजिया शेख, प्रो.नेहा राठोर, प्रो.आकांश कुसराम, प्रो.इति चोबे, प्रो.कुसुम गोखले, धर्मेद्र दडिंग, सुरेश व्यास, अजय वर्मा, अल्पना कुशवाह, विजय योगी, कमल किशोर, राधा पांडे, प्रेम बाई , कृष्णा बाई, सरजू बाई, प्रभुलाल बरोड़ एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो.प्रमोद परिहार ने किया।

#### किसान हित में सहकारिता ऋण ब्याज छूट की समय-सीमा बढ़ाने हेतु

## डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को सौंपा गया आग्रह पत्र



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** आज अल्प प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी से सोनकच्छ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश सोनकर जी के नेतृत्व में भेंट कर सहकारिता सोसायटी के माध्यम से किसानों को दिए गए ऋण पर ब्याज में छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल तक करने की मांग की गई।

माननीय उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी ने इस विषय पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वस्त किया कि वे इसे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के संज्ञान में लाकर शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री महेश पाटीदार जी, श्री राजेंद्र सिंह मोडरिया (अध्यक्ष), श्री सचिन बघेल, अनेक किसान बंधु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### दुकानों से माल खरीदकर नहीं करता था भुगतान

# जालसाज को सतवास पुलिस ने पकड़ा पांच लाख रुपए का माल भी किया जब्त

### इंदौर के शातिर ठग ने सतवास. हाटपीपल्या सहित अन्य जगहों के व्यापारियों को ठगा



विनय उजाला

**सतवास, निप्र।** सतवास पुलिस ने एक बडे जालसाज को पकडा हैं। आरोपी दुकान पर जाकर जमकर खरीददारी कर लेता, फिर पैसे देने के समय अपना हुनर दिखा देता। पुलिस ने छह स्थानों से खरीदा माल भी जब्त किया हैं। 12 मार्च को थाना सतवास पर आवेदक रमेशचंद्र राठौर ने केस दर्ज कराया। आवेदक ने बताया कि पुनासा रोड सतवास पर फर्नीचर कि दुकान है, कुछ दिन पहले उसकी दुकान पर सौरभ जैन नाम का व्यक्ति आया और एक सौफा सेट, एक अलमारी, एक टेबल, एक गोदरेज अलमारी, एक राउंड कुर्सी, एक पलंग, एक गद्दा, छह प्लास्टिक कुर्सी खरीदी। पैसा देने की बात आई तो बोला आपका जो भी पैसा है, वो कल आकर दे देगा। उसके द्वारा एक्सिस बैंक कन्नौद का एक चेक दिया गया। दो दिन के बाद में उसके बताए स्थान पर गया तो वहां कोई नहीं मिला। मेरा सामान भी नही था ओर जो चेक दिया था, उस अकाउंट में भी पैसे नही थे। उक्त घटना के बारे में जानकारी लेकर थाना प्रभारी बीडी बीरा द्वारा तुरंत एक टीम का गठन किया गया। आरोपी की जांच के निर्देश दिए गए। आरोपी कि पहचान के लिए आवेदक कि दुकान के आसपास व सतवास क्षेत्र में आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए, जिसमें आरोपी एक स्कूटी पर क्षेत्र में घूमता दिखा। तकनिकी साक्ष्य के आधार पर लगातार आरोपी का पीछा किया गया परंतु आरोपी शातिर व पढा लिखा होने के कारण अपना मोबाइल बंद कर लेता था। जांच के दौरान मुखबिर से उसकी लोकेशन मिली। सूचना पर दबिश देकर आरोपी को पकडा गया।

आरोपी के पास से खरीदा गया फर्नीचर जब्त किया गया। आरोपी ने हाटपीपल्या में भी फरीयादी सचिन अजमेरा को डिस्पोजल दोना पत्तल दिलाने के नाम से 18 फरवरी को 26000 रुपए कि राशि अपने खाते मे डलवाई थी, आरोपी उसके बाद फरार हो गया था। इस तरह थाना सुनेल जिला झालावड राजस्थान के फरियादी बजरंगलाल पिता निर्भयलाल के साथ भी 13 मार्च को मध्यप्रदेश का शासकीय ठेकेदार बनकर उसकी दुकान से इलेक्ट्रिकल वायर के करीब 45 बंडल व एम्प्लिफायर स्विच व साकेट आदि जिनकी किमत करीब 83000 रुपए कि धोखाधडी कर ले गया। जिस पर थाना सुनेल जिला झालावड में भी धारा 318(4),316(2) ब्रहस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपी से उक्त सामान भी जब्त किया गया। आरोपी ने ग्राम सोयतकला जिला आगर मालवा के गोपाल विश्वकर्मा से धोखाधडी कर सरकारी ठेकेदार बता कर बिजली के तारों के बंडल जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपए है, ले गया था। उक्त सामन को भी आरोपी के पास से जब्त किया गया। इसी तरह आरोपी के द्वारा फरीयादी आशीष गोयल निवासी टिमरनी से भी 07 पंखे धोखाधडी कर ले गया। उक्त पंखों को भी जब्त किया गया। आरोपी द्वारा अकोदिया के एक फर्नीचर व्यपारी से सौफा सेट ,पंलग अलमारी धोखाधडी कर ले गया उक्त मश्रुका भी आरोपी से जब्त किया। आरोपी सौरभ जैन पिता रामचंद्र जैन निवासी स्कीम न. 114 विजयनगर इन्दौर का होकर अंतराज्यीय ठगी करता है ओर जिस स्थान पर ठगी करता है उसी स्थान का आधार कार्ड बनवा लेता था व वहा के लोगों को आधार कार्ड दिखाकर दुकान किराये से ले लेता था ओर धोखाधडी करता था। पूरी घटना में उक्त आरोपी से 6 जगहों पर कि गई वारदातों का मश्रुका प्राप्त किया गया। जिसकी कीमत करीबन पांच लाख रुपए हैं।

## जय श्री राम के उद्घोष एवं भगवा पताकाओं के साथ शहर में निकली भव्य भगवा यात्रा



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** संस्था युवा बजरंग सेना के तत्वाधान में भव्य भगवा यात्रा शहर में निकाली गई। भाजयुमो एवं संस्था के अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस द्वितीय वर्ष भी रविवार को शाम 5 बजे सयाजी द्वार से विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष, सवंरक्षक महाराज विक्रम सिंह पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं सभापति रवि जैन के मुख्य आतिथ्य में महाआरती के साथ भगवा यात्रा प्रारंभ हुई।

यात्रा में बडी संख्या में हिन्दू युवा हाथो में भगवा पताकाएं लिए एवं जय श्री राम के उद्घोष के साथ शामिल हुए। यात्रा में डीजे, ढोल, भगवा पताकाएं, राम दरबार की झांकी, ताशे आदि आकर्षण का केन्द्र थे। पूरा यात्रा मार्ग भगवामय हो गया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराना बस स्टैंड श्री मनकामनेश्वर मंदिर के पीछे मारूती मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां भण्डारा प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें करीबन 3000 से अधिक रामभक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# आबकारी विभाग ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल ने मुखबिर सूचना के आधार पर देवास से बरोठा रोड पर एक एक्टिवा पर दो बेग एवं गाड़ी की डिक्की से 316 पाव देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया और अवैध रूप से मदिरा का परिवहन करने पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया। जब्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 73 हजार 700 रुपए है।

### संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** सामाजिक समरसता मंच के द्वारा संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के मंदिर परिसर पर भारतीय संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के उपलक्ष पर समाज बंधु एवं नगर के सम्मानित नागरिक द्वारा उनके बीच में एक व्याख्यान का कार्यक्रम जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्षता संत शिरोमणि रविदास जी समाज के अध्यक्ष श्री रमेश जी करवाडीया तथा मुख्य वक्ता के रूप में सोनकच्छ खंड के माननीय संघचालक श्री सतीशचंद्र जी तिवारी एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री प्रकाश चंद्र जी बाकलीवाल द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन में प्रकाश डाला गया कार्यक्रम का संचालन नगर प्रचार प्रमुख श्री लवेश जी भावसार द्वारा किया गया तथा आभार श्री हेमराज जी खेलवाल ने माना।

# नदी पर मछली पकड़ने गया युवक, करंट लगने से मौत

### अगले महीने छोटे भाई बहन की शादी है, खुशी वाले घर में मातम छाया



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** स्थानीय युवक कालीसिंध नदी में मछली पकड़ने गया था जहां नदी में सिंचाई हेतु रखीं जल मोटर से करंट लगने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार रेस्ट हाउस रोड निवासी युवक गजेन्द्र माली पिता रमेश माली 28 वर्ष रविवार दोपहर को कालीसिंध नदी पर मछली पकड़ने गया था तभी नदी किनारे सिंचाई करने हेतु लगीं जल मोटर से करंट लगने से गजेन्द्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि गजेन्द्र के घर में अगले महीने छोटे भाई और बहन की शादी है जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही थी,इस घटना से खुशी वाले घर में मातम छा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया और अंतिम संस्कार कालीसिंध नदी किनारे किया गया। गजेन्द्र की मौत से माली समाज सहित मोहल्ले में शोकं व्यप्त है।

### ज्ञान दान अभियान- किताबें दान करें, जीवन संवारें

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिला पंचायत बड़वानी सीईओ सुश्री काजल जावला द्वारा जागृति संकुल स्तरीय संघ अंतर्गत समर्थ सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र बड़वानी के नारी अधिकार केंद्र कार्यालय में आजीविका ज्ञान केंद्र एवं ज्ञान दान अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत, लोग पुरानी और उपयोग में न आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते हैं। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। आपकी एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है। इस अभियान के तहत लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें यूपीएसी, एसएससी बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी, शैक्षणिक पुस्तकें स्कूल और कॉलेज स्तर की सामान्य ज्ञान एवं संदर्भ पुस्तकें दान कर सकते हैं।

इस अभियान से जुड़े आपका पुस्तक दान किसी छात्र के भविष्य को रोशन कर सकता है। हम सब मिलकर शिक्षा को सबके लिए सुलभ बना सकते हैं! इस पुनीत कार्य में आप भी सहयोगी बनें।

#### जिले में जनजागरूकता अभियान चला, शासन के नियम बताए, फिर भी नहीं माने जिले के किसान, जगह. जगह खेतों में जलाई नरवाई

# जिले में नरवाई जलाने पर केस दर्ज.. अर्थदंड भी लगाया, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी





विनय उजाला

**देवास, निप्र।** तमाम समझाइश और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बाद भी देवास जिले में इस साल भी खेत आग के हवाले किए गए। देवास जिले में नरवाई जलाने पर अब जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की हैं। कुछ किसानों पर केस दर्ज किया गया तो कुछ पर जुर्माना लगाया हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिले में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अमले द्वारा नरवाई में आग लगाने पर भूमि स्वामियों पर कार्रवाई की जा रही हैं। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अमले ने नरवाई में आग लगने पर टोंकखुर्द के ग्राम पाडलिया वंगला गांव में गुरुचरण पिता मांगीलाल एवं मांगीलाल पिता नाथू सिंह पर बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई।

देवास विकासखंड के ग्राम अमरपुरा के रशीद पिता मीर खां, पुरुषोत्तम पिता रामचंद्र चौहान ग्राम खटांबा, मनोज पिता रूगनाथ ग्राम बांगर तथा पप्पू पिता हामिद खान ग्राम बांगर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223 के अंतर्गत थाना बीएनपी में प्रकरण दर्ज हुआ. खातेगांव के ग्राम तिपडिया रोड में भूमि स्वामी लीलाधर पिता हरनारायण यादव पर 5 हजार रुपए, सुलगांवमें दो भूमि स्वामियों पर 2500-2500 रुपए तथा नयापुरा में एक भूमि स्वामी पर 2500 रुपए का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार सोनकच्छ विकासखंड में गणपत पिता पप्पू, प्रीतम पिता उदय सिंह, अर्जुन पिता उदय सिंह ग्राम ओड तथा संतोष पिता गोकुल ग्राम बरोली पर भी अर्थ दंड अधिरोपित किया गया।


कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नरवाई जलाने वाले किसानों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रखें।

## राजौरी के मलुत में स्वर्गीय राइफलमैन एजाज, शौर्य चक्र वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**राजौरी, (हि.स.)।** भारतीय सेना ने शौर्य चक्र पुरस्कार विजेता स्वर्गीय राइफलमैन एजाज की याद में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। जो एक बहादुर योद्धा थे जिन्होंने देश की सेवा में असम में विद्रोहियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। यह टूर्नामेंट राजौरी के मलुत में आयोजित किया गया जिसमें दरहाल ब्लॉक के गांवों की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में वॉलीबॉल टीम, दुदाज विजेता और वॉलीबॉल टीम, दरहाल उपविजेता रही। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना और अनुशासन, टीम वर्क और शारीरिक फिटनेस की भावना को बढ़ावा देना था साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना था। सक्रिय भागीदारी और उत्साही प्रतिस्पर्धा के माध्यम से इस आयोजन ने युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन के एक सकारात्मक और सशक्त विकल्प के रूप में खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय सेना युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और ऐसे सार्थक जुड़ावों के माध्यम से अपने नायकों की विरासत का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आईटीटीएफ विश्व कप 2025 : मनिका, श्रीजा ने ग्रुप स्टेज के शुरुआती मैच जीते



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ओलंपियन मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने सोमवार को चीन के मकाऊ में आईटीटीएफ विश्व कप में अपने ग्रुप चरण के पहले मैच में जीत हासिल की। ग्रुप 16 में शामिल विश्व की 30वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने न्यू कैलेडोनिया की मेलिस गिरेट को 4-0 (11-1, 11-2, 11-6, 11-4) से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ी का सामना अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच में ब्राजील की विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी ब्रूना ताकाहाशी से होगा। ग्रुप 9 में विश्व की 34वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा ने ऑस्ट्रेलिया की कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस को 3-1 (11-9, 11-4, 11-8, 6-11) से हराया। विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नडेट स्ज़ोक्स ग्रुप की तीसरी खिलाड़ी हैं। मनिका और श्रीजा टूर्नामेंट में केवल दो भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। कोई भी भारतीय पुरुष पैडलर इस इवेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। टूर्नामेंट में दो चरण शामिल हैं।

## लखनऊ के विस्फोटक बल्लेबाज की हुई वापसी

# खराब गेंदबाजी के कारण धोनी ने काटा अश्विन का पत्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

**आईपीएल 2025 का 30वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इस मैच में धोनी ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं, लखनऊ के खेमे में विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल मार्श की वापसी हो गई है।**

### अबतक प्रभावित नहीं कर पाए अश्विन

आईपीएल 2025 से पहले हुई मेगा नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को खरीदा था। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। हालांकि, इस सत्र में अश्विन कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। अबतक खेले छह मैचों में उन्हें पांच विकेट जरूर मिले, लेकिन 9.90 की इकोनॉमी से उन्होंने रन खर्च किए हैं।



### मार्श की वापसी

लखनऊ के खिलाफ मैच के लिए कप्तान धोनी ने चेन्नई की प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए हैं। उन्होंने अश्विन की जगह शेख रशीद को मौका दिया है जबकि डेवोन कॉनवे की जगह जेमी ओवरटन को शामिल किया गया है। वहीं, लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने बताया कि मिचेल मार्श इस मैच में खेलेंगे। वह गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेले थे। उन्हें हिम्मत सिंह की जगह एकादश में शामिल किया गया है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11 इस प्रकार है

**लखनऊ सुपर जाएंट्स:** एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी।

**इम्पैक्ट प्लेयर्स:** रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीत्जके, हिम्मत सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** शेख रशीद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, जेमी ओवरटन, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना।

**इम्पैक्ट प्लेयर्स:** शिवम दुबे, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, सैम करन, दीपक हुड्डा।

## आईपीएल 2025 : धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली, (हि.स.)

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को अपने ही घर अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के हाथों 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में दिल्ली की ओर से करुण नायर ने शानदार 89 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं, धीमे ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी और सूर्यकुमार यादव व नमन धीर की तेजतर्रार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में 205/5 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ही गेंद



पर जैक फ्रेजर मैकगर्क बिना खाता खोले आउट हो गए।

दिल्ली की ओर से करुण नायर ने तीन साल बाद आईपीएल में खेलते हुए 40 गेंदों पर 12 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा केवल अभिषेक पोरेल ने 33 रन बना सके। आखिरी ओवरों में दिल्ली ने तीन विकेट रन आउट से गंवाए, जिसने मैच का रुख पलट दिया और दिल्ली 19 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम किया।

## कपिल देव बने एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय क्रिकेट के महानायक और 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) द्वारा आयोजित एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के उत्तर और पूर्व क्षेत्र फाइनल्स के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह फाइनल 29 और 30 अप्रैल को गुरुग्राम के हयात रीजेंसी में आयोजित होगा।

यह सीरीज देश के चारों क्षेत्रों- दक्षिण, पश्चिम, उत्तर और पूर्व की प्रतिभाओं को माइंड स्पोर्ट्स में मंच देने का एक अनूठा प्रयास है। बेंगलुरु और मुंबई में सफल आयोजनों के बाद अब उत्तर और पूर्व भारत की बारी है, जहां खिलाड़ी शतरंज, चेस फॉर ब्लाइंड और



रम्मी में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

कपिल देव ने इस मौके पर कहा, माइंड स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार का परिणाम है। एसओजीएफ के साथ जुड़कर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। रणनीतिक सोच, अनुशासन और समस्या-समाधान जैसे गुण न केवल माइंड स्पोर्ट्स में बल्कि क्रिकेट जैसे खेलों में भी अहम होते हैं।

### हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित की

## सलीमा टेटे कप्तान, नवनीत कौर होंगी उपकप्तान

नई दिल्ली, (हि.स.)

**हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। यह दौरा 26 अप्रैल से 4 मई 2025 तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस पांच मैचों की सीरीज में भारत पहले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगा, जबकि इसके बाद तीन मुकाबले सीनियर ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ होंगे।**

इस दौरे के लिए टीम की कमान अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत



कौर को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह दौरा भारतीय टीम के लिए आगामी जून में यूरोप में होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 की तैयारियों के तहत महत्वपूर्ण साबित होगा।

उल्लेखनीय रूप से पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को सीनियर टीम में शामिल किया गया है और वे सीनियर टीम में पदार्पण करने के लिए उत्सुक होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा के खिलाफ अपनी स्किल्स और रणनीतियों का परीक्षण करेंगे।

26 सदस्यीय भारतीय टीम इस प्रकार है-

**गोलकीपर-** सविता, बिचू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर्स-** ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा।

**मिडफील्डर-** सलीमा टेटे (कप्तान) वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनीता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेमसियामी।

**फॉरवर्ड-** नवनीत कौर (उपकप्तान), दीपिका, रुतजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी-** बंसरी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंगुंग, लालथंतलुंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला, खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर), दीपी मोनिका टोप्पो, सोनम (फॉरवर्ड)।



# एसबीआई और पीएनबी समेत कई बैंकों ने एफडी के ब्याज दरों में की कटौती

नई दिल्ली, (हि.स.)

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) द्वारा रेपो रेट में कटौती का असर अब नजर आने लगा है। इसकी वजह से जहां कुछ बैंकों ने कर्ज की दरों में कटौती करने का ऐलान किया है, वहीं कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज की दरों में भी कटौती कर दी है।**

डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज दरों में कटौती करने वाले बैंकों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और एक्सिस बैंक के नाम लिए जा सकते हैं। इसी तरह लोन पर ब्याज दरों में कटौती करने वाले बैंकों में स्टेट बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के नाम शामिल हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट की

### कई बैंकों ने लोन को भी किया सस्ता




कई स्कीमों पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती कर दी है। इसके तहत 91 से 179 दिन वाली एफडी पर अब 4.50 प्रतिशत की जगह 4.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसी तरह 180 दिन से 01 साल से कम वाली एफडी पर मिलने वाली 6 प्रतिशत ब्याज दर को घटा कर 5.75 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं 01 साल की एफडी पर अब 07 प्रतिशत की जगह 6.80 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा 01 साल से ज्यादा और 02 साल से कम की अवधि वाले एफडी पर 6.75 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा, जबकि पहले ये ब्याज दर 6.80 प्रतिशत के स्तर पर थी।

इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में कमी होने के बाद अपने ग्राहकों को डबल झटका दिया है। बैंक ने अपनी रेगुलर एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दर को तो घटाने का ऐलान किया ही है, बैंक ने अपनी स्पेशल एफडी स्कीम अमृत वृष्टि पर मिलने वाले ब्याज की दर में भी 0.20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। अमृत वृष्टि एसबीआई की 444 दिन चलने वाली स्पेशल एफडी स्कीम है। इसमें अभी तक जमाकर्ताओं को 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था जबकि सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत की दर से और 80 साल से अधिक आयु वाले जमाकर्ताओं को 7.85 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था। अब बैंक ने जो नया ऐलान किया है, उसके मुताबिक 15 अप्रैल से इस एफडी स्कीम के तहत सामान्य जमाकर्ताओं को 7.05 प्रतिशत, सीनियर सिटीजन को 7.55 प्रतिशत और 80 साल से अधिक आयु वाले सुपर सीनियर सिटीजन को 7.65 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

सार्वजनिक क्षेत्र के एक और बैंक पंजाब नेशनल बैंक में भी फिक्स डिपाजिट पर मिलने वाले ब्याज दरों में 0.15 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत तक की कटौती करने का ऐलान किया है।

## इस सप्ताह सिर्फ 3 दिन होगा स्टॉक मार्केट में कारोबार, शुक्रवार को भी रहेगी छुट्टी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आज से शुरू हुआ अप्रैल का तीसरा सप्ताह स्टॉक मार्केट के लिहाज से सिर्फ तीन दिन का सप्ताह रहने वाला है। स्टॉक मार्केट में आज डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ ही सभी बड़े कारोबारी सेगमेंट्स में आज कामकाज नहीं हो रहा है। मंगलवार 15 जनवरी को शेयर बाजार खुलेगा। इसके बाद 16 और 17 अप्रैल को बाजार में सामान्य कारोबार होगा, जबकि शुक्रवार 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे की वजह से स्टॉक मार्केट में एक बार फिर छुट्टी हो जाएगी। डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की छुट्टी होने के कारण आज गिफ्ट निफ्टी को छोड़कर स्टॉक मार्केट से जुड़ी सभी गतिविधियां बंद हैं। इक्विटी सेगमेंट में तो कारोबार नहीं ही हो रहा है, इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बौरोइंग्स (एसएलबी), करंसी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईसीआर) में भी कोई कारोबार नहीं हो रहा है। स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार इस महीने शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी के अलावा इसी सप्ताह शुक्रवार यानी 18 अप्रैल को स्टॉक मार्केट में गुड फ्राइडे की छुट्टी होगी। स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार अप्रैल महीने के बाद इस साल 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर स्टॉक एक्सचेंज बंद रहेगा। इसके अलावा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन, 21 और 22 अक्टूबर को दिवाली के अवसर पर, 5 नवंबर को प्रकाश पर्व के मौके पर और 25 दिसंबर को क्रिसमस के कारण स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहेगी।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली, (हि.स.)

**घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 95,660 रुपये से लेकर 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,690 रुपये से लेकर 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आई कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।**

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।



कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है जबकि 22 कैरेट सोना 87,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## एसबीआई ने लोन की दरों में 0.25 फीसदी कटौती की, कर्ज होंगे सस्ते

नई दिल्ली, (हि.स.)

देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सोमवार को अपने लोन पर ब्याज की दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो जाएगा। संशोधित दरें 15 अप्रैल से लागू होंगी।

स्टेट बैंक की वेबसाइट पर अपडेट की गई दरों की जानकारी के अनुसार इस कटौती के बाद एसबीआई की रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) 0.25 फीसदी की कमी के साथ 8.25 फीसदी हो जाएगा। एसबीआई ने एक्सटर्नल बेंचमार्क बेस्ड लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) को भी 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी) घटाकर 8.65 फीसदी कर दिया है। स्टेट बैंक की संशोधित दरें 15 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी। एसबीआई की लोन की दर पर यह कटौती रिजर्व बैंक की नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद की गई है। स्टेट बैंक की यह कटौती पिछले हफ्ते आरबीआई द्वारा लगातार दूसरी बार प्रमुख नीतिगत दर में 25 आधार अंकों की कटौती के जवाब में की गई है, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रहे विकास को समर्थन दिया जा सके।

### केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा...

# पीएमएमवाई के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के गारंटी मुक्त ऋण स्वीकृत

नई दिल्ली/नागपुर, (हि.स.)

**केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 52 करोड़ लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए गए हैं। इन लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं शामिल हैं।**

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारियों के 77वें बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। पंकज चौधरी ने आर्थिक वृद्धि को लेकर देश के दृष्टिकोण पर कहा, ''पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए हैं। यह ऋण 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के हैं।''

आईआरएस के 77वें बैच के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में मंत्री ने कहा, ''आज लोग इन लोन की मदद से नए-नए कारोबार की शुरुआत कर रहे हैं। देश की आर्थिक वृद्धि में अपना योगदान



दे रहे हैं।'' चौधरी ने कहा कि इन लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं हैं, उन्होंने नए व्यवसाय शुरू किए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नवप्रशिक्षित अधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें देश की आर्थिक संरचना को मजबूत करने और करदाताओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इसके अलावा चौधरी ने भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नागपुर स्थित पावन दीक्षाभूमि पहुंचकर नमन किया। वित्त रज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बाबा साहेब की धरोहरों के संरक्षण और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इनमें पंच तीर्थों का विकास, संवैधानिक मूल्यों की चेतना और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाया है, जो इसी संकल्प का प्रमाण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक पुत्र कांड पर बोले बीडी शर्मा : किसी का बेटा हो सख्त कार्रवाई होगी

**भोपाल ( मनोहर राजपूत )।** इंदौर की विधानसभा 3 से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष शुक्ला के काफिले के साथ रात 1 बजे देवास के टेकरी मंदिर पहुंचकर पट खुलवाने और पुजारी के साथ मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। विधायक पुत्र की इस हरकत ने उसकी और उनके विधायक पिता की मुश्किलें बढ़ा दी है। इसे लेकर कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई है। वहीं इस बीच बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने इस पर बड़ा बयान दिया है। वीडी शर्मा ने घटना को लेकर मीडिया के पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि 'कोई का भी बेटा हो, किसी ने ये अधिकार नहीं दिया कि आप इस प्रकार की किसी भी तरह की घटना दुर्घटना करेंगे। प्रशासन उसकी जांच कर रहा है, कोई भी होगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, इंदौर के भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का बेटा रुद्राक्ष शुक्ला शुक्रवार की आधी रात को अपने साथियों के साथ देवास की माता टेकरी पहुंचा था। घटनाक्रम रात करीब एक बजे का है। जहां विधायक पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला अपने साथियों को लेकर करीब एक दर्जन वाहनों के काफिले के साथ माता टेकरी पहुंचा था। आरोप है कि मंदिर बंद होने के बावजूद इन लोगों ने पुजारी से जबरन पट खोलने की मांग की। पुजारी के इनकार करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

### भोपाल में बी.कॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर किया सुसाइड, पुलिस ने शुरू की जांच



**भोपाल, ( हि.स. )।** भोपाल के ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में रहने वाली बी.काम सेकेंड ईयर की एक छात्रा ने रविवार रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के समय छात्रा के परिजन रिश्तेदार के घर कार्यक्रम में शामिल होने दूसरे गांव गए थे। इसी दौरान उसने खौफनाक कदम उठाया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ईंटखेड़ी थाना एसआई रीना सूर्यवंशी ने बताया कि साधना सिलावट (21) पुत्री पतिराम सिलावट रायपुरा गांव ईंटखेड़ी में रहती थी। वह शासकीय गीतांजली कॉलेज से बी.कॉम सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। रविवार को छात्रा के रिश्तेदार के घर मुंडन कार्यक्रम था। साधना का परिवार इस कार्यक्रम में शामिल होने बैरसिया रोड स्थित दुपाड़िया गांव गया था। साधना घर पर अकेली थी। इस दौरान उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर रात परिजन जब घर लौटे तो देखा कि साधना का बेडरूम अंदर से लॉक था। आवाज देने के बाद भी जब गेट नहीं खुला तो परिजन उसे तोड़कर अंदर घुसे। जहां पंखे के सहारे रस्सी से बने फंदे पर छात्रा का शव लटका हुआ दिखाई दिया। शव को फंदे से उतारने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सोमवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पतिराम के साधना सहित कुल चार बच्चे थे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बाबा साहेब अंबेडकर और गणितज्ञ आर्यभट्ट को जयंती पर किया नमन

**भोपाल, निप्र।** भारतीय संविधान के जनक कहलाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर और भारत के महान ज्योतिषविद् और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट की आज सोमवार को जयंती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर महान विभूतियों को उनकी जयंती पर पुण्य स्मरण कर विनम्र नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर बाबा साहेब अंबेडकर को जयंती पर किया नमन करते हुए लिखा संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आपने समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूत किया। आपके विचार, संघर्ष और नेतृत्व हम सभी भारतीयों के लिए आत्मगौरव का प्रतीक हैं।

# दुग्ध उत्पादन से किसानों की समृद्धि के खुलेंगे नये द्वार

## मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और एनडीडीबी का कॉलैबोरेशन एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मध्य हुए इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में रविवार को हुआ सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) के निष्पादन से दुग्ध उत्पादन में क्रांति आएगी। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में यह एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत 2500 करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची



ब्राण्ड को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख से बढ़कर 3.7 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांची ब्रांड होगा और अधिक सशक्त

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और सशक्त किया जाएगा। इसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवश्यकता अनुसार तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

# बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधा : वीडी शर्मा

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने अंबेडकर की जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। संविधान को नमन कर अजा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती हम सभी के लिए अत्यंत महत्वूपर्ण है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बाबा साहब की जयंती सिर्फ 14 अप्रैल तक सीमित नहीं रहती बल्कि ये अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल है और बूथ-बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाते हैं। डॉ. अंबेडकर एक विजनरी नेता थे और उन्होंने अपने बड़े मन से देश की एकता-अखंडता के लिए काम करते हुए संविधान के माध्यम से



### बाबा साहब ने किया कांग्रेस के एजेंडे का विरोध

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो वंचितों को उनके अधिकार दिलाने के लिए धारा 370 हटाई, लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने 75 बार संविधान में संशोधन किए। कांग्रेस के लोग संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ना चाहते थे। वो संविधान में समाजवाद शब्द जोड़ना चाहते थे। लेकिन बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे नकार दिया था। कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो तथा तुष्टीकरण की भावना को संविधान में लाना चाहती थी। कांग्रेस के इन प्रयासों का विरोध करते हुए बाबा साहब ने कहा था कि मैं कम्युनिज्म में विश्वास नहीं करता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतार रहे हैं।

देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। वीडी शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 वर्षों तक शासन किया। कांग्रेस ने अपने नेताओं को तो सम्मान दिया, लेकिन बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने के स्थान पर उनका अपमान किया और चुनाव हराने का काम किया। पहली बार अटलजी के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार ने यह कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। वीडी शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद जब पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में पहली सरकार बनी, तो पं. नेहरू ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का प्रावधान हमारे संविधान में कर दिया। इसमें ये प्रावधान था कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अलग होगा, वहां का प्रधानमंत्री अलग होगा और वहां का झंडा भी अलग होगा। इसके साथ ही इसमें यह भी प्रावधान भी था कि अगर किसी सफाईकर्मी का बच्चा योग्य भी है, तब भी वह कुछ और नहीं बन सकेगा, उसे अपना परंपरागत व्यवसाय ही करना होगा। इस भेदभाव का डॉ. अंबेडकर ने पुरजोर विरोध किया। देश की आजादी के बाद 75 वर्षों तक किसी ने इस भेदभाव की चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर दलित भाई-बहनों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म किया और उन्हें अधिकार प्रदान किए।

### बच्चे को मौत के घाट उतारने और एक महिला को गम्भीर घायल करने वाली बाघिन का रेस्क्यू

**उमरिया, ( हि.स. )।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के धमोखर बफर जोन अंतर्गत आने वाले पिपरिया बीट में एक आदमखोर बाघिन को रेस्क्यू दल ने रेस्क्यू कर लिया है। बाघिन को अब बहेरहा इनक्लोजर में बने बाड़े में रखा जाएगा। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि इस टाइग्रेस का गांव के आसपास काफी लंबे समय से विचरण था गांव वालों और सरपंचों ने भी रिक्वेस्ट किया था कि यह गांव के आसपास विचरण करती है इसको शिफ्ट किया जाय, लेकिन अभी जो घटना हुई इसमें महुआ बीनने लों पर जंगल में हमला किया है, हालांकि गांव के अंदर इसने ऐसी अभी कोई घटना नहीं की।

### मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से के 11 जिलों में आज बारिश-आंधी की संभावना

#### 16-17 अप्रैल को लू का अलर्ट



**भोपाल, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम के दो रंग देखने का मिल रहे हैं। तेज गर्मी के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी, बादल, बारिश, आकाशीय बिजली और ओले गिरने वाला मौसम रहा। आज भी ऐसा ही मौसम रहने वाला है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से के 11 जिलों में सोमवार को हल्की बारिश-आंधी की संभावना है। इनमें रीवा, सतना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर शामिल हैं। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा और गर्मी बढ़ेगी। 16-17 अप्रैल को कई जिलों में लू का अलर्ट है।

मौसम विभाग ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से रविवार को कई जिलों में बारिश का दौर चला। वहीं, ओले भी गिरे। अगले 24 घंटे में तापमान ज्यादा नहीं बढ़ेगा, लेकिन इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सोमवार को कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि 16 अप्रैल से प्रदेश में लू का असर देखने को मिलेगा। खासकर ग्वालियर, चंबल और इंदौर संभाग के जिलों में लू चलेगी। 17 अप्रैल को भी लू का अलर्ट है।

इससे पहले रविवार को खरगोन के महेश्वर में तेज बारिश और ओले गिरे। सतना में दो घंटे तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, दूसरी ओर कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री, खंडवा-धार में 40.1 डिग्री, खरगोन और नरसिंहपुर में 40 डिग्री रहा। वहीं, शाजापुर में 39.7 डिग्री, रतलाम में 39.5 डिग्री और गुना में तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 38.8 डिग्री, इंदौर में 38.6 डिग्री, ग्वालियर में 36 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम पचमढ़ी में 32.8 डिग्री रहा। नौगांव में 34 डिग्री, रीवा-सीधी में तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# जल की हर बूंद में जीवन का सार, इसे सहेजने से ही दूर होगा भविष्य का जल संकट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल की हर बूंद में जीवन का सार है। इसे सहेजने से ही जल संकट दूर होगा।**

इसी ध्येय से जनभागीदारी के साथ तीन माह का जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के शुरूआती दौर में ही मंत्री, सांसद, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। अभियान में जहाँ एक और पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वही वर्षा के जल को सहेजने के लिये नई जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रत्येक ग्राम पंचायत





### छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों ने श्रमदान कर की प्राचीन कुण्ड की सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिले के गांव मऊ के नाले में के साफ-सफाई की गई। इसमें से गाद निकाल कर पानी को स्वच्छ किया गया। बीसएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों रीना, शशि बारांगे, पप्पू चौधरी बंदेवार, सुनीता काहर, महिमा साहू, पंकज गाडरे और सागर पवार के साथ ग्रामवासी ने श्रमदान कियाय् जन अभियान परिषद की पहल पर विद्यार्थियो ने पातालेश्वर धाम मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन जल कुंड से कूड़ा-करकट, पूजन सामग्री, वृक्ष के पत्ते निकालकर सफाई की।

में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल की बूंद-बूंद को सहेजने के लिए गांव-गांव में कुएं, तालाब, कुण्ड और बावड़ी जैसी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिले के गांव कुमारी में वर्षा जल को सहेजने के लिए गांव के तालाब की सफाई के साथ उसका गहरीकरण भी किया गया। इसी प्रकार गांव खाम्हीडोल में भी तालाब का जीर्णोद्धार किया गया।

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं स्थानीय गांवो के जनसहयोग से सोनकच्छ विकासखंड की ग्राम पंचायत अगेरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरा होने से अधिक वर्षा जल एकत्रितकिया जा सकेगा। इससे स्थानीय भूजल स्तर भी बढ़ेगा और पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

उमरिया में जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नदियों, तालाबों, कुओं की साफ सफाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में गांव सगरा के पाली तालाब में साफ सफाई की गई। जन अभियान परिषद, नगर विकास प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्था ने आपसी सहयोग से जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए दीवार लेखन और जल चौपालों का भी आयोजन किया।

## सड़क निर्माण मे आधुनिक तकनीक,पर्यावरण संरक्षण लोकपथ ऐप और गुणवत्ता नियंत्रण से बदला राज्य का बुनियादी ढांचा

# लोक निर्माण से लोक कल्याण प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश : हर मार्ग अब लोक कल्याण की ओर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह समग्र सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण के मूल मंत्र के साथ बुनियादी ढांचे को सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क क्रियाशील है, जिसमें 9,315 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11,389 किमी राज्य राजमार्ग, 25,639 किमी मुख्य जिला मार्ग तथा 34,432 किमी अन्य जिला मार्ग शामिल हैं। यह नेटवर्क प्रदेश के ग्रामों, नगरों, कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है।

विगत 14 महीनों के दौरान 6,400 करोड़ रुपये की लागत से 5,500 किमी सड़कों का निर्माण एवं मजबूतीकरण, 345 करोड़ रुपये से 1,500 किमी का डामरीकरण तथा 2,000 करोड़ रुपये से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 22,500 करोड़ रुपये लागत की 10,000 किमी सड़कों एवं 10,463 करोड़ रुपये से 474 पुलों और फ्लाईओवरों पर कार्य प्रगति पर है।

राज्य सरकार द्वारा ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेसवे, मालवा-निमाड़ कॉरिडोर, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड और मध्य भारत विकास पथ जैसी छह प्रमुख परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जो प्रदेश के पिछड़े अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगी।

प्रदेश के लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को फोर लेन में परिवर्तित करने की योजना के अंतर्गत अब तक 4,740 किमी मार्गों का फोर लेन में उन्नयन किया जा चुका है, तथा शेष 3,050





किमी पर कार्य जारी है।

इस क्रम में मध्यप्रदेश शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्य्रद्ब) के मध्य हाल ही में 1 लाख करोड़ रुपये की लागत से 4,010 किमी लंबाई की 22 नई सड़क परियोजनाओं हेतु ऐतिहासिक समझौता संपन्न हुआ है। इसमें इंदौर-भोपाल व भोपाल-जबलपुर हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर, उज्जैन-झालावाड़, सतना-चित्रकूट और रीवा-सीधी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। उज्जैन सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत इंदौर-उज्जैन मार्ग का सिक्स लेन चौड़ीकरण एवं उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य प्रगति पर है, जो प्रदेश का पहला पूर्ण ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे होगा। साथ ही उज्जैन, सागर, जबलपुर में रोपवे परियोजनाओं का कार्य भी भारत सरकार के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फुल डेप्थ रिक्लेमेशन, व्हाइट टॉपिंग, माइक्रो सर्फेसिंग जैसी नवीन तकनीकों को अपनाया गया है। निरीक्षण की सॉफ्टवेयर आधारित प्रणाली, गोपनीय कोडिंग और सैंपलिंग प्रक्रिया लागू की गई है। पिछले दो महीनों में 21 जिलों में 104 निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की गई तथा श्रेष्ठ कार्यों को सम्मानित किया गया। तकनीकी उन्नयन की दिशा में विभाग ने लोक पथ मोबाइल ऐप, सार्थक ऐप, इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम और पीएम गति शक्ति पोर्टल को लागू कर निगरानी और शिकायत निवारण प्रक्रिया को सशक्त बनाया है। उल्लेखनीय है कि लोक पथ ऐप का उल्लेख 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे प्रतिष्ठित मंच पर भी किया गया है।

मानव संसाधन के विकास हेतु राज्य के सभी 1,750 इंजीनियरों का कौशल विश्लेषण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। साथ ही दीर्घकालिक रोड नेटवर्क मास्टर प्लान एवं रोड सेक्टर पॉलिसी का निर्माण भी प्रगति पर है। पर्यावरणीय संतुलन के लिए वृक्षों को काटने के स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है। साथ ही जल संरक्षण हेतु 'ग्राउंड वॉटर रिचार्ज बोर' और 'लोक कल्याण सरोवर' जैसी पहलें लागू की गई हैं। इस समग्र विकास यात्रा में लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना ही प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है। मध्यप्रदेश में सड़कें अब केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि का आधार बन चुकी हैं। आधुनिक तकनीकों, पर्यावरणीय संतुलन, पारदर्शिता और जनभागीदारी से सुसज्जित यह अधोसंरचनात्मक विकास प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560